भोपाल
सोमवार, 1 अप्रैल 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-07
वर्ष : 11, अंक : 08
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 36
न्यून. 21


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com


### अमरकंटक पहुंचे संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत

**मां नर्मदा के दर्शन के साथ ही आश्रम में की पूजा अर्चना**



अनूपपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत शनिवार को अमरकंटक पहुंचे। जहां मृत्युंजय आश्रम में रात्रि विश्राम करने के बाद उन्होंने रविवार की सुबह मां नर्मदा मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसके पश्चात वह पुनः मृत्युंजय शेष पेज 6 पर

## विदिशा-रायसेन लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# 50 साल के 'अनुभव' से कह सकता हूं कि अब जिस तरह की गंदी राजनीति चल रही है, ऐसी कभी नहीं हुई

**ये भी बोले शर्मा?**

- इस चुनाव के बाद दल-बदलुओं की कोई हैसियत नहीं रहेगी
- ईवीएम पर नजर रखना बहुत जरूरी है, यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर उठ रहा है
- विदिशा संसदीय क्षेत्र में 3 दशक में बहुत कुछ कबाड़ा हो चुका है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी ने दो बार सांसद रहे प्रतापभानु शर्मा को फिर से प्रत्याशी बनाकर उतारा है। यह सीट आजादी के बाद से ही कांग्रेस के लिए मुश्किल भरी रही है। यहां कुल 15 लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें से कांग्रेस दो बार जीतने में कामयाब रही। यह सीट अटल विहारी वाजपेयी और रामनाथ गोयनका जैसी शख्सियत को संसद भेज चुकी है। इस सीट से शिवराज सिंह चौहान भी जननेता के रूप में अपनी पहचान शेष पेज 6 पर

### उनसे सीधी बात

**सवाल:** आप लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, आपकी क्या है चुनावी रणनीति?

**जवाब:** मैं कांग्रेस पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी हूं। पूरी दमखम से चुनाव लड़ रहा हूं और जीतूंगा भी। भाजपा ने जिस प्रत्याशी को मेरे सामने उतारा है, उन्होंने अपने संसदीय और मुख्यमंत्रित्व काल में ऐसा कुछ भी नहीं किया, जिसका उल्लेख किया जाए। उनकी कथनी और करनी में कितना अंतर है, यह जनता समझ रही है। लोकल मुद्दे इतने हो गए हैं कि उसका कोई सही प्रतिनिधित्व नहीं हो रहा है। बेतवा नदी की शुद्धि के लिए शिवराज ने 20 साल पहले कहा था, जो आज तक नहीं हुआ। उद्योग आएंगे, वे भी नहीं आए। मनमोहन सिंह के कार्यकाल में यहां की सांसद सुषमा स्वराज को रेल कारखाना दिया था, जिसका अस्तित्व नहीं दिख रहा। रोजगार का मुद्दा वहीं का वहीं है। किसानों को फसल के दाम नहीं मिल रहे। महंगाई का मुद्दा तो बना ही हुआ है।

**सवाल:** जब शिवराज के प्यादे चुनाव जीत जाते हैं तो अब वजीर खुद मैदान में हैं, कैसे जीतेंगे आप?

**जवाब:** क्षेत्र की जनता जनार्दन को समझने की जरूरत है। शिवराज ने हमारे क्षेत्र को क्या दिया? रोजगार के लिए कितने उद्योग लगाए। नेता तो आते-जाते रहते हैं, लेकिन जनता तो वहीं की वहीं खड़ी है। जनता के आशीर्वाद से हम जीतेंगे। नेता तो स्वार्थ की सौदेबाजी करते रहते हैं। भाजपा ने तो 'दलबदल सेल' खोल दिया है। लोगों को लालच देकर खरीद रही है। हो सकता है कि शशांक भार्गव हारने के बाद टेंशन में आए हों तो वे चले गए। 50 साल के अनुभव से कह सकता हूं कि अब जिस तरह की गंदी राजनीति चल रही है, शेष पेज 6 पर








## खबर संक्षेप

### कांग्रेस को नया नोटिस 1745 करोड़ मांगे



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला है। इसमें आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपए के टैक्स की मांग की गई है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस से अब तक कुल कुल 3,567 करोड़ रुपए के कर की मांग की जा चुकी है। ताजा नोटिस 2014-15 (663 करोड़), 2015-16 ( 664 करोड़) और 2016-17 (करीब 417 करोड़ रुपए) से संबंधित हैं।

### वंदे भारत ट्रेन आते ही टूटा हाई वोल्टेज तार



**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर के घाट पिंडरई में रविवार को बड़ा हादसा टल गया। यहां वंदे भारत ट्रेन के आते ही सी फाईव ओएचई ब्रेकेज तार टूट गई और अचानक ट्रेन के पहिए उसी समय जाम हो गए। तेज चिंगारी के साथ ही तार जमींन पर आ गिरी, जिससे रेल यातायात संचालन प्रभावित हो गया। हालांकि, हादसे में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। ट्रेन नरसिंहपुर स्टेशन पर लगभग दो घंटे खड़ी रही। अमरकंटक एक्सप्रेस करकबेल में छह घंटे खड़ी रही।

## चुनावी संडे : मेरठ में मोदी ने भरी हुंकार-भ्रष्टाचार हटाओ... तो दिल्ली में इंडी गठबंधन ने रामलीला मैदान पर प्रदर्शन कर कहा- लोकतंत्र बचाओ

**चुनावी अभियान शुरु करते हुए मोदी ने कहा- मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं, तो कुछ लोग अपना आपा खो बैठे हैं**

# भ्रष्टाचारियों पर एक्शन होकर रहेगा, ये है मोदी की 'गारंटी'

पीएम मोदी ने कहा है कि मैंने लाल किले से कहा था कि यही समय है सही समय है भारत का समय आ गया है भारत चल पड़ा है।

> पीएम ने कहा कि जब भारत दुनिया में नंबर तीन पर पहुंचेगा तो देश में गरीबी तो दूर होगी ही और साथ-साथ एक सामर्थ्यवान और एक सशक्त देश बनेगा।



एजेंसी ▶▶ मेरठ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ से भाजपा का आक्रामक चुनावी कैंपेन शुरू कर दिया है। मेरठ की इस रैली में हरियाणा और यूपी के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे।

पहली बार रालोद के जयंत चौधरी ने भी पीएम के साथ मंच साझा किया। मेरठ से भाजपा ने रामायण धारावाहिक में भगवान राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को अपना उम्मीदवार बनाया है। इस सभा में पीएम मोदी ने करप्शन पर हो रही विपक्षी दलों के नेताओं पर कार्रवाई पर शेष पेज 6 पर

- **पहली बार रालोद के जयंत चौधरी ने भी पीएम के साथ मंच साझा किया**
- **मेरठ से भाजपा ने रामायण धारावाहिक में भगवान राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को अपना उम्मीदवार बनाया**




**पीएम ने कहा- इससे हर भारतीय नाराज**

### कच्चातीवू द्वीप कांग्रेस ने श्रीलंका को दिया था गिफ्ट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर 1974 में कच्चातीवू द्वीप को श्रीलंका को सौंपने का आरोप लगाया। पीएम मोदी द्वारा ये आरोप तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई द्वारा सूचना के अधिकार आवेदन के माध्यम से हाल ही में सामने आए खुलासे के बाद लगाया गया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में हैरानी और गुस्सा व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के कामों ने भारत की अखंडता और राष्ट्रीय हितों से गंभीर रूप से समझौता किया है। उन होंने पोस्ट में लिखा-आंखें खोलने वाली और चौंका देने वाली! नए तथ्यों से पता चलता है कि कैसे कांग्रेस ने लापरवाही से से कच्चातीवू को दे दिया। इससे हर भारतीय नाराज है और लोगों के मन में फिर से पुष्टि हुई है कि हम कभी भी कांग्रेस पर भरोसा नहीं कर सकते! भारत की एकता, अखंडता और हितों को कमजोर करना कांग्रेस का तरीका रहा है। ये कांग्रेस का 75 वर्षों से काम करने का तरीका रहा है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा-कांग्रेस ने स्वेच्छा से कच चातीवू छोड़ दिया और उन्हें इसका कोई पछतावा भी नहीं है।

**रामलीला मैदान पर 'लोकतंत्र बचाओ' रैली में राहुल का बड़ा हमला**

### लोकसभा चुनाव को आईपीएल की तरह फिक्स करना चाहती है भाजपा




**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को इंडिया गठबंधन के 28 दलों के बड़े नेता जमा हुए हैं। यहां राहुल गांधी ने अपने भाषण के दौरान मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा और कांग्रेस के बैंक अकाउंट्स बंद किए जाने के मामले को प्रमुखता से उठाया। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव को 'मैच फिक्स' करके लड़ना चाहती है। राहुल गांधी ने ईवीएम, मैच फिक्सिंग, सोशल मीडिया और मीडिया का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा दबाव की राजनीति के बिना 180 सीटें तक नहीं जीत सकती। राहुल गांधी ने कहा कि आज आईपीएल मैच हो रहे हैं। जब अंपायरों पर दबाव डाला जाता है, खिलाड़ियों को खरीदा जाता है और कप्तानों को मैच जीतने की धमकी दी जाती है, तो इसे क्रिकेट शेष पेज 6 पर

**रैली में इंडिया गठबंधन के 28 दलों के बड़े नेता जमा हुए**

**अखिलेश बोले- जब 400 से ज्यादा सीटें जीत रहे हैं तो घबराए क्यों हैं?**

**केजरीवाल की पत्नी सुनीता बोलीं**

### आपके केजरीवाल शेर हैं, जल्द जेल से बाहर आएंगे



केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने कहा कि मोदी जी ने मेरे पति को जेल में डाल दिया, क्या पीएम ने सही किया? क्या आप मानते हैं कि वह एक सच्चे देश भक्त और ईमानदार व्यक्ति हैं? क्या केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए? केजरीवाल शेर हैं, ज़्यादा दिन तक जेल में ये नहीं रख पाएंगे।

**कांग्रेस छोड़कर जाने वालों पर बरसे दिग्विजय**

### जिनको दलाली करना है वो ही जा रहे हैं सरकार के साथ



मां बगलामुखी में विशेष हवन-अनुष्ठान कर 21 किमी की पदयात्रा शुरु की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

पूर्व मुख्यमंत्री और राजगढ़ लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार दिग्विजय सिंह रविवार को पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने मां बगलामुखी के पूजन हवन-अनुष्ठान कर अपनी 21 किमी की पदयात्रा शुरु की। इस मौके पर पत्रकारों से शेष पेज 6 पर

**एसआई समेत चार किए गए सस्पेंड**

### मंत्री पुत्र व रेस्टोरेंट संचालक पर किया गया काउंटर प्रकरण

रेड सिग्नल पर बाइक को टक्कर मारने के कारण हुआ था विवाद



रेस्टोरेंट संचालक का मेडिकल हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित 'अम्मा बाबूजी' रेस्टोरेंट के पास माखन लाल कॉलेज तिराहे पर शनिवार रात पत्रकार की बाइक को टक्कर मारने और उससे मारपीट करते हुए रेस्टोरेंट में घुसकर रेस्टोरेंट संचालक और संचालिका से मारपीट करने वाले स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के बेटे अभिज्ञान पटेल और उसके साथी शेष पेज 6 पर

**महाकाल नगरी में शर्मनाक घटना**

### मुंबई के परिवार से विवाद सिर फोड़ा, किसी के तोड़े पैर

प्रशासन ने दुकान पर चलाया बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

बाबा महाकाल की नगरी में मंदिरों के बाहर पार्किंग, प्रसाद, तिलक लगाने वाले और अन्य लोग श्रद्धालुओं के साथ छोटी-छोटी बातों पर विवाद करने के साथ ही मारपीट तक आमदा हो जाते हैं। रविवार सुबह भी काल भैरव क्षेत्र में ऐसा ही कुछ देखने को मिला। मुंबई से दर्शन के लिए आए सुप्रीम कोर्ट के शेष पेज 6 पर

**राष्ट्रपति ने घर जाकर किया सम्मान, पीएम मोदी भी रहे मौजूद**

### वरिष्ठ नेता आडवाणी 'भारत रत्न' से सम्मानित

भावुक होकर पीएम काफी देर तक आडवाणी का हाथ अपने हाथ में लिए रहे



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को रविवार को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजा गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली में आडवाणी के आवास पर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद थे। इस दौरान पीएम मोदी आडवाणी का हाथ अपने हाथ काफी देर तक लिए रहे और भावुक दिखे। इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिम्हा राव व चौधरी चरण शेष पेज 6 पर

**पश्चिम बंगाल व असम में आंधी बारिश ने मचाई 'तबाही'**

### गुवाहाटी एयरपोर्ट की छत उड़ी, उखड़े पेड़ चार की मौत, 70 से अधिक लोग घायल

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी/कोलकाता

उत्तरी पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के कुछ हिस्सों में भी बारिश और तूफान ने कहर बरपाया। तूफान के कारण यहां चार लोगों की मौत हो गई और 70 से अधिक लोग घायल हो गए। इधर, तूफान से गुवाहाटी हवाईअड्डे की छत उड़ गई। अचानक हुई तेज बारिश-तूफान और ओलावृष्टि से असम में घरों, फसलों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, गुवाहाटी हवाईअड्डे पर भी पानी भर गया है। बाढ़ शेष पेज 6 पर



**छह उड़ानें डायवर्ट**

सीएओ बरुआ ने कहा कि वे खुद हालात की जानकारी ले रहे हैं जिससे यात्रियों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि तूफान और भारी बारिश के कारण दृश्यता कम हो गई और हमें छह उड़ानें डायवर्ट करनी पड़ीं हैं।

**जलपाईगुड़ी में ऐसा कहर**

वहीं, जलपाईगुड़ी जिले के कुछ हिस्सों में भी बारिश और तूफान ने कहर बरपाया। तूफान के कारण यहां चार लोगों की मौत हो गई और 70 से अधिक लोग घायल हो गए। सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में राजारहाट, बरनीश, शेष पेज 6 पर

**सीएम यादव ने कहा -कांग्रेस के बड़े नेताओं ने अपने परिवार में ही कांग्रेस को 'बंद' कर लिया**

भाजपा के अंदर कांग्रेस के लोग बड़ी संख्या में आकर अपने आप में सुकून पाते हैं

# कमलेश शाह को 'गाली' देना उचित नहीं नकुलनाथ आदिवासी समाज से माफी मांगें

**अमरवाड़ा से कांग्रेस विधायक** कमलेश शाह पिछले दिनों कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे

**इस पर नकुलनाथ** ने कहा था कि कांग्रेस छोड़ने वाले लोग 'गद्दार' हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अमरवाड़ा से विधायक कमलेश शाह को गद्दार कहने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी नकुलनाथ पर जमकर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि कमलेश शाह को गाली देना उचित नहीं है, नकुलनाथ को आदिवासी समाज से माफी मांगना चाहिए। भाजपा के अंदर कांग्रेस के लोग बड़ी संख्या में आकर अपने आप में सुकून पाते हैं। दरअसल, छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा से कांग्रेस विधायक कमलेश शाह पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। इस पर नकुलनाथ ने कहा कि कांग्रेस छोड़ने वाले लोग गद्दार हैं। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी समाज के लोगों के साथ चलने की जो भाजपा की परंपरा है, वह सहज लोगों को आकर्षित करती है। कांग्रेस और खासकर इनके बड़े नेताओं ने शेष पेज 6 पर



**छिंदवाड़ा में कमलनाथ की स्थिति बहुत गड़बड़**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गोड़ समाज के नेता कमलेश शाह अभी तक कांग्रेस में थे, तो बहुत अच्छे थे। जिनकी तीन पीढ़ियां विधायक रही हैं। कमलेश शाह राज परिवार के सदस्य हैं, शाह हमारे परिवार में शामिल हो गए हैं। अब उनको गद्दार, बिकाऊ कहना और गाली देना- मैं इसे किसी भी दृष्टि से उचित नहीं मानता। आदिवासी समाज के ऐसे नेता को गाली देना, ये बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। नकुलनाथ को उनसे और उनके पूरे समाज से क्षमा मांगना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छिंदवाड़ा में शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### शीतला सप्तमी आज माता को बासी भोजन का लगेगा भोग

भोपाल। शीतला सप्तमी पर सोमवार को शीतला माता की पूजा की जाएगी। सुबह से ही शीतलदास की बगिया, टीला जमालपुरा शीतला माता मंदिर सहित अन्य शीतला माता मंदिरों पर महिलाएं पहुंचेंगी। यह सिलसिला पौ फटते ही शुरू हो जाता है। मंदिरों में विधि-विधान के साथ पूजन कर बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य व परिवार के लिए मंगल कामनाएं करेंगी। सुबह बासी व ठंडे भोजन का भोग ही मातारानी को लगाया जाएगा। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि शीतला सप्तमी का व्रत 1 अप्रैल को रहेगा। लेकिन तिथि की शुरुआत 31 मार्च को रात 09.30 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 1 अप्रैल को रात 009.09 मिनट पर इसका समापन होगा, तो वहीं शीतला पूजन-सुबह 06.11 - शाम 06.39 (1 अप्रैल) होगा। अष्टमी पर भी माता शीतला का पूजन व बासी भोजन का अर्पण किया जाता है। कुछ महिलाएं मंगलवार को भी पूजा करेंगी। शीतला माता मंदिर शॉपिंग सेंटर टीला जमालपुरा पर शीतला माता भक्त मंडल के तत्वाधान में शीतला माता की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।

### गुरुनानक टेकरी साहब गुरुद्वारा ईदगाह हिल्स में सेमिनार कल

**भोपाल।** बेबे नानकी पर केंद्रित सेमिनार 2 अप्रैल को गुरुनानक टेकरी साहब गुरुद्वारा ईदगाह हिल्स में आयोजित किया जाएगा। गुरुनानक देव जी की बहन बेबे नानकी के जन्मदिन पर पहली बार राजधानी में दो दिवसीय गुरमत समागम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान बेबे नानकी पर केंद्रित सेमिनार नानकसर गुरुद्वारा में रविवार को आयोजित हुआ, जिसमें सिख समाज की महिला वक्ताओं ने समाज के युवक-युवतियों को सिख धर्म की वीरांगनाओं और ऐसी अन्य महिलाओं की जानकारी देने के साथ ही उनके प्रेरणादायी प्रसंग सुनाए। उन्होंने बताया कि इन महिलाओं का सिख धर्म एवं संस्कृति की रक्षा में अहम योगदान रहा है। आयोजन समिति की सदस्य एवं सिख समाज के स्कूल की प्राचार्य सुरजीत कौर ने बताया कि समाज की महिलाओं और बालिकाओं को सिख धर्म के सिद्धांतों, सिख विरासत से अवगत कराना है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी हमीदिया रोड के अध्यक्ष परमवीर सिंह ने बताया कि गुरुनानक देव के लिए विवाह का रिश्ता भी नानकी जी ने तय कराया था। उनके बच्चें का पालन-पोषण भी उन्होंने ही किया, ताकि भाई नानकदेव धर्म के मार्ग पर बढ़ते रहें।

# इस महीने के शुरू में होगी बारिश-गर्मी, मध्य में 44 डिग्री तक पारा

**इस साल अप्रैल का महीना पिछले साल के मुकाबले अपेक्षाकृत अधिक गर्म रह सकता है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आज से मध्यम गर्मी के अप्रैल की शुरुआत हो रही है। इस साल माह के पहले सप्ताह में मौसम मिजा-जुला रहेगा। लेकिन, मध्यम में तेज गर्मी सताएगी। महीने के अंत में फिर मौसम बदलेगा और बादल, बौछारों के बीच लू और तेज तपन से लोग परेशान होंगे। इस महीने एक या दो दिन बारिश के साथ ओले के भी हालात बन सकते हैं, जो गर्मी की तपन और बढ़ाएंगे। इस साल अप्रैल का महीना पिछले साल के मुकाबले अपेक्षाकृत अधिक गर्म रह सकता है।



करोंद में शाम को हल्के बादल छाए रहे।

### आठ अप्रैल तक बादल और बौछारों का दौर चलेगा

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार एक से 8 अप्रैल तक प्रदेश में बादल, बौछारों के बीच मध्यम से तेज गर्मी रहेगी। 9 से 15 अप्रैल भीषण गर्मी रहने का अनुमान है। इस बीच अधिकतम तापमान 43 से 44 डिग्री तक जाएगा। 16 से 24 अप्रैल तक धूप खिलेगी, लेकिन तापमान में बहुत ज्यादा बढ़त नहीं होगी। दिन का पारा 39 से 41 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। अंत में 25 से 30 अप्रैल के बीच मौसम बदलेगा। प्रदेश में आंधी, बारिश और कहीं कहीं ओले भी गिर सकते हैं। इससे गर्मी में ज्यादा कमी नहीं आएगी। तापमान 40 से 42 डिग्री के बीच ही रहेगा।

## शहर में हुए कई आयोजन, सभी ने दी एक-दूसरे को बधाई

# ईस्टर पर गिरजाघरों में प्रार्थना पुनरुत्थान के गूंजे विशेष गीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ईस्टर संडे यानी पास्का रविवार सभी गिरजाघरों में धूमधाम से मनाया गया। गुड फ्राइडे के तीसरे दिन प्रभु यीशु पुनर्जीवित हो गए थे। इसी खुशी में ईसाई समाज के लोग ईस्टर मनाते हैं। इस मौके पर गिरजाघरों में मिस्सा बलिदान चढ़ाने के साथ विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया।


इस दौरान प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इसके साथ ही पुर्नरूत्थान के गीत गाए गए। शहर के सैंट जोंस चर्च में ईस्टर रविवार के मौके पर विशेष आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी ने एक-दूसरे को ईस्टर की बधाई दी। चर्च के रेव्ह अनिल मार्टिन ने ईस्टर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आपसी प्रेम, भाईचारा और विश्वशांति के लिए कार्य करने की बात कहीं। इस मौके पर गीत और नाट्य प्रस्तुतियां भी हुई। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



### ईस्टर महोत्सव 7 को मनाएंगे

फादर अल्फ्रेड डिसूजा ने ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईस्टर का पर्व अपने साथ आशा, नवीनीकरण और खुशी का संदेश लेकर आता है। आज हम अंधकार पर प्रकाश की, मृत्यु पर जीवन की विजय की घोषणा का उत्सव मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस पर्व के उपलक्ष्य में मिलन समारोह के रूप में ईस्टर महोत्सव अगले रविवार 7 अप्रैल को शाम 6.30 बजे संत जोसफ को-एड स्कूल अरेरा कॉलोनी में आयोजित हो रहा है। इसमें शहर के विभिन्न चर्चों के सांस्कृतिक-धार्मिक कार्यक्रमों के साथ लोगों के मनोरंजन के लिए अन्य चीजें भी होंगी।

### एक अंत के बाद हमेशा नई शुरुआत होती हैः आर्च बिशप



अयोध्या बायपास स्थित इन्फेंट जीसस चर्च में यूख्रीस्तीय समारोह में मुख्य अनुष्ठानकर्ता आर्चबिशप डॉ. एएएस दुरईराज थे। अपने धर्म उपदेश में उन्होंने कहा कि जीवन की तमाम चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बीच ईस्टर हमें याद दिलाता है कि एक अंत के बाद हमेशा नई शुरूआत होती है। इस पर्व की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इस ईस्टर की भावना हमारे घरों को उत्साह से और हमारे दिलों को कृतज्ञता से भर दे।

# भ्रष्टाचार का विरोध, अब एबीवीपी ने काले कपड़े पहनकर घेरा कमिश्नर ऑफिस

**एसआईटी चीफ मौके पर पहुंचे, कहा- तीन दिन में आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सामने आए आर्थिक भ्रष्टाचार के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् भोपाल महानगर ने रविवार को प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ताओं ने काले कपड़े पहनकर कमिश्नर ऑफिस का घेराव किया और तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। एबीवीपी कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनके द्वारा किए गए आंदोलन के बाद गठित जांच समिति द्वारा की गई जांच की प्रारंभिक रिपोर्ट में विवि में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार एवं आर्थिक अनियमितता उजागर हुई है। उक्त मामले में दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध विवि प्रशासन ने गांधी नगर पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट 3 मार्च 2024 को दर्ज कराई गई, लेकिन पुलिस ने एक भी प्रमुख आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की। वहीं, रविवार देर रात एसआईटी चीफ मलकीत सिंह ने कमिश्नर ऑफिस के बाहर पहुंचकर 3 दिन में आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों का वारंट और लुक आउट नोटिस जारी कर दिया गया है। सभी आरोपियों पर इनाम भी घोषित किया गया है। आश्वासन के बाद एबीवीपी ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया।



### केस दर्ज होने बाद एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई

आरजीपीवी में बीते दिनों आर्थिक भ्रष्टाचार का मामला सामने आने पर विरोध स्वरुप अभाविप भोपाल महानगर ने प्रदर्शन किया था, जिसके बाद आरोपियों की जांच शुरु हुई रिपोर्ट सामने आई। कुलपति डॉ. सुनील कुमार सहित 5 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। शेष आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं का कहना है कि कुछ आरोपी प्रदेश से बाहर चले गए, तो कुछ देश छोड़ विदेश भाग निकले। अभाविप का कहना है कि पुलिस सख्त कार्रवाई करे और दोषियों को सजा मिले। यदि पुलिस प्रशासन सुस्त रवैये से काम करेगा तो अभाविप उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

**गुलाल लगाकर दीं एक-दूसरे को शुभकामनाएं**

# हवन-पूजन कर कायस्थ समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कायस्थ समाज भवानीधाम ने रविवार को शाम 4 से 6 बजे तक यम द्वितीया के उपलक्ष्य में हवन-पूजन एवं महाआरती के साथ सामूहिक होली मिलन समारोह श्री चित्रगुप्त मंदिर भवानी धाम फेस वन में मनाया।

समाज के देवेंद्र सक्सेना ने बताया कि इस अवसर पर सभी समाजजनों परिवार के साथ उपस्थित हुए जहां उन्होंने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं, वहीं गीत-संगीत का आनंद भी लिया। इसके बाद देर शाम तक भोजन प्रसादी का आनंद लिया।





# मराठा कलार समाज का होली मिलन समारोह, चुनाव भी हुए





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्री क्षत्रिय मराठा कलार समाज एवं श्री गणेश सहस्त्रबाहु सांस्कृतिक जनकल्याण समिति का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें गुलाल व फूलों से होली खेली गई। भगवान गणेश, भगवान शिव, भगवान सहस्त्रबाहु के विग्रह का पूजन-अर्चन कर आरती कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीन वर्षीय कार्यकाल समाप्त होने के कारण समिति को अगले तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष पद का चुनाव किया गया। जिसमे राजन सेवईवार को निर्वाचित किया गया। सभी समाज जन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष घोषित होने की बधाई देकर पुष्पमाला से स्वागत किया गया। जिसके बाद होली मिलन समारोह में सभी स्वजातीय गणमान्य लोग ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। महिला मंडल ने भी होली के गीत गाए हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

## जिंदगी लाइव



# 80 विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की श्री रामचरितम नृत्य नाटिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**रंग श्री लिटिल बैले में संस्कार भारती की नृत्य विधा का आयोजन**

कला एवं संस्कृति को समर्पित संस्था संस्कार भारती की नृत्य विधा का आयोजन रविवार को रंग श्री लिटिल बेले ट्रूप में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ अभिनेता एवं रंगकर्मी राजीव वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में नीरजा सक्सेना ने भरतनाट्यम नृत्य एवं नृत्य विधा प्रमुख, प्रियंका जोशी ने कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस नृत्य नाटिका में प्रियंका जोशी एवं नीरजा सक्सेना के नृत्य मंजरी कला पीठ के 80 विद्यार्थियों द्वारा श्री राम चरितम का चित्रण किया गया।




**नृत्य के माध्यम से राम के जीवन के दृश्यों को किया सजीव**

समरसता पर आधारित इस नृत्य नाटिका में बताया गया की श्री राम एक राजा के पुत्र थे, जिन्होंने अपने पिता के दिए हुए वचनों की लाज रखते हुए एवं अपनी माता की आज्ञा का पालन करते हुए वन गमन किया।

**यदि धर्म की कोई परिभाषा है तो वह है भगवान श्री राम**

खूबसूरत नृत्य के माध्यम से नृत्यांगनाओं ने दर्शाया कि रामो विग्रह वान धर्मः.... यदि धर्म की कोई परिभाषा है तो वह हैं भगवान श्री राम, अर्थात भगवान श्री राम ही धर्म का मूर्त रूप हैं इन्ही विचारों के साथ इस नृत्य नाटिका के माध्यम से श्री राम के आदर्श वान चरित्र की कुछ झलकियां प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया।

# लीन टू क्लीन में दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार को भोपल बीट्स द्वारा ईको सिटी से सलैया तक लीन टू क्लीन अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। भोपाल बीट्स की टीम के साथ कोलार मंडल अध्यक्ष प्रदीप पाटीदार, पूर्व पार्षद रामबाबू पाटीदार, हरिशंकर,नरेंद्र सलूजा, सोनम, सीमा ने सड़कों से कचरा एकत्रित कर झाड़ू लगाई। स्वच्छता के साथ अपने आप को फीट रखने के लिए टीम के सदस्यों ने योग और जुम्बा का आयोजन भी किया।



### आसपास सफाई रखने की शपथ ली

इस अवसर पर प्रदीप पाटीदार ने कहा कि सभी को अपने आसपास सफाई अभियान चलाना चाहिए, ताकि हम अपने आप को स्वच्छ और स्वस्थ रख सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने अपने आस-पास की गलियों और मोहल्लों में सफाई करने की शपथ ली।

**धूमधाम से मनाया 75वां राजस्थान स्थापना दिवस**

# फैशन शो, लोक गीत और नृत्य में दिखी राजस्थानी झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



रविन्द्र भवन में मरु मंडल ने शेरा वेल्फेयर सोसाइटी के तत्ववाधान में प्रवासी राजस्थान समाज के बीच 75वां राजस्थान स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि जेएन कंसोटिया अपर मुख्य सचिव वन विभाग शामिल हुए। इसके साथ ही समारोह में राजस्थानी वेशभूषा में कालबेलियां, घूमर, कांगसियों, केसरिया बालम, चिरमी, म्हारो तो रखवाळो म्हारो तेजाजी महाराज आदि लोक गीतों पर एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य किया। इसके अलावा राजस्थानी वेशभूषा में फैशन शो आयोजित हुआ जो राजस्थानी पहनावे को बढावा देने के लिए अपने आप में एक नवाचार था।

**मंटो की कहानी साहिब-ए-करामात पर आधारित प्रस्तुति**

# मौलवी की वजह से पत्नी से मिल पाता है मौजू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

द आर्ट रिवोल्यूशन द्वारा बयार वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से नाटक प्रपंच का मंचन , संभव हॉल, बिलखिरिया में किया गया। सआदत हसन मंटो की कहानी साहिब-ए-करामात पर आधारित इस नाटक का निर्देशन आशीर्वाद झा ने किया, एवं कहानी से नाट्य रूपांतरण उद्देश्य द्वारा किया गया।



### नाटक का सार

मौजू एक सामान्य व्यक्ति है जो खेती करके अपना घर चलता है, उसके घर में उसकी एक बेटी है जीनां, जो अपने पिता मौजू का खूब ख्याल रखती है और और घर का काम करके दिन भर सहिलियों के साथ बतियाती है। दो साल पहले एक सामान्य झगड़े में मौजू ने अपनी पत्नी फातां को तलाक दे दिया था, इसलिए घर मे बस ये बाप बेटी ही थे, खेत में एक दिन मौजू, जीनां का इंतजार कर रहा था तभी उसे किसी की आहट हुई, उसने देखा एक मौलवी है, और अंततः इस मौलवी की वजह से मौजू अपनी पत्नी से मिल पाता है।

### अविराम जनकल्याण संस्था के बैनर तले नाटक 'नपुंसक' की प्रस्तुति

**भोपाल ।** प्राचीन राम मंदिर के रंगकुटी में रविवार को अविराम जनकल्याण संस्था के बैनर तले नाटक नपुंसक की प्रस्तुति हुई। नाटक एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जिसे उसके अस्तित्व की वजह से उसके परिवार से दूर कर दिया जाता है। किन्नर समाज में अपना जीवन व्यतीत करता हुआ व्यक्ति तब तक अपने अस्तित्व से अंजान रहता है, जब तक वह आम्रपाली के प्रेम में नहीं पड़ता। प्रेम प्रसंग के दौरान वह अपनी वास्तविकता को जान पाता है और अपने असली स्वरूप को स्वीकार करके अपना जीवन शुरू करता है। नाटक में रोज़मर्रा की चीज़ें जैसे कुर्सी और मटके को कैरेक्टर की तरह इस्तेमाल किया गया है। मंच पर हिमांशु प्रजापति अभिनय करते हुए नज़र आते हैं।



### बीयूः नए कॉलेज, कोर्स सहित पूर्व से संचालित कॉलेजों के लिए रिन्यूवल की अंतिम तिथि 3 अप्रैल

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने संबद्ध कॉलेजों के लिए सत्र 2024-25 की स्थाई अस्थाई संबंद्धता नवीनीकरण पूर्व से संचालित पाठ्यक्रमों की निरंतरता सहित सीट संख्या में वृद्धि, नए कॉलेज, नए विषय शुरू करने और पूर्व से संचालित विषयों की संबंद्धता प्राप्त करने के लिए तारीख बढ़ा दी थी, जिसकी अंतिम तिथि तीन अप्रैल है।

उच्च शिक्षा विभाग के सूत्रों ने बताया कि भोपाल केन्द्रीय निकाय की अनुमति के साथ विवि में संपूर्ण जानकारी (आवश्यक प्रपत्रों) के साथ एमपी आनलाईन के माध्यम से आवेदन एवं शुल्क 18 प्रतिशत जीएसटी सहित जमा करने की अंतिम तिथि करीब एक सप्ताह बढ़ाई गई थी। नई अंतिम तिथि के अनुसार सभी पाठ्यक्रम, संकाय, सामान्य अथवा व्यवसायिक कोर्सेस के लिए एक अप्रैल तक आवेदन किए जा सकेंगे। बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय ने इससे पहले 22 मार्च तक संवद्धता तिथि की अधिसूचना जारी की थी, जिसे अब 3 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है।

4 कंजर टपरों पर पुलिस का छापा: देशी-विदेशी...



5 कांग्रेस की हालत खराब, उसका पूरा जहाज...





*एमपी रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने टोल टैक्स की नई दरें की जारी, नई दरों के अनुसार, कार और जीप चालकों को चुकाने होंगे 33 की जगह 35 रुपए तो मल्टी एक्सल व्हीकल के 392 की जगह 420 रुपए लगेंगे*

*प्रदेश के 6 स्टेट और 4 नेशनल हाईवे पर टोल में हुई है बढ़ोतरी*

# आज से फोरलेन पर सफर होगा महंगा, 7 फीसदी हुई बढ़ोतरी, बस के लिए 164 की जगह अब 175 तो कार से भोपाल जाने पर लगेंगे 2 रुपए ज्यादा

जुगल किशोर पटेल ⏭भोपाल/ सीहोर

सोमवार एक अप्रैल से निजी वाहनों के लिए हाईवे पर सफर महंगा हो जाएगा। मप्र के 6 स्टेट और 4 नेशनल हाईवे पर 7 फीसदी से अधिक तक की बढ़ोतरी हुई है। भोपाल जाने के लिए अब कार और जीप चालकों को 33 की जगह 35 रुपए चुकाने होंगे तो वहीं बस के 164 की जगह 175 रुपए लगेंगे। एमपी रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआरडीसी) ने टोल टैक्स की नई दरें जारी कर दी हैं।

हर साल की तरह इस बार भी टोल एक अप्रैल से बढ़ जाएगा। यह बढ़ोतरी 7 फीसदी से अधिक भी है। अब सीहोर से भोपाल कार या जीप से जाने पर 35 की जगह 37 रुपए लगेंगे। बस के 164 की जगह 175 रुपए लगेंगे। इसी तरह मल्टी एक्सल व्हीकल के 392 की जगह 420 रुपए लगेंगे।

## भोपाल से देवास जाने के लिए टोल टैक्स के रूप में चुकाने होंगे 10 रुपए से अधिक

**खास बातें**

- सीहोर से भोपाल के बीच हर रोज निजी कारों समेत 2 हजार से अधिक वाहन करते हैं आवागमन




### हर साल टैक्स की राशि बढ़ने से लोग परेशान

भोपाल अपनी कार से जा रहे केएल शर्मा ने बताया कि हर साल सफर महंगा होता जा रहा है। एक अप्रैल से फिर टोल टैक्स बढ़ा दिया जाएगा। देवास से भोपाल जा रहे किशन सोनी ने बताया कि हर साल टैक्स बढ़ा दिया जाता है। भोपाल यदि आना हो तो टोल टैक्स में ही काफी रुपए चले जाते हैं।

### एक-दो रुपए का अतिरिक्त भार बढ़ा


भोपाल इंदौर फोरलेन के फंदा टोल से हर रोज औसतन 10 से 12 हजार वाहन गुजरते हैं। इनमें कार, जीप, बसें, लोडिंग वाहनों के अलावा अन्य भारी वाहन हैं। इसी तरह सीहोर से भोपाल के बीच हर रोज करीब 2 हजार से अधिक वाहन आते जाते हैं। फंदा टोल टैक्स नाके से गुजरते हैं। आने-जाने में अब इन वाहनों पर एक 2 रुपए का अतिरिक्त भार बढ़ गया है।

### फंदा में कम तो अमलाहा भौंरासा में लगेंगे ज्यादा

भोपाल से देवास जाते समय फंदा टोल पर सिर्फ 2 रुपए बढ़ोतरी हुई है। जबकि अमलाहा टोल पर कार या जीप के 3 रुपए तक लगेंगे। इसी तरह भौंरासा पर यह बढ़कर 5 रुपए से अधिक हो जाएंगे। यानि भोपाल से देवास जाने के लिए 10 रुपए से अधिक लगेंगे। सभी टोल पर अलग-अलग रेट इसलिए लगेंगे क्योंकि इसका निर्धारण दूरी से होता है। इसलिए सभी जगह दूरी के हिसाब से रेट रहेंगे।

---

**रमजान मुबारक**



इफ्तार-6:41 सोमवार (शाम)

सहरी-4:33 मंगलवार (सुबह)

### आज से खुलेंगे स्कूल बच्चों से कराई जाएंगी विभिन्न गतिविधियां

**भोपाल**। प्रदेश के सरकारी स्कूलों का शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। आज से एक माह तक पहली से आठवीं कक्षा के बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाई कराई जाएंगी। जिसमें मिट्टी के खिलौने तैयार करना, खेल गीत और स्थानीय खेलों के माध्यम से पढ़ाई कराई जाएगी। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र सत्र 2024-25 के लिए अप्रैल माह का अकादमिक कैलेंडर जारी कर चुका है। इसमें 15 अप्रैल तक दूसरी, तीसरी, चौथी व पांचवीं कक्षा के बच्चों को अभ्यास पुस्तिका का वितरण किया जाएगा, ताकि ग्रीष्मावकाश में इस पुस्तिका पर कार्य कर सकें। अप्रैल के पहले 20 दिन लर्न ऑफ फन के तहत विद्यार्थियों को बुनियादी शिक्षा दी जाएगी। इसके बाद 20 जून के बाद से नई कक्षा की पढ़ाई शुरू होगी। प्रदेश के सभी स्कूलों का सत्र सोमवार से शुरु होने जा रहा है।सभी स्कूलों में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सभी सरकारी स्कूल सुबह 10.30 बजे से संचालित होंगे। विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर किया जाएगा।इस अवसर पर महात्मा गांधी सीएम राइज स्कूल में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) की आयुक्त शिल्पा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

## कलेक्टर गाइडलाइन में 5 से 95% तक बढ़ाई गई हैं आवासीय जमीनों की कीमतें

# नई गाइडलाइन आज से, 1443 जगहों पर महंगा हो जाएगा जमीन खरीदना

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एक अप्रैल से नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू हो जाएगी। नई गाइडलाइन लागू होते ही 1443 लोकेशन पर प्रॉपर्टी खरीदना महंगा सौदा साबित होगा। कारण है कि इन लोकेशन पर पंजीयन विभाग ने 5 से 95 फीसदी तक प्रॉपर्टी की दरें बढ़ा दी हैं। खासतौर से कटारा, बावडिय़ा, विद्या नगर, अयोध्या नगर, मिसरोद, खजूरीकलां, गुरूनानक पुरा, कोलुआ कलां और कोरल वुड रोड पर आवासीय जमीनों की दरों में सबसे अधिक बढ़ोत्तरी की गई है।

विद्या नगर और कोरल वुड रोड पर आवासीय जमीनें 95 फीसदी तक दरें बढ़ाई गई हैं। इसके अलावा गुलमोहर से आकृति इको सिटी तक मुख्य मार्ग पर 60 प्रतिशत, कान्हा गृह निर्माण सहकारी समिति विशिष्ट ग्राम मिसरोद में 55 प्रतिशत, अंहिसा विहार के सभी फेस एवं सेक्टर में 50 और खजूरी कलां सड़क से अंदर 55 प्रतिशत दरें बढ़ाई गई हैं। इधर, नगरीय सीमा में आने वाली कृषि भूमियों को भी महंगा किया गया है। यहां पर 40 फीसदी तक दरें बढ़ाई गई हैं। वहीं बैरसिया भी इससे अछूता नहीं रहा। यहां पर 10 से लेकर 20 फीसदी तक आवासीय जमीनों की दरें बढ़ाई गई हैं।

### विद्या नगर और कोरल वुड में सबसे अधिक असर, यहां बढ़ाई 95 फीसदी दरें

अयोध्या नगर, मिसरोद, बावड़िया कलां, खजूरीकलां की कॉलोनियों में भी महंगी कर दी आवासीय जमीनें

### रजिस्ट्री कराने जद्दोजहद, 800 के पार पहुंचा आंकड़ा

**शाम तक बुक होते रहे स्लॉट, लिफ्ट बंद, परेशान हुए बुजुर्ग**



वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम दिन 31 मार्च को रजिस्ट्री कराने देर रात तक लोगों की भीड़ रही। खास बात यह रही कि रविवार को सर्वर ने भी परेशान नहीं किया। यही कारण है कि रजिस्ट्री का आंकड़ा 800 के पार निकल गया। भीड़ होने के कारण करीब रात 12 बजे तक रजिस्ट्री की गई। इधर, आईएसबीटी में लिफ्ट बंद होने से बुजुर्ग खासे परेशान हुए। रविवार को छुट्टी का दिन होने से स्टाम्प वेंडरों ने करीब एक हजार स्लॉट बुक कराए थे।

**नई दरों पर 3 से रजिस्ट्री**

नई कलेक्टर गाइडलाइन के आधार पर बढ़ी हुई दरों पर रजिस्ट्री 3 अप्रैल से होगी। असल में अगले दो दिन तक संपदा पोर्टल पर नई कलेक्टर गाइडलाइन अपलोड की जाएगी।

### दावा, 7.19% की दर से औसत वृद्धि

पंजीयन अफसरों ने दावा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की कलेक्टर गाइडलाइन में जिले की 3,900 लोकेशंस में से 1,443 में 7.19 फीसदी की वृद्धि होगी। इनमें शहरी क्षेत्र की 1,228 लोकेशंस पर 8.19 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र की 215 लोकेशंस पर 5.48 प्रतिशत वृद्धि शामिल है। वहीं 2,547 लोकेशन पर दरें यथावत रखी रहेगी। कलेक्टर गाइडलाइन में 22 नई कॉलोनियां जोड़ी गई हैं।

### इन क्षेत्रों में सबसे अधिक बढ़ोतरी

| कॉलोनी | 2023-24 | 2024-25 | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| डीके 24 कैरेट | 33,000 | 45,000 | 35 |
| ड्रीम ग्लोरी विशिष्ट ग्राम बावडियां कलां | 18,500 | 25,000 | 40 |
| विद्या नगर | 36,000 | 70,000 | 95 |
| खजूरी कलां सड़क से अंदर | 11,500 | 17,300 | 55 |
| खजूरी खुर्द सड़क से अंदर | 9,600 | 13,000 | 34 |
| कोरल वुड रोड पर | 36,000 | 70,000 | 95 |
| गुलमोहर से आकृति इको सिटी तक मुख्य मार्ग पर | 44,000 | 70000 | 60 |
| कान्हा गृह निर्माण सहकारी समिति, विशिष्ट ग्राम मिसरोद | 16,000 | 25000 | 55 |
| अंहिसा विहार के सभी फेस एवं सेक्टर | 17,600 | 26,400 | 50 |
| कम्फर्ट एन्क्लेव (होशंगबाद रोड से हटकर) | 21,600 | 30,000 | 35 |
| लक्ष्मी परिसर (होशंगबाद रोड से हटकर) | 21,600 | 30,000 | 35 |
| ग्राम बैरागढ़ चीचली | 8,000 | 11,000 | 37 |
| क्रिस्टल स्मार्ट सिटी | 22,000 | 30,000 | 38 |
| डीके निर्माण, यशवंत एवं अन्या के माध्यम से डीके कॉटेज चरण 2, विशिष्ट ग्राम बाबड़ियाकलां | 29,600 | 40,000 | 40 |

नोट- कीमतें प्रति वर्ग मीटर में हैं

### यहां ज्यादा रेट

कोलार रोड, सलैया, मिसरोद, अरेरा हिल्स, बावड़िया कलां में प्रॉपर्टी सबसे ज्यादा महंगी होगी। आकृति इको सिटी, रचना नगर, गौतम नगर, अवध पुरी, भानपुर चौराहा, लांबा खेड़ा, बैरागढ़, गोंदरमऊ, बीमा कुंज, मिनाल समेत अन्य कॉलोनियों में सबसे ज्यादा रेट बढ़े हैं। कई जगहों पर 70 हजार प्रति वर्ग मीटर तक पहुंच गई है। ऐसे में रजिस्ट्री कराने पर स्टाम्प ड्यूटी के रूप में ज्यादा कीमत चुकानी पड़ेगी।

**डर के कारण अपने-अपने घर पहुंचे दोस्त**

# रंग खेलने के बाद दोस्तों संग नहाने गया 8वीं का छात्र डूबा



*» पुलिस ने की पूछताछ तो पता चला एक दिन पहले ही गड्ढे में डूब गया था किशोर*

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित महाबली नगर में कलियासोत पुल के पास सूखी नहर के गड्ढे में डूबने से आठवीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई।

घटना शनिवार रंगपंचमी की दोपहर की है। घटना के समय वह अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था और उसी समय डूब गया था। दोस्त डरकर अपने अपने घर चले गए। किसी ने जानकारी नहीं दी। परिजन ने छात्र की गुमशुदगी दर्ज कराई और पुलिस ने दोस्तों से पूछताछ की। पूछताछ में छात्रों ने पुलिस को बताया कि वह गड्ढे में डूबा है। रविवार को कोलार पुलिस ने छात्र का शव गड्ढे से निकालकर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### इकलौता बेटा था, एक छोटी बहन भी है

पुलिस के अनुसार सांईनाथ कॉलोनी कोलार निवासी सुनील पाटिल बंसल अस्पताल में मैनेजर हैं। उनकी एक चार महीने की बेटी है, जबकि इकलौता बेटा अक्षिंत पाटिल 14 साल का था। अक्षिंत आठवीं में पढ़ता था और शनिवार सुबह रंगपंचमी में उसने कॉलोनी के बच्चों के साथ होली खेली। होली खेलने के बाद दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह साथ में पढ़ने वाले तीन दोस्तों के साथ होली खेलने निकल गया। दोपहर करीब ढाई बजे अक्षिंत समेत चारों दोस्त महाबली नगर स्थित कलियासोत पुल के नीचे सूखी नहर के गड्ढे में नहाने पहुंचा था। नहाते समय गहरे पानी में जाने से अक्षिंत डूब गया। उसे पानी में डूबता देख तीनों दोस्त बुरी तरह से डर गए और घर लौटने के बाद उन लोगों ने किसी को कोई जानकारी नहीं दी। पुलिस ने बताया कि चारों दोस्त एक ही स्कूल में 8वीं कक्षा के छात्र थे।

### परिजन ने कराई गुमशुदगी दर्ज, तब हुआ खुलासा

परिजन कोलार थाने पहुंचे और गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने अक्षिंत के साथ गए तीनों दोस्तों से पूछताछ की तो अक्षिंत के दोस्त यश शर्मा ने बताया कि अक्षिंत नहाते समय पानी में डूब गया है। शनिवार को रात अधिक होने के कारण एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू के लिए नहीं आ सकी। रविवार सुबह करीब 6 बजे छात्र गड्ढे में अक्षिंत की तलाश की गई और उसकी लाश मिल गई।

---

**रात 9 बजे तक खुले रहे निगम के वार्ड कार्यालय**

# टैक्स वसूली में लक्ष्य से पिछड़ा निगम आखिरी दिन वसूले 24.78 करोड़ रु.



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

नगर निगम ने चालू वित्त वर्ष के आखिरी दिन 24.78 करोड़ से अधिक की राजस्व वसूली की। इस तरह निगम ने इस साल करीब 350 करोड़ से ज्यादा की वसूली की, जो तय आंकड़े से करीब 65 करोड़ कम है। दरअसल नगर निगम ने चालू वित्तीय वर्ष 2023.24 के लिए 425 करोड़ की वसूली का लक्ष्य रखा था, लेकिन पूरे साल सरकारी योजनाओं पर काम करने के चलते राजस्व अमला तय लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाया।

- इस साल निगम ने की करीब 350 करोड़ रुपए से ज्यादा की वसूली

रविवार को वसूली का आखिरी दिन था, लिहाजा निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण ने राजस्व वसूली कार्य का औचक निरीक्षण किया और जोनल अधिकारियों एवं वार्ड प्रभारियों से विभिन्न मदों में की गई राजस्व वसूली व बकायादारों से किए गए संपर्क आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की और अधिक से अधिक राजस्व वसूली करने तथा करों की अदायगी करने आने वाले करदाताओं को राजस्व भुगतान सुविधापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिए। इसके चलते निगम कार्यालय करीब रात नौ बजे तक खुले रहे।

### जोनल अधिकारी और वार्ड प्रभारी को नोटिस

निगम आयुक्त ने वार्ड 35 बरखेड़ी में वार्ड कार्यालय के आसपास कचरे के ढ़ेर पाए जाने और नालियां कचरे से भरी हुई पाए जाने पर सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन 07 योगेश दुबे, वार्ड प्रभारी वार्ड 35 अहसान अली एवं प्रभारी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक वार्ड क्रं. 35 दीपक जैनवार को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। निगम आयुक्त नारायण ने वार्ड 23 में राजस्व एवं सम्पत्तिकर वसूली संतोषजनक न पाए जाने, वार्ड में कर्मचारियों द्वारा वसूली संबंधी जानकारी उपलब्ध न करा पाने तथा वार्ड कार्यालय में सफाई नहीं होने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए जोनल अधिकारी जोन क्रं 05 राजभान त्रिपाठी एवं वार्ड प्रभारी वार्ड क्रं. 23 एहसान रजा जैदी को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। निगम आयुक्त नारायन ने जोन क्रं. 05 के अंतर्गत वार्ड 19 में निरीक्षण के दौरान बालविहार रोड स्थित बालविहार शॉपिंग काम्प्लेक्स के समीप एवं नाले के पास एवं अंदर कचरे के ढेर पाए जाने पर प्रभारी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक वार्ड 19 अनिल कुमार श्रवण को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## भोपाल-लखनऊ उड़ान हुई शुरू, पहले दिन आए 65 तो 72 गए लखनऊ

हरिभूमि न्यूज ⏭संतनगर

इंडिगो एयरवेज़ ने आज रविवार से भोपाल से लखनऊ उड़ान शुरू की है। आज पहले ही दिन ने ही उसे अच्छा हर रिस्पांस मिला और और क़रीब 65 यात्री लखनऊ से भोपाल आए और 72 यात्री भोपाल से लखनऊ रवाना हुए। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि यह उड़ान शाम को पौने 5 बजे भोपाल आएगी और फिर लखनऊ के लिए उड़ान भरेगी। इसके अलावा यह उड़ान सप्ताह में चार दिन रविवार सोमवार बुधवार शुक्रवार को चलेगी। अपेक्षाकृत ट्रैफ़िक मिलने पर फिर सातों दिन नियमित किया जा सकता है।

## एनईपी के तहत इंजीनियरिंग में प्रवेश के बदले नियम गणित के बिना भी इंजीनियरिंग में मिल सकेगा एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

देश में नई शिक्षा नीति के लागू होने के बाद प्रदेश में इसके क्रियान्वयन में तेजी से नियमों में बदलाव किया जा रहा है। इसके तहत इस साल से तकनीकी शिक्षा विभाग ने इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए नियमों में बदलाव किया है। फूड टेक्नोलाजी, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग व टेक्सटाइल इंजीनियरिंग सहित कई ऐसे कोर्स हैं, जिनमें गणित जरूरी नहीं है। इनमें अगले सत्र से प्रवेश एनईपी के तहत ही होगा।

**» फूड टेक्नोलाजी, एग्री. इंजी. व टेक्सटाइल इंजी. जैसे कोर्सेस के लिए मैथ्स आवश्यक नहीं**

### अगले सत्र से लागू हो जाएंगे नए नियम

एआईसीटीई द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार भी तकनीकी शिक्षा विभाग ने अगले सत्र से यह नियम लागू किए जाएंगे। इसके तहत इस बार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इंजीनियरिंग में नए पाठ्यक्रम भी शुरू किए जा रहे हैं। इनमें पर्यावरण से संबंधित कुछ कोर्स भी शामिल हैं। विद्यार्थी इंजीनियरिंग की कुछ ब्रांच में कक्षा 12वीं में बिना गणित विषय के भी प्रवेश ले सकते हैं।


**स्वीप मतदाता जागरुकता अभियान की शुरुआत**

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने वाहन रैली में शामिल हुए 2000 दो पहिया वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सीईओ अनुपम राजन ने मतदाता जागरूकता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने आगामी 7 मई को भोपाल लोकसभा सीट के लिए होने वाले मतदान में सभी नागरिकों से बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की। उन्होंने प्रदेश के सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि खुद मतदान करें और परिवार, पास पड़ोस के नागरिकों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर भोपाल, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल स्वीप ऋतुराज, आयुक्त नगर निगम हरेंद्र नारायण सहित रैली में अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



- रैली में मतदाता जागरूकता के संदेश,स्लोगन एवं नारे लिखे झंडा, तख्तियां बैनर आदि दिखाई दिए

*सीईओ राजन एवं कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना*

**लालघाटी चौराहे से हुआ रैली का शुभारंभ**



*स्वयं मतदान करें, परिवार, आस-पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें*

मतदाता वाहन रैली का सुबह 7.30 बजे लालघाटी चौराहे से शुभारंभ हुआ। यह वीआईपी रोड, गौहर महल, जहांगीराबाद होते हुए शौर्य स्मारक, अरेरा हिल्स पहुंची। शौर्य स्मारक पर रैली का समापन हुआ। रैली में शामिल विभिन्न बाइकर्स ग्रुप, क्लब के सदस्यों सहित 2500 से अधिक नागरिकों ने रैली में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में एडीएम उत्तर हिमांशु चंद्र सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

### 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत 65 था

पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव 2019 में मतदान का प्रतिशत 65 औसत रहा था। इसे बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम पूरे मप्र नहीं नहीं पूरे देश में चुनाव आयुक्त के निर्देश अनुसार चलाया जा रहा है। रैली में लगभग 2000 वाहनों में भाग लिया, रैली को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल स्वीप ऋतुराज एवं आयुक्त नगर निगम हरेंद्र नारायण ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एनएसएस कैंपस एंबेसडर एवं सहायक जिला समन्वयक राहुल सिंह परिहार, लायंस क्लब ऑफ भोपाल के तमाम सदस्यों ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप



### सेवा भारती भोजपुर मंडल की हुई बैठक

**मंडीदीप।** सेवा भारती की रविवार को बैठक हुई। इसमें समिति के कार्य विस्तार चल रहे अभियान एवं होली मिलन के विषयों पर विचार विमर्श किया गया। मंडल अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में छह अप्रैल को होली मिलन समारोह करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सेवा भारती के कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मंडल संरक्षक गोविंद सिंह लोवंशी, उपाध्यक्ष दिनेश नागर, मंडल सह सचिव संजीव चौकसे, मंडल पूर्णकालिक वीरेंद्र कीर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### परेश बने जिला युवा कांग्रेस रायसेन अध्यक्ष

**औबेदुल्लागंज।** भारत जोड़ो पदयात्रा में शामिल भोजपुर क्षेत्र के युवा कांग्रेसी नेता परेश नागर को



जिला युवा कांग्रेस रायसेन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शेषनारायण ओझा एवं राष्ट्रीय सचिव मानसिंह राठौर की सहमति से की गई है। इससे पहले इस पद पर विकास शर्मा थे, जिन्होंने कुछ दिनों पूर्व भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। परेश नागर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव भी हैं। नागर की नियुक्ति पर संजय सिंह चौहान, डॉ. नंदू नागर, संजीव नागर तामोट, राजू मेहरा, हरजीत सिंह मंगू, सुरजीत सिंह बिल्ले, विनोद इरपाचे, राजेश खटीक, उत्तम यादव, महेंद्र धाकड़, दुर्गेश यादव आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### भेल: 3425 करोड़ का उत्पादन लक्ष्य प्राप्त

**भोपाल।** भेल की भोपाल यूनिट ने रविवार को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में 3425 करोड़ का उत्पादन लक्ष्य प्राप्त किया। वहीं 3500 करोड़ का केस कलेक्शन भी किया। इसमें विशेष रूप से टीसीबी ने 800 करोड़ और हाइड्रो ने 750 करोड़ रुपए का उत्पादन किया। इलेक्ट्रिक मशीन 750, ट्रैक्शन मोटर्स 450 करोड़, स्विचगियर 350 करोड़ रुपए, एसटीएम 250 करोड़ और फीडर्स ने 75 करोड़ रुपए का उत्पादन किया। उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने पर हेस्टू एचएमएस के महासचिव अमर सिंह राठौर ने अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी है।

### सर्वेंट क्वार्टर में महिला ने लगाई फांसी

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित द्रोणाचल टाप में सर्वेंट क्वार्टर में एक महिला ने शनिवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, ज्योति अहिरवार पति श्रवण अहिरवार (31) शासकीय स्कूल के पीछे गांधी नगर में रहती थी। वह पति और बच्चों के साथ द्रोणाचल टाप में एक अधिकारी के मकान की सर्वेंट क्वार्टर में रह रही थी। पति शनिवार शाम काम पर था, तभी ज्योति ने फांसी लगा ली।

# कंजर टपरों पर पुलिस का छापा: देशी-विदेशी और हाथ भट्टी समेत 12.78 लाख की शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक देहात ने अवैध शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इन्हीं निर्देशों को परिपालन में बैरसिया और आसपास के थानों की पुलिस ने ग्राम करारिया स्थित कंजर टपरों पर रविवार तड़के छापा मारा।

पुलिस ने यहां से देशी-विदेशी और हाथ भट्टी से बनी करीब 12.78 लाख रुपये की अवैध शराब, पांच मोटर सायकिल और बड़ी मात्रा में महुआ लहान जब्त किया है। इस दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि पांच आरोपी भागने में सफल रहे। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है।

### एक गिरफ्तार, अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले पांच आरोपी

एसपी देहात प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि ग्राम करारिया में असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से शराब का निर्माण और भंडारण किए जाने की सूचना मिली थी। इस पर बैरसिया, नजीराबाद, गुनगा, ईंटखेड़ी थानों की पुलिस के साथ ही कंट्रोल रूम के बल बुलाकर अलग-अलग टीमें बनाई गई। इन टीमों ने रविवार तड़के करीब एक दर्जन वाहनों में सवार होकर पूरे गांव को चारों तरफ से घेर लिया। सर्चिंग के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जबकि पांच अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। कंजर टपरों में तलाशी लेने पर अवैध रूप से रखी देशी-विदेश और हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब जब्त की गई। इनमें देशी 133 पेटी, विदेशी 54 पेटी और कच्ची शराब 610 लीटर जब्त हुई। साथी 12 सौ लीट महुआ लहान जब्त किया गया। अवैध शराब की तस्करी में उपयोग की जाने वाली पांच मोटर साइकिलें भी जब्त हुई हैं। इस प्रकार कुल 12 लाख 78 हजार 440 रुपए का माल जब्त हुआ है। बारह सौ किलोग्राम महुआ लहान को मौके पर नष्ट कराया गया है, जिसकी कीमत करीब एक लाख बीस हजार रुपए होती है।

## अयोध्या नगर में महिला का मोबाइल लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार

अयोध्या नगर पुलिस ने शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से लूट के चार मोबाइल और लूट में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की है। बदमाश ने तीन दिन पहले मीडिया हाउस में काम करने वाली महिला को धक्का देकर करीब 60 हजार रुपए का मोबाइल लूट लिया था। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज सोशल मीडिया पर जारी किए थे, जिसके आधार पर बदमाश को पकड़ लिया गया। बदमाश को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, विनीता गुप्ता (40) हेवन्स लाइफ कालोनी कटारा हिल्स में रहती हैं और अयोध्या नगर स्थित एक मीडिया हाउस में काम करती हैं। बीती 28 मार्च की शाम करीब पांच बजे वह काम खत्म करने के बाद घर जाने के लिए

▸ बाइक और लूट के चार मोबाइल समेत डेढ़ लाख का माल बरामद



बस का इंतजार कर रही थी। इसी बीच मिनाल गेट नंबर-2 की तरफ से लाल कलर की टीशर्ट पहने एक युवक टीवीए स्टार सिटी बाइक से उनके पास पहुंचा। नजदीक पहुंचने पर युवक ने विनीता को धक्का दिया और हाथ में पकड़ा मोबाइल फोन छीनकर जेके रोड की तरफ भाग निकला। लूटा गया मोबाइल चाइना का इम्पोर्टेड फोन था, जिसकी कीमत साठ हजार रुपए बताई गई थी। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लुटेरे के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था।

### बदमाश को अप्सरा वाइन शॉप के पास से किया गिरफ्तार

लूट की यह वारदात घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी, जिसे पुलिस ने वायरल किया था। शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि मिनाल गेट के सामने महिला से मोबाइल छीनने वाले हुलिए का युवक अप्सरा शराब दुकान के पास खड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम अमन बुकारिया (22) निवासी देवास नाका, थाना लसूड़िया जिला इंदौर, हाल पता आंम्बेडकर नगर थाना ऐशबाग बताया। तलाशी लेने पर उसके पास लूटा गया चाइना का इम्पोर्टेड मोबाइल व एक हीरो कंपनी का कीपेड मोबाइल, एक सैमसंग कंपनी का एन्ड्रोयड मोबाइल और एक रियलमी कंपनी का एन्ड्रोयड मोबाइल समेत बाइक जब्त हुई।

## बदमाशों ने बीच-बचाव करने पहुंचे युवक समेत तीन लोगों पर भी किया वार

# घर के सामने गाली-गलौज करने से मना किया तो महिला पर किया ब्लेड से हमला

▶▶ कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित बीजासेन नगर की घटना

▶▶ आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित बीजासेन नगर में घर के सामने खड़े होकर गालीगलौज कर रहे युवकों को समझाइश देना महिला को महंगा पड़ गया। इस बात से नाराज युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर महिला से मारपीट करते हुए उस पर ब्लेड से हमला कर दिया।

विवाद होता देख एक युवक बीच बचाव करने पहुंचा तो उस पर भी बदमाशों ने ब्लेड से हमला किया है। तीन अन्य लोगों को भी बीच-बचाव में ब्लेड लगी है। घटना शनिवार शाम करीब छह बजे की है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

एसआई गौरव पांडे ने बताया कि अनवारी खान पति अंसारुल खान (35) बीजासेन नगर, कमला नगर में रहती है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शनिवार शाम वह घर पर थी। इस दौरान करीब छह बजे के आसपास मोहल्ले में रहने वाला अक्कू उर्फ संस्कार शर्मा और अक्षय सिंह उनके घर के सामने पहुंचा था। दोनों घर के सामने गालीगलौज कर रहे थे। अनवारी ने उन्हें घर के सामने गालीगलौज करने से मना किया तो वह भड़क गए और अनवारी से गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान आरोपियों ने उस पर ब्लेड से हमला कर दिया। ब्लेड अनवारी के हाथ में लगी है। पत्नी के साथ मारपीट की भनक लगते ही पति अंसारुल पहुंचे थे। इसी बीच मोहल्ले में रहने वाला अशोक जाटव पहुंचा और उसने बीच-बचाव करना चाहा। इस पर आरोपियों ने उस पर भी ब्लेड से हमला किया है। इस हमले में चार लोग घायल हुए हैं।

## बाइक सवार दंपती का रास्ता रोककर जानलेवा हमला करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

बिलखिरिया थाना क्षेत्र में बाइक सवार दंपती का रास्ता रोककर जानलेवा हमला करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में घायल महिला का पति भी शामिल है, जिसने यह पूरी योजना बनाकर स्वयं और पत्नी पर हमला करवाया था। पूछताछ में पता चला कि शादी के बाद महिला अपने पति की उसके दोस्तों के सामने बेइज्जती करने लगी थी। इसी से परेशान होकर उसने दोस्तों के साथ मिलकर पत्नी को मारने की योजना बनाई थी। हमले में घायल महिला का इलाज चल रहा है। एसपी देहात प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि हेमंत सेंगर (26) निवासी गौरीशंकर आवासीय परिसर कटारा हिल्स ने शिकायत करते हुए बताया था कि 25 मार्च को वह पत्नी मनीषा परमार के साथ खाना खाने के लिए बनारसी ढाबा गया था। ढाबा बंद होने के कारण दोनों बाइक से घर की तरफ लौट रहे थे, तभी इंडेन गैस एजेंसी गोडाउन के पास दो बाइक पांच

▾ दोस्तों के सामने बेइज्जत करने लगी थी महिला, इसलिए पति ने कराया जानलेवा हमला



लोगों ने उन्हें रोक लिया। उनके पास डंडे और धारदार नुकीली वस्तु थी। सभी युवकों के शरीर और चेहरे पर रंग लगा हुआ था। बाइक रोकते ही तीन लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट शुरू कर दी। पत्नी मनीषा ने बीच-बचाव किया तो दो युवकों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। उसके सिर, गर्दन और सीने में गंभीर चोट लगी और खून बहने लगा। हेमंत राहगीरों की मदद से पत्नी मनीषा को इलाज के लिए एम्स लेकर पहुंचा था। घटना की सूचना मिलने के बाद अस्पताल पहुंची पुलिस ने घायल महिला से बात करने का प्रयास किया, लेकिन बेहोशी के कारण बयान नहीं दे सकी। इसके चलते पुलिस ने पति हेमंत की रिपोर्ट पर अज्ञात पांच लोगों के खिलाफ रास्ता रोककर चाकूबाजी का मामला दर्ज किया था। बाद में हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाई गई थी।

### सीसीटीवी और कॉल डिटेल से हुआ खुलासा

एसपी सिन्हा ने आरोपियों की तलाश के लिए टीम बनाई। टीम नो जांच की और रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल की काल डिटेल चेक की। इस पर पति हेमंत सेंगर द्वारा बताई गई कहानी पर संदेह हुआ। हेमंत से दोबारा पूछताछ की। पूछताछ में हेमंत ने पुलिस को बताया कि 15 फरवरी 2024 को उसने मनीषा से कोर्ट मैरिज की थी। शादी के कुछ समय बाद ही मनीषा दोस्तों के सामने ही उसकी बेइज्जती करने लगी, जिससे उसे बुरा लगने लगा था। इसलिए उसने उसे मारने की योजना बनाई और अपने दोस्त रवि प्रजापति को 50 हजार रुपए में हमला करवाने की बात कही। रवि ने इस काम में अपने दोस्तों अमन, नीलेश, जितेन्द्र और अरुण को भी शामिल कर लिया। घटना वाले दिन पांचों ने मिलकर हेमंत और उसकी पत्नी मनीषा को रास्ते में रोका और मारपीट की। हेमंत के साथ मामूली मारपीट की, जबकि मनीषा पर घातक रूप से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

## भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का होली मिलन समारोह

# इंडस्ट्रीज क्षेत्र में मप्र अग्रणी राज्यों की श्रेणी में: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आयोजित होली मिलन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, हुजूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा, दक्षिण-पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व महापौर आलोक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि होली मिलन समारोह में आकर प्रसन्नता हो रही है। मैं देख पा रहे हूं कि मध्यप्रदेश अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लगातार आ रहा है। हम मध्यप्रदेश में युवकों के लिए रोजगार के नवीन अवसर सृजन करते आ रहे हैं। इंडस्ट्रीज व्यापार के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश अग्रणी राज्यों की श्रेणी में आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश तरक्की कर रहा है। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि यह मध्यप्रदेश के लिए मुख्य रूप से भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स जो व्यापारियों के लिए कर रहा है, बहुत सराहनीय कार्य है।



### अध्यक्ष पाली ने दी पर्व की शुभकामनाएं

होली मिलन समारोह में अध्यक्ष तेज कृपाल सिंह पाली ने होली व रंगपंचमी की सबको बधाई दी। उन्होंने कहा कि भोपाल के व्यापार जगत में समस्याओं के निदान के लिए मुख्यमंत्री जरूर प्रयास करेंगे। हम व्यापारी कंधे से कंधा मिलाकर देश एवं प्रदेश के हित में कार्यरत रहेंगे। उसमे हम अपनी समस्याएं बताकर उसका निदान करने में सहयोग करें। हम व्यापारी हमेशा आपकी सरकार के साथ तन मन धन से सहयोग करने को तैयार है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष आकाश गोयल, सुनील जैन 501, अरविंद जैन, मंत्री प्रदीप अग्रवाल, वीनस, सुनील सिंगाजी, कोषाध्यक्ष कुमार बांगड़ साईं कोषाध्यक्ष वाणी, एवं भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### औद्योगिक क्षेत्र के ढाबे में युवक ने फांसी लगाई

**भोपाल।** अशोक गार्डन थाना क्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र में बबलू ढाबा में युवक ने फांसी लगा ली। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, अंगद सिंह पिता शिव सिंह (26) अमानगंज, पन्ना का रहने वाला था और यहां औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन में शमशाद के ढाबे में काम करता था। वह ढाबा में ही रहता था। शनिवार सुबह ढाबा खोलने कर्मचारी पहुंचे तो वह बंद था। अंदर फांसी के फंदे पर अंगद की लाश मिली।

## प्राचार्यों की हुई वर्चुअल बैठक

# आज से 'शाला प्रवेशोत्सव' के साथ शुरू होगा शैक्षणिक-सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

रविवार को नगर के हायर सेकेडरी व हाई स्कूलों के प्राचार्यों की वर्चुअल बैठक हुई। बैठक में नवीन शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से प्रारंभ किए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सत्र का आरंभ प्रवेशोत्सव के रूप में मनाए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का ब्रिज कोर्स संचालित करें एवं बेस लाइन टेस्ट लेकर उनको शैक्षणिक स्तर के अनुरूप वर्गीकृत कर अध्यापन किया जाएं।

प्रत्येक बच्चे का प्रवेश सुनिश्चित किए जाने एवं ड्रापरेट शून्य करने के लिए शासकीय हायर सेकंडरी व हाई स्कूलों के केचमेंट एरिया के माध्यमिक विद्यालयों से 8वीं उत्तीर्ण बच्चे का स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्राप्त कर उसे कक्षा 9वीं में प्रवेश दिया जाए एवं अन्य विद्यालयों में प्रवेश के लिए जाने वाले बच्चों का रिकॉर्ड रखने के निर्देश भी दिए गए।

### अगली कक्षा के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

बैठक में बताया गया कि ब्रिज कोर्स का संचालन 1 से 30 अप्रैल तक एवं 18 जून से 31 जुलाई तक किया जाना है। सत्र भर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के लिए विभाग द्वारा शैक्षणिक कैलेन्डर जारी किया गया है। इसके अलावा कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 1 अप्रैल से नया स्कूली शिक्षा सत्र 2024-25 शुरू होगा। इसके तहत कक्षा 1 से 7वीं और 9वीं से 11वीं तक के विद्यार्थियों की कक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। 5वीं व 8वीं के रिजल्ट अप्रैल में घोषित होंगे, विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रवेश देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

# एक-दूसरे को गुलाल लगाकर दी रंगों के त्योहार की बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रंगपंचमी के उपलक्ष्य में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समिति की सदस्य और नगर विकास रिपोर्टर समिति की सदस्य शामिल हुई।

इस दौरान महिलाओं ने गुलाल लगाकर एक-दूसरे को रंगपंचमी की बधाई दी। भोजपुर गरीब कल्याण समिति अध्यक्ष आरती यादव ने बताया कि इस दौरान लोकसभा चुनाव पर चर्चा भी की गई। आयोजन में भगवती साहू, कांति यादव, मल्होत्रा यादव, उर्मिला शर्मा, बबली शर्मा, राधा माझी, जानकी बाई मीणा, मालवी मीना, उषा चौहान, रेखा कपूर, प्रियंका गुप्ता, माया मालवी, राधा मालवी आदि शामिल हुई।

## सिंधी मेला समिति का होली मिलन समारोह

# मथुरा के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर मोहा सबका मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंधी मेला समिति 13 एवं 14 अप्रैल को लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में दो दिवसीय पारिवारिक सिंधी मेले का आयोजन करेगी। यह जानकारी रविवार को सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित पत्रकारवार्ता में दी गई।

सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि मेले की शुरुआत भगवान झूलेलाल के बहिरणा साहिब व द्वीप प्रज्वलन के साथ की जाएगी। मुंबई के शुभम नाथानी बैंड को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। मेले सिंधी यूथ फेस्टिवल भी होगा, जिसमें सिंधी समाज के युवाओं को सिंधी मेला समिति मंच देगी। मेले में तारक मेहता उल्टा चश्मा के फैम डॉक्टर हाथी (निर्मल सोनी) उनकी पत्नी कोमल (अंबिका रंजनकर) एवं जूनियर देवआनंद (किशोर भानुशाली) को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

### 13 और 14 अप्रैल को लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में लगेगा पारिवारिक सिंधी मेला



### समाजसेवियों को किया जाएगा सम्मानित

सिंधी समिति ने होली मिलन समारोह आयोजित किया। जिसमें मथुरा से आए कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक भगवानदास सबधानी, मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर मंगतानी, अध्यक्ष मनीष दरयानी, नरेश तलरेजा, केएल दलवानी, पीतांबर लाल राजदेव, अशोक माटा, राजेश मेघानी, रवि आनंद आदि उपस्थित रहे। सिंधी मेले में वरिष्ठ समाजसेवी स्व. उत्तमचंद ईसरानी, स्व. दादा गोविंदराम बतरा, स्व. शौकत राय कटारिया और स्व. काका कीमत राय नागदेव जी की स्मृति में समाज सेवियों को सम्मानित किया जाएगा।

### कलेक्टर कौशलेंद्र की सक्रियता से दुर्घटना में घायल महाराष्ट्र के यात्रियों को तत्काल मिली मदद

**भोपाल।** शुक्रवार की देर रात खजूरी थाना क्षेत्र में नासिक की तीर्थ यात्रियों की बस को एक ट्रेलर ने टक्कर मार दी थी। इस दौरान एक यात्री खंडेराव की मृत्यु हो गई। दुर्घटना की सूचना व्हाट्सएप के माध्यम से एक ग्रुप में भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने भी पढ़ी। उस वक्त रात 12.45 टाइम हुआ था उन्होंने तुरंत इस घटना की जानकारी मैसेज करने वाले से कंफर्म की और घटनास्थल पर पुलिस के अलावा एसडीएम और तहसीलदार को भेजा। रात में ही दुर्घटनाग्रस्त बस के बाकी यात्रियों को व्यवस्था कराकर एक बस द्वारा नासिक भेज दिया गया वहीं मृतक खंडेराव के शव को भी सुबह जल्दी नासिक रवाना कर दिया गया। कलेक्टर यदि देर रात ही इस घटना पर संज्ञान नहीं लेते तो इतनी तड़ित कार्रवाई नहीं होती उनकी सक्रियता ने न केवल नासिक के इन तीर्थ यात्रियों बल्कि इस घटना की जानकारी रखने वालों को भी प्रभावित किया है।

## टायर में हवा भरते समय रिंग सिर में लगी, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नजीराबाद इलाके में ट्रैक्टर-ट्रॉली में हवा भरते समय रिंग उछलकर युवक के सिर और चेहरे में लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, गौरीशंकर गौर (32) ग्राम बाक्सी में रहते थे। वह खेती किसानी के साथ ही बाक्सी वेयर हाउस के पास पंचर की दुकान चलाते हैं। टीआई हरिशंकर वर्मा ने बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे गौरीशंकर एक ट्रैक्टर-ट्राली के पहिये में हवा भर रहे थे।

हवा का प्रेशर बढ़ने पर रिम और टायर के बीच लगी लोहे की रिंग उछलकर बाहर निकली और गौरीशंकर के सिर और चेहरे पर लगी। गंभीर रूप से घायल गौरीशंकर को इलाज के लिए तुरंत ही बैरसिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। मामले की जांच की जा रही है।

## होली मिलन, साधारण सभा की बैठक तथा सम्मान समारोह का आयोजन

# पंडित जय शर्मा समेत कई विभूतियों को किया सम्मानित पूज्य सिंधी पंचायत को ज्यादा सशक्त बनाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में रविवार को होली मिलन, साधारण सभा की बैठक तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

नवयुवक सभा भवन में हुए आयोजन का संचलान पंचायत महासचिव माधू चांदवानी ने किया। स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन पेश कर पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने होली एवं रंगपंचमी की बधाई दी। पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों ने सिद्ध भाऊ एवं विधायक रामेश्वर शर्मा का आभार भी माना।

### पंचायत के आय-व्यय का ब्यौरा किया पेश

**यह विभूतियां हुई अलंकृत**

पंचायत ने साहित्यकार भगवान बाबानी, मध्यप्रदेश विधानसभा के अधिकारी मोहन मनवानी, पं. मोहनलाल शर्मा, पं. नारायण शर्मा, पं. जय शर्मा, पं. नवीन शर्मा, पं. मनीष शर्मा तथा वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी तनिषा आसनानी व जेठानंद मूलचंदानी का स्वागत कर सम्मान किया।



### पंचायत के कार्यों को सराहा

कार्यक्रम में युवा साहित्यकार राकेश शेवानी, राज वाधवानी व लक्ष्मणदास बेलानी ने गीत पेश किए। पंचायत कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी ने आय-व्यय पेश किया। आभार मोहन मीरचंदानी ने प्रकट किया। कार्यक्रम में पार्षद व एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने पंचायत के कार्यों को सराहा। मध्यप्रदेश आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी ने पंचायत को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविद विष्णु गिहानी, राम बंसल, अशोक मारन, कन्हैयालाल हीरो ईसरानी, राज मनवानी आदि मौजूद थे।




## लोकसभा क्षेत्र
**देवास**

1 भाजपा प्रत्याशी
महेंद्र सिंह सोलंकी

2 कांग्रेस प्रत्याशी
राजेंद्र मालवीय

**पिछली बार कौन जीता**
महेंद्र सिंह सोलंकी

**जीत का अंतर**
3 लाख 72 हजार 249

## क्या रहेंगे मुद्दे?

देवास लोकसभा सीट पर मतदाता की समस्याएं कई हैं, लेकिन उसमें से नौकरी के लिए नजदीकी शहर इंदौर की डिपेंडेंसी सबसे ज्यादा है। इसके अलावा शिक्षा स्वास्थ्य के लिए भी इंदौर पर निर्भर रहना पड़ता है। वहीं बड़ी ट्रेन के प्लेटफार्म देवास में नहीं है। अयोध्या जाने वाली ट्रेन भी देवास से होकर नहीं जाती है। मेट्रो इंदौर से लेकर मऊ तक है, लेकिन देवास को छोड़ दिया गया है।

### जातीय समीकरण वाली सीट पर इस बार कांग्रेस और भाजपा ने बलाई समाज से उतारे अपने प्रत्याशी

# देवास सीट पर एक ही जाति के उम्मीदवार आमने-सामने

*देवास लोकसभा क्षेत्र की जनता किसी एक दल की होकर नहीं रही। वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई इस सीट के पहले सांसद कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा रहे। इसके बाद भाजपा के दो सांसदों ने इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। देवास लोकसभा सीट से बाहर से आए नेताओं को भी यहां की जनता ने जिताया है।*




आनंद सक्सेना ▶▶ भोपाल

देवास शाजापुर लोकसभा सीट जातीय समीकरण को लेकर काफी महत्वपूर्ण मानी जाती रही है। यही कारण है इस बार दोनों प्रमुख दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने बलाई समाज के उम्मीदवार उतारे हैं।

इस सीट पर बलाई व खटीक समाज का वोट बैंक निर्णायक माना जाता है। जो दल जातियों को साधकर चुनाव लड़ता है, उसकी चुनावी राह ज्यादा आसान मानी जाती है। इस बार भी भाजपा और कांग्रेस ने बलाई समाज के खाते में टिकट


महेंद्र सिंह सोलंकी


राजेंद्र मालवीय

बांटे हैं। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राधा किशन मालवीय के बेटे राजेंद्र मालवीय को इस बार कांग्रेस ने यहां से टिकट दिया है। वे बलाई समाज से आते हैं, जबकि भाजपा ने दोबारा महेंद्र सिंह सोलंकी को टिकट दिया है। सोलंकी भी बलाई समाज से हैं। वैसे देवास लोकसभा की संसदीय सीट पर दूसरे शहर में रहने वाले नेताओं को भी यहां की जनता ने संसद तक भेजा है।

यहां से वर्ष 2009 में सज्जन सिंह वर्मा सांसद बने, जो इंदौर के निवासी हैं। इसके अलावा मनोहर ऊंटवाल भी यहां से सांसद चुने गए थे। वे भी लोकसभा क्षेत्र के निवासी नहीं थे। परिसीमन से पहले फूलचंद वर्मा और थावरचंद्र गहलोत भी यहां से सांसद रहे। वर्मा भी इंदौर के निवासी रहे हैं और गेहलोत उज्जैन जिले के नागदा क्षेत्र में रहते हैं।

मौजूदा सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी देवास संसदीय क्षेत्र के ही निवासी हैं। 1984 में चुनाव जीते बापूलाल मालवीय भी शाजापुर संसदीय क्षेत्र के निवासी रहे हैं।

**कोई दल इस सीट पर भारी नहीं**

परिसीमन के पहले यह शाजापुर संसदीय क्षेत्र कहलाता था। तब भी यहां से जनसंघ, जनता पार्टी और कांग्रेस के उम्मीदवार जीते। इस बार भी भाजपा उम्मीदवार को परंपरागत वोट और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेटवर्क का फायदा मिलेगा। जबकि कांग्रेस उम्मीदवार के पिता राधाकिशन मालवीय का क्षेत्र में अच्छा नेटवर्क रहा है। ये भी बलाई समाज से आते हैं। राजेंद्र कांग्रेस का नया चेहरा है। जीतू पटवारी के कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बनने से खाती समाज भी मदद कर सकता है।

### आठ विधानसभा क्षेत्र से बनी है देवास लोस सीट

देवास संसदीय क्षेत्र में आठ विधानसभा आती हैं। देवास जिले की 3 देवास, हाटपिपल्या, सोनकच्छ आती हैं, जबकि सीहोर विधानसभा क्षेत्र की एक आष्टा और शाजापुर की 3 शाजापुर, शुजालपुर, कालापीपल और एक आगर-मालवा विधानसभा सीट आती हैं। बता दें कि यहां से उत्तर भारत जाने के लिए ट्रेनों की संख्या कम है और रिजर्वेशन में लंबी कतार रहती है। शहर के उज्जैन रोड पर नागुखेड़ी तक डबलिंग रोड़ के साथ आरओबी का भी काम लम्बे समय से अटका है। कारखाने का पानी शिप्रा में मिल रहा है।

### बलाई व खटीक समाज का वोट बैंक निर्णायक

देवास सीट पर बलाई, खटीक समाज का वोट बैंक निर्णायक माना जाता है। जो दल जातियों को साधकर चुनाव लड़ता है, उसकी चुनावी राह ज्यादा आसान मानी जाती है। वैसे देवास सीट पर मुख्य जातियां अपना योगदान देती हैं, जिन्हें उम्मीदवार महत्व देते हैं। इसमें बलाई, ठाकुर, रविदास, ब्राह्मण, सेंधव, पाटीदार, खाती, गुर्जर, जैन, मेवाड़ा, परमार, बैरवा, वाल्मीकि, सोंधिया, मुस्लिम, कायस्थ, भावसार शामिल हैं।

---

**जैसा मैंने देखा**
**चुनाव...**

## पहले मुद्दों पर होते थे चुनाव, 15 से 20 दिनों तक गांवों में घूमते थे पत्रकार, बसों से भेजते थे खबरें


**दिनेश गुप्ता**
वरिष्ठ पत्रकार

पहले के चुनाव और आज के चुनाव में जमीन-आसमान का अंतर आ गया है। पहले चुनाव मुद्दों पर आधारित होते थे। अब धर्म-जाति के आधार पर होने लगे हैं। तो वहीं पहले चुनावी रिपोर्टिंग चुनौतियों से भरी होती थी, अब बहुत आसान हो गई। प्रत्याशी वोटरों से आत्मीयता का रिश्ता बनाते थे। यह कहना है कि वरिष्ठ पत्रकार दिनेश गुप्ता का। उन्होंने बताया कि अब ऐसी बात नहीं है, पहले वोटर को विश्वास में लिया जाता था, उनकी समस्या सुनी जाती थी। अब इसमें काफी बदलाव आ गया है। वरिष्ठ पत्रकार गुप्ता ने बताया कि पहले के समय चुनावी रिपोर्टिंग के लिए पत्रकार गांवों में जाते थे और 15 से 20 दिन तक धूम-धूमकर कवरेज करते थे। उस समय ट्रांसपोर्ट और कम्युनिकेशन के साधन नहीं होते थे। हम लोग अपनी खबरों को फैक्स करते थे। कई बार एसटीडी (फोन) लगाकर नोट कराते थे, तो कई बार डाक में रखकर बसों से कवरेज को भेजते थे। पहले कंटेंट अधिक होते थे। एक-एक पेज की खबर छपा करती थी, अब ऐसा नहीं है। पहले के समय में चुनाव परिणाम आने में एक से दो दिन लगते थे, तो वहीं पहले प्रतिद्वंदी प्रत्याशियों के साथ भी कटुता की भावना नहीं होती थी। एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगाए जाते थे। प्रचार-प्रसार के लिए अटलबिहारी वाजपेयी जैसे बड़े नेता भी दो दिन तक रुकते थे। जनता के बीच जाते थे। उनकी समस्याओं को सुनते थे। रात के 12 बजे तक सभा चलती थी। एक अच्छा माहौल हुआ करता था। पहले लोग भी खुलकर बातचीत करते थे। अपनी समस्या बताते थे।

**जो हो न सका...**

## इंजीनियरिंग कलस्टर की राशि मंजूर होने के बाद भी भारी उद्योग मंत्रालय में अटकी फाइल

प्रदेश का पहला इंजीनियरिंग कलस्टर बनाने के लिए भोपाल में प्रदेश सरकार ने भूमि आवंटित की और केंद्र सरकार ने राशि का आवंटन कर दिया, लेकिन 15 साल बाद भी भवन नहीं बन पाया और भारी उद्योग मंत्रालय ने वो फाइल भी नहीं लौटाई, जिसमें पूरी प्लानिंग तैयार की गई थी। इसके बनने से स्किल श्रमिक उद्योगों को मिलते और हर साल 10 हजार लोगों को रोजगार भी मिलता। इंजीनियरिंग कलस्टर 1200 तरह की जानकारी उपलब्ध कराता और उनकी जरूरतें भी पूरी करता।

लोकसभा चुनाव के दौरान हर बार उम्मीदवार यह आश्वासन देते हैं कि इंजीनियरिंग कलस्टर की फाइल भोपाल आएगी और आगे के काम भी करवाए जाएंगे। इसके बाद भी कोई सांसद मात्र 10 प्रतिशत बचे काम को भी पूरा नहीं करवा पा रहा है। इंजीनियरिंग कलस्टर की खास बात यह है कि इसके बनने से औद्योगिक विकास का लाभ पूरे प्रदेश को मिलता और उसी रफ्तार से रोजगार बढ़ते।

**जिला प्रशासन से भूमि आवंटित हो गई थी**



इंजीनियरिंग कलस्टर बनाने के लिए उद्योगपतियों की एक कमेटी भी बना दी गई थी और इस कमेटी द्वारा लगातार सांसदों से चर्चा की जाती रही। साथ ही लोकसभा चुनाव के दौरान उम्मीदवारों से वादा भी करवाया गया कि इस बार हर हाल में इंजीनियरिंग कलस्टर बनेगा, लेकिन हर बार की तरह वही मुद्दा रहा, जो पूरा न हो सका।

## जानिए, आदर्श आचार संहिता ...

भारत जैसे मजबूत लोकतंत्र वाले देश में समय-समय पर आम निर्वाचन अथवा उप निर्वाचन होते आए हैं। चुनाव मैदान में प्रत्येक राजनीतिक दल चाहे वो सत्ताधारी दल हो या विपक्षी दल, मतदाताओं के मत प्राप्त करने के लिए ढेर सारे वायदे करता है। इन वायदों को एकरूपता देते हुए वादों का संग्रह यानि घोषणा-पत्र या वचन पत्र के रूप में जनमानस के सामने प्रस्तुत किया जाता है। इन घोषणा-पत्र की कितनी अहमियत जनहित में होती है, इसका भी ध्यान रखा जाता है। वैसे चुनाव के काफी पहले से ही राजनीतिक दल अपने-अपने घोषणा-पत्र तैयार करते हैं। इसके लिए उनकी समितियां बनती हैं। पुराने घोषणा-पत्र खंगाले जाते है। उसमें से कुछ महत्वपूर्ण बिंदु निकाले जाते हैं, जो पूरे नहीं हुए उन्हें भी लिया जाता है। ऐसे विषय भी लिए जाते हैं, जो जन अपेक्षाओं पर खरा उतर सकते हैं। उन बिंदुओं को भी शामिल किया जाता है। यूं तो घोषणा-पत्र रंग-बिरंगे, आकर्षक होते हैं फिर उन्हें समारोह पूर्वक जारी किया जाता है, लेकिन उसमें किए गए वादे आगे चलकर कितने जन हितैषी साबित होते हैं, यह समय पर निर्भर करता है। दूसरी ओर चुनाव आयोग भी घोषणा-पत्र के संबंध में समय-समय पर निर्देश जारी करता आया है। चुनाव आयोग का मत रहा है कि घोषणा पत्र में ऐसी कोई बात नहीं होना चाहिए, जो संविधान में दिए गए सिद्धांत और आदर्शों के प्रतिकूल हो। राजनीतिक दलों को ऐसे वादे करने से बचना चाहिए, जो निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता को दूषित करें या वोटर के मताधिकार में कोई अनुचित प्रभाव डालें। वित्तीय अपेक्षाओं को पूरा करने के साधनों का व्यापक रूप से घोषणा-पत्र में उल्लेख होना चाहिए। वादे ऐसे हो, जिन्हें पूरा करना संभव हो सके।

---

### उमरिया, डिंडोरी, मंडला, सिवनी पहुंचे सीएम

## कांग्रेस की हालत खराब, उसका पूरा जहाज डूब रहा: डॉ. यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को उमरिया, डिंडोरी, मंडला एवं सिवनी दौरे पर थे। उन्होंने इस दौरान जगह जगह आमसभा व रोड-शो किया। उन्होंने डिंडोरी विधानसभा के गाड़ासरई में कहा कि मैं डिंडोरी की जनता को प्रणाम करता हूं। डिंडोरी के लोग पारस पत्थर हैं, जिन्होंने छुआ तो शिक्षा मंत्री को मुख्यमंत्री बना दिया। सबका आशीर्वाद और मेहरबानी है। दुनिया में डिंडोरी एकमात्र ऐसा जिला है, यहां के लोग अपने जीवन में मस्ती के लिए जाने जाते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यहां के लोगों को भगवान का आशीर्वाद है। जब यहां आया था, तब 2 कॉलेज थे। अब विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा मिले, भविष्य की पीढ़ी आगे बढ़े, इसके लिए 11 कॉलेज खोले गए। यहां के बच्चों को दूर न जाना पड़े, इसके लिए यहां लॉ कॉलेज खोला गया। 2 एक्सीलेंस कॉलेज खोले गए।

**हजारों लोग कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आ रहे**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस की हालत खराब है। कमलनाथ के नेतृत्व में पूरा जहाज डूब रहा है। 30 हजार से ज्यादा लोग कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आ रहे हैं। सुरेश पचौरी दो- दो बार मंत्री रहे, लेकिन उन्होंने कहा कि अब वो कांग्रेस नहीं बची, अब ये कांग्रेस ऐसी जहाज में बैठी है, जिसमें छेद ही छेद है। जब डूबेगी, खुद भी मरेंगे और बाकी को भी मारेंगे।

**जन मन योजना से सबको 1500 मिलेंगे**

प्रधानमंत्री जन मन योजना से सबको 1500 रुपए मिलेंगे। हर महीने लाड़ली बहनों को 1250 मिल रहे हैं। यहां 5 तारीख को लाड़ली बहनों को पैसा मिलेगा। डिंडोरी में रानी दुर्गावती के नाम पर भविष्य में एग्रीकल्चर और हॉर्टिकल्चर के पढ़ाई के लिए कॉलेज खोला जाएगा, जहां सभी प्रकार की पढ़ाई होगी। जिससे युवाओं का भविष्य उज्जवल होगा।

**डिंडोरी में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे ही ये चुनाव बीतेगा, डिंडोरी में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा। पशुपालन के क्षेत्र में भी अलग से अनुदान देकर खेती के अलावा भी आमदनी बढ़ाई जाएगी। रोजगार के लिए करंजिया ब्लाक में कारखाना खोला जाएगा। डिंडोरी ऐसा जिला है, जहां हर ब्लॉक में आईटीआई खोला गया है। यहां के बच्चे खुद का व्यवसाय शुरू करेंगे।

**बिना किसी एजेंडा लिए सब हमारे साथ जुड़ रहे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भाजपा में आएगा, उनकी इज्जत रखना हमारा काम है। इसीलिए जब पीएम मोदी ने आंखों की पट्टी हटाकर न्याय करना चालू कर दिया। तब दिल्ली में चोर चोर मौसेरे भाई, सभी इकट्ठा हो गए। अब वे हाय रे मोदी, हाय रे मोदी, चिल्ला रहे हैं।

**चाय पे चर्चा**

▶▶ गांधीनगर क्षेत्र में चाय की दुकान पर मतदाताओं की भूमिका पर हुई चर्चा

## लोगों के बीच उम्मीदवारों की चर्चा मतदाता तय करेगा हार और जीत

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शहर के हर कोने में चुनाव को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म होने लगा है। हर गली, मोहल्ले, नुक्कड़ या चाय की दुकान ऐसी चर्चाओं के लिए काफी मुफीद स्थान साबित हो रही हैं। यहां लोग चाय की प्याली के साथ चुनाव का पिटारा खोल रहे हैं। कोई किसी राजनैतिक पार्टी को जिता रहा है तो कोई दूसरी पार्टी के उम्मीदवार को। ऐसे में हर किसी का अपना मत है, लेकिन ओवरऑल मतदाता ही प्रत्याशी को जिताएगा। इस मामले में शहर के अलग अलग हिस्सों में लोगों के बीच चर्चाओं की अलग अलग मुद्दे देखे जा रहे हैं।

गांधीनगर क्षेत्र में एक चाय की दुकान पर चर्चाओं का दौर सुनने को मिला। इस इलाके के निवासी पंकज साहू, महावीर सिंह गुनी, केटी कन्नन, एनएस बसंत, अजय नायर, सर्वेश



तोमर, आशीष राजपूत आदि का मानना है कि लोकसभा चुनाव में मतदाता, जिसे चुनेगा, वही जीतेगा, पिछले चुनाव में भी चर्चाएं बहुत सी रही थीं, लेकिन परिणाम सभी के सामने है। इस बार भी अभी हर दिन चर्चाएं चल रही हैं, कोई भी किसी की जीत-हार का दावा कर सकता है। ऐसे में प्रमुख राजनैतिक पार्टियों में शामिल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के प्रत्याशियों के बीच होने वाली हार-जीत की बात आम लोगों के बीच सबसे ज्यादा सुनी जा रही है।

## विदिशा संसदीय क्षेत्र को आदर्श लोकसभा बनाना है: शिवराज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को विदिशा में बाढ़ वाले गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की और विदिशा भ्रमण कर होली मिलन समारोह में शिरकत की। चौहान ने सभी को रंगों के पर्व होली, रंगपंचमी की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने जमीन पर बैठकर मंजीरा बजाया, ढोल की थाप पर डांस किया और होली के गीत भी गुनगुनाए।

चौहान ने कहा कि विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र को आदर्श लोकसभा क्षेत्र बनाना है। यहां के हर शहर, हर ग्राम को आदर्श बनाना है। उन्होंने कहा कि, किसान, महिला, युवा और गरीब के कल्याण और विकास ही हमारा लक्ष्य है।

### ग्वालियर में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# कांग्रेस कार्यालय से लेकर कमलनाथ आवास तक, सब भ्रष्टाचार में लिप्त

- कांग्रेस मेवा खाने के लिए राज करती है, भाजपा देश सेवा के लिए
- कांग्रेस भ्रम फैला रही, बैंक खाते फ्रीज नहीं, सिर्फ देनदारी पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां देश की 140 करोड़ जनता को यह भरोसा दिलाते हैं कि उनके खून और पसीने की पाई-पाई देश को समर्पित है। वहीं भ्रष्ट कांग्रेस




पार्टी व इंडी गठबंधन का नया करप्शन जनता के सामने आ रहा है। कांग्रेस ने केवल टैक्स की ही चोरी नहीं की, बल्कि 2004 से 2014 तक देश में बहुत से घोटालों को भी अंजाम दिया। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में कानून सबके लिए बराबर है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद शर्मा ने रविवार को ग्वालियर के तानसेन होटल में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कर की चोरी करके शोर मचा रही है। इनकम टेक्स डिपार्टमेंट की जांच में कमलनाथ की भूमिका सवालों के घेरे में है और कर चोरी में उनका हाथ सामने आ रहा है। मीडिया में चल रही रिपोर्ट भी कमलनाथ को सवालों के घेरे में खड़ा कर रही है। ऐसे में कमलनाथ को जनता के समक्ष चंदे के धन्धे का हिसाब देना चाहिए। इस मौके पर वरिष्ठ मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

**खाते फ्रीज होने को लेकर जनता में भ्रम**

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि देश की हर राजनीतिक पार्टी के लिए उसकी आय उसे मिला हुआ चंदा ही होता है। लेकिन इस आय पर छूट पाने के लिए हर दल को आयकर अधिनियम 13 (ए) की शर्तों को पूरा करना होता है। आयकर विभाग के अनुसार, कांग्रेस ने असेसमेंट वर्ष 2018-19 में अधिनियम 13 (ए) का उल्लंघन किया है। जिसके बाद कई नोटिस दिए गए, लेकिन कांग्रेस ने इन नोटिसों का अनदेखा किया। आयकर विभाग ने अधिनियम 226 (3) के तहत रिकवरी की प्रक्रिया शुरू की। रिकवरी की प्रक्रिया शुरू होने के बाद कांग्रेस ने पहले आयकर ट्रिब्यूनल और फिर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की, लेकिन दोनों ही जगह उनकी याचिका खारिज कर दी गई। कांग्रेस आयकर विभाग की ओर से अपने खाते फ्रीज किए जाने के बयान देकर भ्रम फैला रही है, जबकि सच ये है कि सिर्फ देनदारी को रोका गया, बची हुई राशि पर कोई रोक नहीं है। उच्च न्यायालय से जब कांग्रेस को फटकार लगी तो ये लोग धरने पर उतर आए।

**कमलनाथ अपने ही बनाए जाल में फंसे**

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस बुरे दिनों की ओर बढ़ रही है। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की काली कमाई करने के साथ कई वरिष्ठ नौकरशाहों, मंत्रियों व व्यापारियों से बड़े पैमाने पर रिश्वत की वसूली की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल मेवा खाने के लिए राज करती है, भाजपा देश सेवा के लिए कार्य करती है। कमलनाथ छिंदवाड़ा की जनता से आंखें नहीं मिला पाएंगे। वह अपने जाल में फंसते जा रहे हैं।

**विष्णुदत्त ने अपनी मां से मुलाकात कर लिया आशीर्वाद...**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा रविवार को अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने ग्वालियर पहुंचे। उन्होंने मां से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

**कार्यकर्ता हर बूथ पर 370 नए मतदाता जोड़ने का संकल्प लेकर चुनाव में जुट जाएं**

विष्णुदत्त शर्मा मुरैना में पार्टी कार्यकर्ताओं के होली मिलन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य लोकसभा चुनाव नहीं है, इसलिए आप सभी कार्यकर्ता हर बूथ पर 370 नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का संकल्प लेकर जाएं। होली मिलन समारोह को मप्र के विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा को दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाने में मप्र के कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान है।

# पेज 1 का शेष

## मां नर्मदा के दर्शन ...

आश्रम में पहुंचे, जहां विशेष हवन तथा पूजा में वह शामिल हुए। कार्यक्रम के अंतर्गत संघ प्रमुख स्थानीय साधु संतों से भेंट करेंगे तथा स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं को भी उद्बोधन देंगे।

## 50 साल के अनुभव'...

बनाने में कामयाब रहे हैं। हाल ही में कथित राजनैतिक वनवास खत्म कर शिवराज सिंह चौहान फिर से मैदान में हैं। उनके मुकाबले के लिए कांग्रेस से पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा हैं। शर्मा इस सीट पर 33 साल बाद चुनावी मैदान में उतरे हैं। वे 1980 और 1984 में सांसद चुने गए थे। उनका कहना है कि अब वादाखिलाफी बहुत हो चुकी है। इसके चलते बदलाव बेहद जरूरी है। विदिशा संसदीय क्षेत्र में 3 दशक में बहुत कुछ कबाड़ा हो चुका है। वे 'हरिभूमि' और 'आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

## उनसे सीधी बात...

*ऐसी कभी नहीं हुई। इसका जनता जवाब अवश्य देगी।*

**सवाल:** *विधानसभा चुनाव के दौरान भी उतना ही आत्मविश्वास था, जितना आज है, इतना आत्मविश्वास कहां से लाते हैं?*

**जवाब:** *वक्त की कसौटी पर खरे भी उतरे हैं। क्षेत्र की कसौटी पर खरे उतरे हैं। मप्र में हमारी सरकार रही है। अभी हमारा प्रयास सरकार बनाने का था, लेकिन किसी कारणवश नहीं बना पाए। इसके कई कारण रहे हैं। प्रत्याशियों ने कई शिकायतें की। सबसे ज्यादा ईवीएम की शिकायतें की, जिनपर चुनाव आयोग मौन रहा है। परिणामों में हेराफेरी की शिकायतें भी आई हैं। यह सब आपने भी देखा है। ईवीएम पर नजर रखना बहुत जरूरी है। क्योंकि पूरा खेल और हेराफेरी इसी से संभव होता है। ईवीएम का मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर उठ रहा है, यह हमें कहने की जरूरत नहीं है।*

**सवाल:** *उसी ईवीएम से ही चुनाव हो रहे हैं तो आपके लिए गुंजाइश कहां बची है?*

**जवाब:** *ईवीएम पर कड़ी निगाह रखेंगे। अब ईवीएम में हेराफेरी बिल्कुल नहीं होने देंगे। यदि हुआ तो उसके लिए कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी। अब हाथ पर हाथ धरे कांग्रेस नहीं बैठे रहेगी। पार्टी ने चुनाव आयोग से लेकर सुप्रीम कोर्ट में मुद्दे उठाए हैं। हमने चुनाव आयोग से कहा है कि ईवीएम से परिणाम दे रहे हैं, उसके साथ वीवीपेट की पर्ची की भी काउंटिंग की जाए, भले ही दो दिन लग जाएं, तभी परिणाम आएं। इससे डिजीटल टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग को लेकर लोगों में जो शंका है, वह दूर हो जाएगी। अगर मैं कांग्रेस को वोट दे रहा हूं, वो हमें नहीं मिल रहा है तो यह हमारे मताधिकार का हनन है।*

**सवाल:** *आपके नेता तो पार्टी छोड़ रहे हैं, फिर कैसे जीत रहे हैं आप?*

**जवाब:** *देखिए, भाजपा सारे साम-दाम-दंड अपनाकर हमारे नेताओं को तोड़ रही है। ईडी, सीबीआई का डर दिखाया जा रहा है। मेरा मानना है कि इस चुनाव के बाद दलबदलुओं की कोई हैसियत नहीं रहेगी। कोई 17 हजार कार्यकर्ता या नेता भाजपा में नहीं गए। मेरा दावा है कि भाजपा इन 17 हजार लोगों की लिस्ट प्रकाशित करे, तभी सच्चाई सामने आएगी। कुछ लोग पद या कमाने के लालच से सौदेबाजी करके गए हैं। यदि इस बार दिल्ली में सरकार बदली तो यही जाने वाले नेता उल्टी नाक से पांव रगड़ेंगे, ये मेरा दावा है।*

**सवाल:** *शिवराज 10 लाख वोटों से जीतने का दावा कर रहे हैं तो आपका क्या होगा?*

**जवाब:** *उनकी हवाहवाई बात करने की, घोषणावीर होने की पुरानी आदत है। मेरा दावा है कि वे 1 लाख से ज्यादा वोटों से हारेंगे। मप्र का इतिहास देख लीजिए कोई 10 लाख मतों से नहीं जीता। इसी से अंदाजा लगा लीजिए यह कितनी फर्जी बात है। भले ही विधानसभा में हम हारे हैं। इस घाटे को मेहनत की दमपर लाभ में बदलेंगे। जनता बदलेगी। इसलिए भी बदलेगा, क्योंकि 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात करने वालों ने 5 लाख लोगों को भी रोजगार नहीं दिया। 10 साल में 20 करोड़ लोगों का रोजगार मिलना चाहिए, वह कहां हैं। किसानों के लिए एमएसपी कानून नहीं बनाया।*

## भ्रष्टाचारियों पर...

कहा कि मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं, तो कुछ लोग अपना आपा खो बैठे हैं और मेरे प्यारे देशवासियों मैं कहता हूं मोदी की गारंटी रहती है। मोदी का मंत्र है, भ्रष्टाचार हटाओ! वह कहते हैं, भ्रष्टाचारी बचाओ। पीएम मोदी ने कहा कि यह चुनाव दो खेमों की लड़ाई है, एक खेमा एनडीए का, जो भ्रष्टाचार हटाने के लिए मैदान में है। दूसरा वह एक है जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए मैदान में है। उन्होंने कहा कि कहा कि मैं भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई नहीं कर रहा, इन भ्रष्टाचारियों ने इन बेईमानों ने जिसका धन लूटा है, उनका धन मैं लौटा रहा हूं। इन लोगों ने मिलकर एक इंडी गठबंधन बना लिया है। सीएम आदित्यनाथ योगी ने इस दौरान बड़ा बयान दिया है और कहा है कि इस चुनाव में नेशन फर्स्ट का मुकाबला फैमिली फर्स्ट के एजेंडे से होगा। वहीं, इस रैली के दौरान पीएम मोदी ने मंच से चौधरी चरणसिंह को याद कर भाषण की शुरुआत की और कहा कि मेरठ से मेरा खास रिश्ता है। पिछली बार भी औघड़नाथ की इसी धरती से रैली का आगाज करने का सौभाग्य मिला था। पीएम मोदी ने कहा कि जब भारत दुनिया में नंबर तीन पर पहुंचेगा, तो देश में गरीबी तो दूर होगी ही, और साथ-साथ एक सामर्थ्यवान, एक सशक्त देश बनेगा। पीएम मोदी ने कहा है कि साथियों मैंने लाल किले से कहा था, कि यही समय है सही समय है भारत का समय आ गया है भारत चल पड़ा है आज भारत में तेजी से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बन रहा है। आज भारत इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर अभूतपूर्व निवेश कर रहा है।

**नई ऊंचाई पर भारत की साख:** -पीएम मोदी ने नौजवानों को मिले फायदे को लेकर कहा कि आज हर सेक्टर में नौजवानों के लिए अनगिनत नए अवसर बन रहे हैं, आज देश की नारी शक्ति नए संकल्पों के साथ आगे आ रही है आज भारत की साख दुनिया भर में भारत की साख नई ऊंचाई पर है। कभी अयोध्या में राम मंदिर बनेगा, ये लोगों को मुश्किल लगता था, लेकिन राम मंदिर बना और इस बार अवध में रामलला ने भी खूब होली खेला। पीएम ने अपनी सरकार के कामकाज भी गिनाए।

**विपक्षी नेताओं के घर से निकल रहे सैकड़ों करोड़ कैश:** पीएम मोदी ने विपक्षी दलों को लेकर कहा कि इनको लगता है मोदी इससे डर जाएगा लेकिन मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है, मेरा भारत मेरा परिवार है। मैं अपने देश को भ्रष्टाचार से बचने के लिए जो कदम उठाए जा रहे हैं। उनके खिलाफ एक बहुत बड़ी लड़ाई लडूंगा, इसलिए बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट तक भ्रष्टाचारियों को जमानत नहीं मिल रही है और इसलिए कई बड़े-बड़े भ्रष्टाचारियों को कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और इसलिए पूरे देश में अपने टीवी पर देखा होगा कहीं बिस्तर के नीचे से नोटों के ढेर निकल रहे हैं, कहीं दीवारों से नोटों के ढेर निकल रहे हैं।

## लोकसभा चुनाव को ...

में मैच फिक्सिंग कहा जाता है। हमारे सामने लोकसभा चुनाव हैं। अंपायरों को पीएम मोदी ने चुना था। हमारी टीम के दो खिलाड़ियों को मैच से पहले गिरफ्तार कर लिया गया है। सपा के अखिलेश ने कहा कि ये लोग '400 पार' का नारा दे रहे हैं। अगर ये 400 से ज्यादा सीट जीत रहे हैं तो इतने घबराए हुए क्यों हैं? क्यों दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल दिया गया। राजद के तेजस्वी यादव ने कहा कि वे लोग '400 पार' का नारा दे रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि पहले से ही ईवीएम में सेटिंग है। यादव ने कहा कि मोदी की गारंटी बिल्कुल चीनी माल जैसी गारंटी है। इस महारैली में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी मौजूद रहे। इनके अलावा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, शिवसेना प्रमुख (यूबीटी) उद्धव ठाकरे, सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव, टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रेयन, लेफ्ट नेता सीताराम येचुरी, एनसीपी (पवार) शरद पवार सहित कई दिग्गज नेता मौजूद हुए।

## जिनको दलाली करना ...

चर्चा में सिंह ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने वालों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा वही नेता जा रहे हैं, जिनको धंधा करना है, डर है गलत काम किए हैं, जेल चले जाएंगे। उनको चाहिए रेत की खदानें, क्रेशर चाहिए, जिनको दलाली करना है वो जा रहे हैं सरकार के साथ, जनता उनके साथ नहीं जा रही है। केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए इसे लोकतंत्र की हत्या बताया। भाजपा के 400 पार के नारे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा ने कम कहा 543 क्यों नहीं कहा। इलेक्ट्रोरल बांड क्या है, ईडी भेजो, सीबीआई भेजो, आईटी भेजो, गला पकड़ो और वसूली करो। पदयात्रा में पूर्व मंत्री हुकुम सिंह कराड़ा, सुसनेर विधायक भेरूसिंह परिहार बापू भी उनके साथ चल रहे थे।

## मंत्री पुत्र व रेस्टोरेंट ...

पर पुलिस ने साधारण मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। जबकि मंत्री के बेटे के दोस्त को फरियादी बनाकर रेस्टोरेंट संचालक डेनिस मार्टिन और एक अन्य पर मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। उक्त घटना रात करीब 8 बजे के आसपास की है और पुलिस ने देर रात एक बजे के आसपास एफआईआर की। मंत्री की शिकायत पर अभद्रता और थाने में मारपीट करने के आरोप में एक एसआई समेत चार पुलिसकर्मियों को भी सस्पेंड किया गया है। थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने बताया कि सलैया निवासी विवेक सिंह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पत्रकार हैं। शनिवार रात वह बाइक से अपने घर सलैया जा रहे थे। इस दौरान त्रिलंगा तिराहे पर माखनलाल कॉलेज के पास सिग्नल रेड होने पर विवेक ने अपनी बाइक रोक ली। इसी बीच उनकी बाइक के पीछे इनोवा कार आकर रुकी थी। इनोवा के ड्राइवर ने हॉर्न बजाया। इस पर विवेक ने इशारा करते हुए सिग्नल दिखा दिया। सिग्नल दिखाने से इनोवा कार चला रहा मंत्री जी का बेटा भड़क गया और उसने विवेक सिंह की बाइक को टक्कर मार दी। बाइक को टक्कर मारने का विवेक ने विरोध किया तो मंत्री का बेटा अभिज्ञान पटेल अपने साथी के साथ नीचे उतरा और विवेक से मारपीट करने लगा। विवेक जान बचाकर रेस्टोरेंट में घुसा तो अभिज्ञान और उसके साथी रेस्टोरेंट में घुस गए। वे रेस्टोरेंट में घुसकर विवेक से मारपीट करते रहे। रेस्टोरेंट में मौजूद संचालिका अलीशा मॉर्टिन (सक्सेना) ने रेस्टोरेंट में हंगामा और मारपीट करने का कारण पूछा तो अभिज्ञान और उसका साथी भड़क गया और अलीशा के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान रेस्टोरेंट संचालक अलीशा के पति डेनिस मॉर्टिन पहुंचे तो अभिज्ञान और उसके साथी ने उनके साथ भी मारपीट की। सिर में गमला लगने से डेनिस को गंभीर चोट आई है। जवाबी कार्रवाई में डेनिस और उनके साथ मौजूद रेस्टोरेंट में एक युवक ने अभिज्ञान और उसके साथी से मारपीट की थी। विवाद थाने तक पहुंच और पुलिस ने दोनों पक्षों की सुनवाई करनी चाही। इसी दौरान थाने में मंत्री के बेटे अभिज्ञान का गुस्सा फूट पड़ा। यहां भी उसने शोर मचाकर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान थाने में मौजूद सब इंस्पेक्टर जय सिंह और एक एएसआई समेत दो कांस्टेबलों ने स्थिति पर काबू करने अभिज्ञान और उसके साथी पर सख्ती की थी। कुछ देर बाद मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भी थाने पहुंच गए। थाने में उनके बेटे ने बताया कि उसके साथ मारपीट की गई है। मंत्री ने घटना की जानकारी आलाधिकारियों को दी और एसआई समेत चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया। इनमें एसआई जय सिंह, एएसआई कन्हैयालाल यादव, कांस्टेबल आशीष त्यागी और नरेश गुर्जर शामिल हैं।

## मुंबई के परिवार से...

वकील और उनके परिवार के साथ मारपीट की गई। प्रसाद नहीं खरीदने पर दुकानदार और उसके साथी इस परिवार पर टूट पड़े। वकील का सिर फोड़ दिया। परिवार की महिला को बाल पकड़कर खींचा। बच्चियों से भी छेड़खानी की। हमले में घायल तीन लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुप्रीम कोर्ट के वकील अमरदीप भट्टाचार्य मुंबई के बोरीवली वेस्ट के रहने वाले हैं। उनकी और उनके भाई हाईकोर्ट के वकील ऋषिकेश भट्टाचार्य की फैमिली रविवार सुबह महाकाल मंदिर में भस्म आरती में शामिल हुई। इसके बाद सभी 8 लोग मैजिक गाड़ी हायर कर काल भैरव मंदिर पहुंचे थे। आरोप ये भी है कि मारपीट करने वाले लोग परिवार को अस्पताल नहीं जाने दे रहे थे। किसी तरह मैजिक ड्राइवर कमल कुमार उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। आरोपी भी पीछे से जिला अस्पताल पहुंच गए और पुलिस की मौजूदगी में ही परिवार को धमकाया।

**25 से ज्यादा फूल प्रसादी की दुकानें हटाई:** मारपीट की इस घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए काल भैरव मंदिर के बाहर दोपहर तक 25 से ज्यादा फूल-प्रसादी की अवैध दुकानें जेसीबी चलाकर गिरा दीं। कुल 40 दुकानें यहां से हटाई जाएंगी।

## वरिष्ठ नेता आडवाणी ...

सिंह, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन और दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' मरणोपरांत प्रदान किया था।

## गुवाहाटी एयरपोर्ट...

के कारण वहां दीवारों, छतों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके खौफनाक वीडियो भी सामने आए हैं। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 70 लोग घायल हो गए। बारिश और तूफान के कारण फोरकोर्ट एरिया में छत का एक हिस्सा भी टूट गया। इसके कारण पानी भी अंदर भर गया था। हालांकि किसी यात्री को कोई चोट नहीं आई है। बारिश और तूफान को लेकर मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि बचाव और राहत कार्य जारी हैं।

## जलपाईगुड़ी में ऐसा ...

बकाली, जोरपाकडी, माधबडांगा और सप्तीबारी शामिल हैं। मैनागुरी के कई इलाकों में तेज हवाओं के कारण कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गए।

## कमलेश शाह को ...

अपने परिवार में कांग्रेस को बंद कर लिया है। उनकी पत्नी, उनके बेटे वही नेता बनने चाहिए। छिंदवाड़ा में आम समाज का कोई व्यक्ति सांसद, नेता नहीं बनना चाहिए।

## छिंदवाड़ा में कमलनाथ ...

कमलनाथ की स्थिति बहुत गड़बड़ है। ये वो गड़बड़ी के प्रमाण हैं कि ये किसी समाज को नहीं जानते और किसी के बारे में कुछ भी बोल देते हैं। अपमान कर देते हैं राजनीति में इससे किसी की छवि नहीं बनती है। इसके उलट जब कमलेश शाह भाजपा में आए तो उन्होंने सम्मान के साथ कहा कि कमलनाथ मेरे आदरणीय रहे हैं। जब कमलेश शाह विनम्रता रख रहे हैं, सम्मान रख रहे हैं, लेकिन आप (नकुलनाथ) उनको गाली दे रहे हैं।

# आरएनटीयू के हॉकी खिलाड़ी विवेक व अदिती को हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल







रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर, अदिती महेश्वरी को हॉकी इंडिया ने अपने वार्षिक पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया। आज दिल्ली में आयोजित समारोह की शुरुआत माइलस्टोन अवाड्र्स 2023 से हुई, जिसमें विवेक सागर प्रसाद, को 100 अंतरराष्ट्रीय कैप पूरे करने के लिए एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। वहीं जूनियर एशिया कप 2023 की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय जूनियर महिला टीम को भी सम्मानित किया गया। इस टीम में आरएनटीयू की अदिती महेश्वरी ने अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया था।

उन्हें दो लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स बोर्ड के सलाहकार अशोक ध्यानचंद को समारोह में शीर्ष पुरस्कार हॉकी इंडिया मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सलाहकार व खिलाड़ियों के सम्मानित होने पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, प्रो -चांसलर डॉ. अदिती चतुर्वेदी वत्स, कुलपति प्रो. रजनी कांत, कुलसचिव डॉ. विजय सिंह और जिला खेल अधिकारी रायसेन जलज चतुर्वेदी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों और अशोक ज्ञानचंद जी को बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि यह विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

# अंकुर क्रिकेट लीग के पहले मैच में विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी की शानदार जीत

**अंडर-18 के मुकाबले में संकल्प चुने गए मैन ऑफ द मैच**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्थानीय अंकुर क्रिकेट अकादमी भोपाल द्वारा आयोजित अंकुर क्रिकेट लीग 2024 के अंडर-18 आयु वर्ग के मैच में अंकुर क्रिकेट अकादमी (ए) एवं विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के बीच खेले जा रहे मुकाबले में विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी ने अपने शनिवार के स्कोर 193 पर 5 विकेट से आगे खेलते हुए पूरी टीम 201 रन जोड़कर ऑल आउट हो गई। अंकुर क्रिकेट अकादमी (ए) की ओर से गेंदबाजी करते हुए सूर्यांश पटेल ने 15 ओवर में 3 मेडन फेंके और 27 रन देकर 8 विकेट हासिल किए।



### आज का मैच

अरेरा क्रिकेट एकेडमी एवं अंकुर क्रिकेट एकेडमी अंडर-16 आयु वर्ग का खेला जाएगा

### अंकुर को पहली पारी में मिली 1 रन की बढ़त

वहीं अभिषेक पाल ने 2 विकेट प्राप्त किए। इस तरह अंकुर क्रिकेट अकादमी ए को पहली पारी में 1 रन की बढ़त मिली। अपनी दूसरी पारी में अंकुर क्रिकेट अकादमी (ए) ने 33 ओवर में 105 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए सौरभ सिंह, अनमोल व मानस ने 2-2 विकेट हासिल किए और आर्यन, कासिफ, आभास को 1-1 विकेट मिले। धर्मवीर चौहान ने 29, शौर्य सिंह ने 14 रन का योगदान दिया। इस तरह वीएस अकादमी को 106 रन का टारगेट मिला, जिसे 21 ओवर में 2 विकेट पर 106 रन का टारगेट प्राप्त कर मैच असानी से जीत लिया। इसमें संकल्प पाराशर ने 44, एवं आरव यादव ने 16 रन का योगदान दिया।

# मैनिट: पहले अंतर-विभागीय रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, 9 टीमों ने लिया भाग

**27 से 31 मार्च तक किया गया आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) ने 27 से 31 मार्च तक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पहले अंतर-विभागीय रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। उद्घाटन निदेशक प्रो. करुणेश कुमार शुक्ला ने किया। इसमें कुल 9 टीमों ने भाग लिया। शनिवार को खेला गया पहला सेमीफाइनल प्रशासन टीम बनाम प्रबंधन और विज्ञान टीम के बीच खेला गया। दूसरा सेमीफाइनल कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग टीम बनाम केमिकल और एमएमई टीम के बीच रहा। पहला प्रशासन की टीम ने और दूसरा कंप्यूटर साइंस टीम ने जीता। रविवार को प्रशासन टीम और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया।

## विधायक कप: अरेरा ने अंकुर को 148 रन से हराया, केतन-ईरानवीर मैन ऑफ मैच

भोपाल। गौतम नगर खेल मैदान पर खेले गए विधायक कप के अंडर 12 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को अरेरा क्रिकेट क्लब और अंकुर क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। अरेरा क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की 40 ओवर पूरे खेलते हुए 307 रन बना दिए, जिसमें केतन ने 86 और युवराज ने 71 रन बनाए। युवराज और सोहन ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में अंकुर क्लब 160 रन पर ही ढेर हो गई। अरेरा के ईरानवीर ने 4 और तेजस ने 2 विकेट लिए। केतन और ईरानवीर को संयुक्त रूप मैन से ऑफ द मैच चुना गया।





हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष:** वाणी के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लेन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जांच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावसायिक

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
1200/-
10X4
40
1 अप्रैल 2022 से लागू


छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ायें। नसों की कमजोरी बाजारू धातु का पतलापन, शुक्र, नी.डी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
08116592844

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कबियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## शब्द पहेली - 5468



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 5467 का हल



## सुडोकु नवताल- 5479



# मुथूट फाइनेंस भारत का सबसे भरोसेमंद वित्तीय सेवा ब्रांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट 2024 के अनुसार लगातार 8वें वर्ष भारत की सबसे बड़ी गोल्ड लोन एनबीएफसी, मुथूट फाइनेंस ने भारत के नंबर 1 सबसे भरोसेमंद के रूप में मान्यता प्राप्त करके एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया । टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट के अनुसार लगातार 8वें वर्ष वित्तीय सेवा ब्रांड (बीटीआर) 2024 मान्यता हासिल किया है। यह मान्यता मुथूट फाइनेंस की ग्राहक केंद्रित सेवा वितरण में उत्कृष्टता एवं अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट की 13वीं श्रृंखला में 16 शहरों में 2,500 उपभोक्ता-प्रभावकों के साथ प्राथमिक शोध का परिणाम है। इस अध्ययन में 6,000 घंटे से अधिक का फील्डवर्क और उनकी प्रतिक्रियाएं शामिल थीं विश्वास के ब्रांड व्यवहार के लिए उपभोक्ताओं को शीर्ष 1000 भरोसेमंद सूचीबद्ध किया गया भारत में ब्रांड- ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट उन असाधारण ब्रांडों का जश्न मना रही है जिसमें कि भारत में उपभोक्ताओं का विश्वास पाया गया है। पिछले कुछ वर्षों में, मुथूट फाइनेंस ने लगातार अपने व्यवसाय का विस्तार किया है एवं संपूर्ण भारत में 6300 से अधिक शाखाओं का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित किया है। यह व्यापक उपस्थिति एनबीएफसी को 2.5 से अधिक लोगों को परेशानी मुक्त स्वर्ण ऋण प्रदान करने में सक्षम बनाया है, प्रतिदिन लाखों ग्राहक, उनकी विविध वित्तीय आवश्यकताओं को कुशलतापूर्वक पूरा करते हैं।

## टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट

**मान्यता** ग्राहक केंद्रित सेवा वितरण में उत्कृष्टता एवं अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि



### मुथूट फाइनेंस एक विरासत के रूप में खड़ा

मुथूट ने स्थापना के बाद से ही 72 करोड़ से अधिक की विविध वित्तीय जरूरतों को पूरा किया है बार-बार आने वाले ग्राहकों सहित, मुथूट फाइनेंस एक विरासत के रूप में खड़ा है वित्तीय समावेशन, ग्राहक सशक्तिकरण और सेवा गुणवत्ता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता। गोल्ड लोन फाइनेंस में अग्रणी होने से, मुथूट फाइनेंस का लक्ष्य इसे सुदृढ़ करना भी है। अपनी उपस्थिति को और अधिक विस्तारित करके एक वित्तीय सेवा समूह के रूप में माइक्रोफाइनेंस, गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण, व्यवसाय ऋण, वाहन ऋण और बीमा कुछ के नाम बताने के लिए ब्रोकिंग स्थान प्राप्त किया।

### मुथूट फाइनेंस पर लाखों ग्राहक का भरोसा अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट

अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट, मुथूट फाइनेंस के संयुक्त प्रबंध निदेशक ने कहाकि



मुथूट फाइनेंस पर भरोसा है अपने ग्राहकों द्वारा व्यापक रूप से और हम 2016 से लगातार 8वें वर्ष विश्वसनीय वित्तीय सेवा ब्रांड भारत के नंबर 1 ब्रांड के रूप में पहचाने जाने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं । वास्तव में हमारी टीम के पास उपभोक्ता अनुभव को विकसित करने का प्रयास ग्राहक केंद्रित व्यवसाय संगठन अटूट रहा है और यह मान्यता भरोसे का प्रमाण है और विश्वास है कि हमारे लाखों ग्राहक हम पर भरोसा करते हैं जो हमारी टीम की सफलता के नये परचम लहरा रही है।

### एनबीएफसी क्षेत्र में मार्केट लीडर के रूप में स्थिति मजबूत

मुथूट फाइनेंस का उत्कृष्टता और ग्राहक के प्रति अटूट समर्पण है वित्तीय सेवाओं के परिदृश्य में खुद को विश्वास और विश्वसनीयता के प्रतीक के रूप में स्थापित किया, गोल्ड लोन एनबीएफसी क्षेत्र में मार्केट लीडर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

# जेईई (एडवांस्ड) के विद्यार्थियों के लिए रेजोनेंस का यूनिक एचओडी बैच लीजेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए देश भर में विख्यात रेजोनेंस संस्थान ने कक्षा 10 वीं से कक्षा 11वीं में प्रवेश करने जा रहे एवं जेईई मेन व एडवांस्ड 2026 की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए लीजेंड बैच की घोषणा की है ।

यह बैच 15 अप्रैल 2024 से प्रारंभ होने जा रहा है एवं बैच के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और विद्यार्थी रेजोनेंस की वेबसाइट पर जाकर इस बैच के लिए आवेदन कर सकते हैं।



### कोटा में ऑफलाइन मोड में इंग्लिश माध्यम के विद्यार्थियों के लिए चलेगा यूनिक बैच

इस बैच की विशेषता यह है कि इसमें रेजोनेंस के सभी विभागाध्यक्ष पढ़ाएंगे, जिसमें रेजोनेंस के संस्थापक व प्रबंध निदेशक आरके वर्मा (आरकेवी सर), गणित के विभागाध्यक्ष लोकेश खंडेलवाल (एलके सर), केमिस्ट्री के विभागाध्यक्ष शिव प्रताप रघुवंशी (एसपीआर सर), फिजिक्स के विभागाध्यक्ष भरत कुमार मटोरिया (बीकेएम सर) व गणित के प्रोफेसर व डिप्टी हेड कपिल जोशी (केजे सर) पढ़ाएंगे । यह यूनिक बैच केवल कोटा में ऑफलाइन मोड में इंग्लिश माध्यम के विद्यार्थियों के लिए चलाया जाएगा।

### इस बैच में हॉस्टल व मैस की सुविधा भी

*इस बैच में विद्यार्थियों को अभ्यास कार्यक्रम की सुविधा भी प्रदान की जा रही है जिसके माध्यम से बच्चों को नियमित क्लासेस के बाद 4 घंटे तक की सेल्फ स्टडी, नियमित अभ्यास, प्रॉब्लम सॉल्विंग व होमवर्क चेकिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। कोटा के बाहर से आने वाले विद्यार्थियों के लिए इस बैच में हॉस्टल व मैस की सुविधा भी दी जाएगी जबकि कोटा में रहने वाले विद्यार्थियों को इस बैच में नियमित अध्ययन व अभ्यास की सुविधा प्रदान जाएगी।*

इरडा ने कहा- 1 अप्रैल के बाद से यह लागू

# पॉलिसीधारक को आज से पॉलिसी सिर्फ डिजिटल रूप में ही मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक अप्रैल 2024 के बाद बीमा खरीदने वाले हैं, तो अब सिर्फ डिजटल फॉर्मेट में ही मिलेगा। क्योंकि अब बीमा कंपनी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण के पॉलिसीधारकों के हितों के संरक्षण नियमों के अनुसार पॉलिसी सिर्फ डिजिटल रूप में जारी करेगी। नए नियमों के मुताबिक, बीमा कंपनियों के लिए डीमैट फॉर्म में पॉलिसी जारी करना अनिवार्य है और अब इसे चार बीमा रिपोजिटरी सीएएमएस रिपोजिटरी, कार्वी, एनएसडीएल डेटाबेस मैनेजमेंट और सेंट्रल इंश्योरेंस रिपोजिटरी ऑफ इंडिया द्वारा सुगम बनाया जाएगा।



ई-बीमा खातों में डिजिटल रूप में पॉलिसी जारी करना और रखना शामिल है। जबकि ज्यादातर निजी बीमाकर्ता पहले से ही पॉलिसीधारकों के लिए ई-बीमा खाते खोलते हैं, पॉलिसीधारक अन्य पॉलिसी को इलेक्ट्रॉनिक रूप में खरीदने और रखने का ऑप्शन चुन सकते हैं। एक अप्रैल से बीमा कंपनियों के लिए सिर्फ डिजिटल पॉलिसी जारी करना अनिवार्य है। इरडा के नियमों में कहा गया है कि चाहे प्रपोजल इलेक्ट्रॉनिक रूप में मिला हो या किसी और तरीके से, हर बीमाकर्ता सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक रूप में बीमा पॉलिसी जारी करेगा।

## जीएसटी विभाग ने जोमैटो को दिया 23.26 करोड़ का नोटिस

**नई दिल्ली।** फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी जोमैटो को तगड़ा झटका लगा है। कंपनी को भारी भरकम जीएसटी का नोटिस मिला है। कंपनी को यह नोटिस कर्नाटक में कमर्शियल टैक्स (ऑडिट) के असिस्टेंट कमिश्नर से मिला है। ऑनलाइन ऑर्डर देकर खाना मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को कर अधिकारियों से 23.26 करोड़ रुपए की कर मांग का नोटिस मिला है। इसमें ब्याज और जुर्माना शामिल है।




क्वालिटीनुसार भाव 200 से 400 रुपए किलो

# गर्मी बढ़ने के साथ मंडी और मार्केट में आसमान छू रहा 'नींबू का भाव'

### आने वाले दिनों में नींबू हो सकता और महंगा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

गर्मी बढ़ने के साथ ही मार्केट में नींबू की खपत भी बढ़ गई है। इससे इसकी कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मांग बढ़ने से रिटेल के साथ-साथ हॉलसेल मार्केट में भी नींबू महंगा हो गया है। स्थानीय करोंद स्थित थोक सब्जी मंडी में क्वालिटीनुसार नींबू 200 से 400 रुपए किलो के भाव बिकना बताया जा रहा है।

विक्रेताओं के अनुसार नींबू कीमत में 350 फीसदी की जबरदस्त मूल्य वृद्धि हुई है। कहा जा रहा है कि अगर तापमान में बढ़ोतरी इसी तरह से जारी रहा तो आने वाले दिनों में नींबू और महंगा हो सकता है।



### पेड़ के फूल खराब होने से उपज में कमी आई

नींबू व्यापारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने से नींबू की मांग और बढ़ेगी। मध्यम आकार के नींबू की कीमत 3 से 5 रुपए हो गई है, जबकि बड़े आकार का नींबू 5 ,6 और 7 रुपए में बिक रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस बार नींबू के पेड़ के फूल खराब हो गए थे, जिससे उपज में कमी आई है। सब्जी मंडी व्यापारी मो.सलीम के अनुसार एक महीने पहले बड़े आकार के 1,000 नींबू की थोक कीमत 2,000 रुपए थी। अब, बड़े आकार की समान मात्रा के लिए, हमें 7,000 रुपए से भी अधिक का भुगतान करना पड़ रहा है। यानी नींबू के हॉलसेल रेट में 350

### किसानों के पास मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त मात्रा में नींबू नहीं

जानकारों का कहना है कि नींबू की कीमत में बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं की जेब पर महंगाई का बोझ बढ़ गया है और उनके किचन का बजट खराब होने लगा है। विक्रेताओं के अनुसार इस साल पर्याप्त मात्रा में नींबू का उत्पादन नहीं हुआ है, जिससे सप्लाई में भी कमी है। यही वजह है कि नींबू की कीमत आसमान छू रही है। बताया जा रहा है कि किसानों के पास मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त मात्रा नींबू नहीं है।



### लहसुन की लेवाली बढ़ी स्टॉकिस्ट भी हुए सक्रिय

लहसुन के भाव में आने वाले दिनों को देखते हुए स्टॉकिस्ट सक्रिय हो गए हैं। मंडी में लहसुन की लेवाली अधिक हो गई है। इसका असर भाव पर पड़ा है। जानकारों के अनुसार लहसुन के भाव में तेजी आने की संभावना जाता रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस वर्ष लहसुन का रकबा पिछले वर्ष की तुलना में कम है, यही कारण है कि आने वाले दिनों में भी लहसुन के भाव कम नहीं होंगे। इधर किसानों के पास में भी ज्यादा माल नहीं बता बचा है। लहसुन की सबसे बड़ी मंडी में नीमच में लहसुन की कुल 11000 बोरी की आवक रही। नीमच मंडी में भाव में 700 रुपए प्रति क्विंटल तक की तेजी रही। नीमच मंडी में आज ऊटी लहसुन के भाव 19500 रुपए प्रति क्विंटल रहे, वहीं देसी लहसुन 14300 रुपए प्रति क्विंटल तक बिकी।

*अब किसी भी बड़े औद्योगिक घराने के खिलाफ जांच से पहले*

# जीएसटी फील्ड ऑफिसर्स को लेनी होगी प्रिंसिपल कमिश्नर की मंजूरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने सेंट्रल जीएसटी अधिकारियों के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के तहत जीएसटी फील्ड ऑफिसर्स अब चार श्रेणियों में जांच शुरू करने और कार्रवाई करने के लिए जोनल प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर की लिखित में पूर्व मंजूरी की जरूरत होगी। इन चार श्रेणियों में किसी भी सेक्टर/कमोडिटी/सर्विस पर पहली बार टैक्स/शुल्क लगाने की मांग करने वाली व्याख्या के मामले शामिल हैं। इसके अलावा बड़े औद्योगिक घरानों और प्रमुख मल्टीनेशनल कंपनियों से जुड़े मामले, संवेदनशील मामले या राष्ट्रीय महत्व के मामले और ऐसे मामले जो पहले से ही जीएसटी परिषद के समक्ष हैं, इसमें शामिल हैं। इन दिशानिर्देशों के अनुसार जब एक करदाता की जांच अलग-अलग मामलों में राज्य जीएसटी और डीजीजीआई अधिकारी कर रहे हैं।

### सुजलॉन एनर्जी पर लगाया 260 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 260.35 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के नेशनल फेसलेस एसेसमेंट सेंटर ने एसेसमेंट ईयर 2016-17 और 2017-18 के मामले में यह कार्रवाई की है। यह पेनाल्टी गुडविल पर आधारित डेप्रिसिएशन के क्लेम को अस्वीकार करने से जुड़ी है। हालांकि, कंपनी ने पेनाल्टी के आदेशों पर आपत्ति जताई है। सुजलॉन ने कहा है कि पहले के न्यायिक आदेशों को ध्यान में रखते हुए कंपनी का मानना है कि जब तक इस सिलसिले में अपील पर सुनवाई पूरी नहीं की जाती है, तब तक पेनाल्टी की कार्यवाही को रोक कर रखा जाना चाहिए। कंपनी का कहना है कि इस सिलसिले में अपील फिलहाल ट्राइब्यूनल के पास पेंडिंग है, लिहाजा उसकी नजर में पेनाल्टी ऑर्डर अभी उचित नहीं है।

## खबर संक्षेप

### इकोस ने सेबी में दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई ।** इकोस (इंडिया) मोबिलिटी एंड हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड वित्त वर्ष 2023 के लिए परिचालन से आय और कर पश्चात लाभ के लिहाज से भारत में कॉरपोरेट जगत को शोफर द्वारा चलाई जाने वाली (शोफर ड्रिवन) वाहन प्रदान करने वाली सबसे बड़ी और सबसे लाभदायक कंपनी रही और इसने 2 रुपए अंकित मूल्य के 18,000,000 इक्विटी शेयरों तक की प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। कंपनी के प्रवर्तक राजेश लुम्बा, आदित्य लुम्बा, राजेश लुम्बा फैमिली ट्रस्ट और आदित्य लुम्बा फैमिली ट्रस्ट हैं। इस पेशकश के तहत 18,000,000 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री पेशकश शामिल है।

### डिलीवरी पैकेजिंग में अमेजन ने की वृद्धि

**मुंबई ।** अमेजन द्वारा कराए गए एक अध्ययन के अनुसार 10 में से सात (69 फीसदी) भारतीय वयस्क, ऑनलाइन ऑर्डर के जरिए मंगवाई गई चीजें बगैर अतिरिक्त डिलीवरी पैकेजिंग के खुशी से लेना चाहेंगे। ये निष्कर्ष ऐसे समय में जारी किए गए हैं जब अमेजन से अधिक से अधिक आवश्यक चीजें- जैसे, टॉयलेट रोल और पेय पदार्थ - बगैर अतिरिक्त उत्पाद पैकेजिंग भारतीय खरीदारों को डिलीवर किए जा रहे हैं। भारत में, अमेज़न फिर से उपयोग में लाये जाने वाले (रियूज़ेबल) क्रेट या टोट बैग का उपयोग कर खरीदी गई चीज़ों की सुरक्षा करती है।

## बिजनेस न्यूज

### हुंडई के आर्ट फॉर होप सीजन-थ्री के तहत 40 प्रतिभाशालियों को मिला अनुदान



**भोपाल।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की सीएसआर इकाई हुंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन (एचएमआईएफ) ने अपनी महत्वाकांक्षी पहल आर्ट फॉर होप के तीसरे संस्करण के तहत भारत के 20 क्षेत्रों से 40 कलाकारों को अनुदान देने की घोषणा की है। अपनी इनोवेटिव आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप के साथ मध्य प्रदेश के कटंगी के रहने वाले निश्चय ठाकुर चार दिवसीय आर्ट फॉर होप इवेंट में महफिल लूटने के लिए तैयार हैं। आर्ट फॉर होप पहल के तहत भारत की समृद्ध पारंपरिक कला, शिल्प एवं संस्कृति को पोषित एवं प्रोत्साहित करने पर फोकस किया जाता है। यह पहल देशभर की उत्कृष्ट प्रतिभाओं के लिए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के मंच की तरह काम करती है। आर्ट फॉर होप -सीजन 3 का आयोजन नई दिल्ली के त्रिवेणी कला संगम में 28 से 31 मार्च 2024 तक किया जाएगा। इस चार दिवसीय प्रदर्शनी एवं कार्यशाला में एचएमआईएफ से अनुदान प्राप्त करने वाले उभरते कलाकारों, युवाओं, महिलाओं, समुदायों एवं स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। आर्ट फॉर होप सीजन 3 के उद्घाटन समारोह में इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस के डायरेक्टर जनरल कुमार तुहिन, प्रतिष्ठित कथक नृत्यांगना एवं पद्मश्री से सम्मानित कुमारी कमलिनी एवं कुमारी नलिनी और हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ उन सू किम उपस्थित रहे। हुंडई के ग्लोबल विजन प्रोग्रेस फॉर ह्यूमैनिटी के अनुरूप आर्ट फॉर होप का उद्देश्य कला तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाना और कलाकारों को अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता दिखाने के लिए राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करना है।

### निसान मोटर ने लांच किया आर्क बिजनेस प्लान



**नई दिल्ली।** निसान मोटर कंपनी लिमिटेड ने मूल्य एवं प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए अपना नया बिजनेस प्लान आर्क लॉन्च किया। इस प्लान का फोकस प्रोडक्ट्स पोर्टफोलियो को विस्तार देने, इलेक्ट्रिफिकेशन बढ़ाने, इंजीनियरिंग एवं मैन्यूफैक्चरिंग में नई प्रक्रियाओं को अपनाने, नई टेक्नोलॉजी को अपनाने और वैश्विक स्तर पर बिक्री व लाभ बढ़ाने के लिए रणनीतिक साझेदारियों पर रहेगा। यह प्लान वित्त वर्ष 2020 से 2023 तक चले निसान नेक्स्ट बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन प्लान और कंपनी की लंबी अवधि के विजन निसान एंबिशन 2030 के बीच पुल की तरह काम करेगा। नए प्लान को वित्त वर्ष 2024 से 2026 तक के मिड-टर्म इंपेरेटिव्स और 2030 तक के मिड-लॉन्ग टर्म एक्शंस के बीच बांटा गया है।निसान प्रेसिडेंट और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर मकोतो उचिदा ने कहा, 'आर्क प्लान हमारे भविष्य की रूपरेखा दिखाता है। यह हमारी सतत प्रगति और बाजार की बदलती परिस्थितियों के अनुरूप ढलने की क्षमता दिखाता है। यह प्लान हमें मूल्य एवं प्रतिस्पर्धा के मामले में तेजी से आगे बढ़ने में सक्षम बनाएगा। बाजार में अप्रत्याशित उतार-चढ़ावों को देखते हुए निसान नए प्लान के अनुरूप निर्णायक कदम उठा रही है, जिससे सतत विकास एवं लाभ सुनिश्चित होगा।

### फॉरएवर लिविंग ने हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धि

**मुंबई।** फॉरएवर लिविंग प्रोडक्ट्स ने आगामी फॉरएवर ग्लोबल रैली 2024 के साथ उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, जो इनके सालाना कैलेंडर में महत्वपूर्ण आयोजन है। 9 अप्रैल से 14 अप्रैल 2024 के बीच नई दिल्लीी में आयोजित यह रैली बेजोड़ अनुभव का वादा करती है। फॉरएवर द्वारा आयोजित यह असाधारण कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए बदलावकारी प्रशिक्षण,रोचक कार्यशालाएं, उनके प्रयासों के लिए सम्मान और भव्य रैली शो लेकर आएगा। ग्लोबल रैली 100 देशों से 12,000 से अधिक लोगों को एकजुट करते हुए फॉरएवर लिविंग प्रोडक्ट्स के एक और सफलता भरे साल का जश्न मनाएगी। उम्मीद है कि इस बार भारत में फॉरएवर ग्लोबर रैली पर्यटन को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, तथा हॉस्पिटेलिटी एवं पर्यटन सेक्टर से जुड़े हजारों भारतीयों को लाभान्वित करेगी। बड़ी संख्या में लोग इस प्रोग्राम में हिस्सा लेंगे। फॉरएवर लिविंग प्रोडक्ट्स के सीईओ ग्रेग मॉघान ने कहा कि एफजीआर 2024 उपस्थितगणों को चुनौतियों एवं अवसरों के बारे में परिचित कराएगा।

### युवा स्टेशनरी ने प्राप्त किए लाइसेंसिंग अधिकार

**मुंबई।** हाउस ऑफ नवनीत एजुकेशन से युवा को अग्रणी एनिमेटेड सीरीज- ओगी एंड द कॉकरोचेज के साथ अपने सहयोग की घोषणा करते हुए बेहद खुशी है। सोनी याय के लिए शीलैम एनीमेशन से लाइसेंस प्राप्त, एनिमेटेड कॉमेडी ने अपनी मनोरंजक और गुदगुदाने वाली कहानियों के साथ कई वर्षों में दुनिया भर के दर्शकों के दिलों पर घर कर लिया है। ओगी, आकर्षक नीली बिल्ली, एक आइकन बन गई है, जिसने दुनिया भर के दर्शकों का दिल जीत लिया है। उसकी अपील सीमाओं और भाषाओं को पार करती है, सभी उम्र के दर्शकों के साथ जुड़ती है। बच्चे ओगी के प्यारे स्वभाव और जुड़ सकने वाले अनुभवों की ओर आकर्षित होते हैं, जिससे वह दोस्ती की दुनिया में सबसे चाहा जाने वाला चरित्र बन जाता है। इसकी सफलता सिर्फ टीवी स्क्रीन तक सीमित नहीं है।

6 महीने में 11000 महंगा हुआ सोना, आगे और चमकेगा

# अगले नौ महीनों में 75,000 रुपए तोला (10 ग्राम) के स्तर को छुएगा 'सोना'

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सोने की खरीदारी सालभर होती है, लेकिन वैवाहिकी सीजन, अक्षय तृतीया, रक्षाबंधन, धनतेरस, दीपावली में इसकी जबरदस्त डिमांड रहती है। इस साल अक्षय तृतीया से पहले ही सोने के रेट ने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

नए वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में यानी पहली तीन तिमाहियों में अनुमान है कि अमेरिकी फेड तीन बार ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। इसके अलावा ग्लोबल पॉलिटिकल टेंशन, अमेरिकी मुद्रास्फीति में कमी और अमेरिकी डॉलर के परफॉर्मेंस का असर सोने की कीमतों पर पड़ने की संभावना है। उम्मीद जताई जा रही है अगले वित्तीय वर्ष में एमसीएक्स पर सोने की कीमत 75,000 प्रति 10 ग्राम तक बढ़ेगी।



*अमेरिकी फेड तीन बार ब्याज दरों में कर सकता है कटौती*

### स्थानीय बाजार में सोना 70400 रुपए तो चांदी 75800 रुपए किलोग्राम

गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच स्थानीय भोपाल सराफा बाजार में सोने का भाव 70400 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत भी 75800 रुपए किलोग्राम है। बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल के अनुसार पिछले छह महीने में एमसीएक्स पर सोने की कीमत में लगभग 11,000 प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। आगे और भी तेजी की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2025 में सोने की कीमत में तेजी जारी रह सकती है क्योंकि यूएस फेड द्वारा 2024 में तीन ब्याज दरों में कटौती की घोषणा करने की उम्मीद है। अग्रवाल के अनुसार चालू वित्त वर्ष की पिछली दो तिमाहियों में 11,000 प्रति 10 ग्राम से अधिक बढ़ गया है। इसने निवेशकों को अट्रैक्ट किया है। यह तेजी का रुझान जारी रहने की उम्मीद है। अगले वित्तीय वर्ष में सोना और भी अधिक चमकेगा।

## इंफोसिस को मिलेगा 6,329 करोड़ रुपए का विंडफॉल टैक्स रिफंड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस को आयकर विभाग से विंडफॉल टैक्स रिफंड के रूप में करीब 6,329 करोड़ रुपए जल्द मिलने की उम्मीद है। कंपनी ने 30 मार्च 2024 को एक एक्सचेंज फाइलिंग में शेयर बाजारों को इसकी जानकारी दी। हालांकि असेसमेंट ऑर्डर के मुताबिक, कंपनी को 2,763 करोड़ रुपए की कर देनदारी का भी सामना करना पड़ सकता है। शेयर बाजारों को दी सूचना में कंपनी ने कहाकि इंफोसिस 31 मार्च 2024 को समाप्त होने वाली तिमाही और वर्ष के वित्तीय विवरणों पर इन आदेशों के निहितार्थ का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया में है।

रोक लगाने के लिए डिजिटल इंडिया ट्रस्ट के गठन पर विचार

# अवैध कर्ज देने वाले एप पर आरबीआई सख्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक साइबर फ्रॉड पर लगाम लगाने और अवैध कर्ज देने वाले ऐप पर रोक लगाने के लिए डिजिटल इंडिया ट्रस्ट एजेंसी (डिजिटा) के गठन पर विचार कर रहा है।



बता दें कि कि देश में अवैध कर्ज देने वाले ऐप तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही साइबर फ्रॉड के मामलों में में बढ़ोतरी देखी गई है। सूत्रों ने कहा कि यह एजेंसी डिजिटल लोन देने वाले ऐप का वेरिफिकेशन करेगी और वेरिफाइड ऐप का एक पब्लिक रजिस्टर बनाएगी।

### डिजिटा को सौंपी डिजिटल लोन देने वाले एप के जांच की जिम्मेदारी

सूत्रों ने कहा कि जिन ऐप पर डिजिटा के वेरिफिकेशन का निशान नहीं होगा, उन्हें अन-ऑथराइज्ड माना जाना चाहिए। इससे डिजिटल क्षेत्र में फाइनेंशियल क्राइम के खिलाफ लड़ाई में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि डिजिटा को डिजिटल लोन देने वाले ऐप की जांच की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। सूत्रों के अनुसार इस वेरिफिकेशन प्रोसेस से डिजिटल लोन क्षेत्र के भीतर अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही पैदा करने में मदद करेगी। इस बीच रिजर्व बैंक ने आईटी मंत्रालय के साथ 442 डिजिटल लोन देने वाले ऐप की एक लिस्ट साझा की है, ताकि उन्हें गूगल पर प्रतिबंधित किया जा सके।

## चिंतन

# राजग व इंडिया की रैली से बढ़ीं सियासी गर्मियां

आज सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक साथ मिशन 2024 के लिए अपने-अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूपी के मेरठ से तो विपक्ष ने नई दिल्ली के रामलीला मैदान से जनता से संवाद किया। पीएम मोदी ने अपने जनसंबोधन में जहां कांग्रेस के भ्रष्ट अतीत, परिवारवाद व विफलता पर करारा वार किया और मोदी 3:0 का रोडमैप पेश किया, जिसमें भारत को विकास के अगले चरण में ले जाने की रूपरेखा है, वहीं विपक्षी नेताओं के संबोधन के केंद्र में पीएम मोदी व भाजपा पर प्रहार और संविधान व लोकतंत्र पर खतरा आदि ही रटे-रटाए आरोप रहे। रामलीला मैदान में जिस तरह अरविंद केजरीवाल व हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में इंडी गठबंधन के 27 दलों के नेता एक मंच पर आए, और विपक्षी एकजुटता का परिचय दिया, उससे लगा कि 'इंडिया' मिशन 2024 के लिए कोई रोडमैप पेश करेगा। कम से कम कांग्रेस से तो ऐसी उम्मीद थी। लेकिन यह विपक्ष का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि उसने नेता, नीति, नए एजेंडे आदि पर कुछ भी नहीं कहा। अब जबकि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान महज 19 दिन बाद ही होना है, ऐसे में इंडी गठबंधन 273 का जादुई आंकड़ा कैसे पार करेगा, गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री कौन होगा, गठबंधन के अंदर सीट बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान कैसे सुलझेगी, चुनाव प्रचार अभियान किस तरह चलेगा, घोषणा-पत्र इंडिया का होगा या कांग्रेस का, विकास की कार्ययोजना क्या होगी, रोजगार सृजन का एजेंडा क्या होगा, महंगाई थामने की नीति क्या होगी, आंतरिक व बाह्य सुरक्षा पर नीति क्या होगी, विदेश नीति व आर्थिक नीति क्या होगी, जाति गणना से क्या हासिल होगी, भ्रष्टाचार का खात्मा कैसे होगा आदि पर स्पष्ट रूप से बात होनी चाहिए थी। इंडिया के लिए यह रैली एक अच्छा मौका था, जतना के सामने अपना एजेंडा रखने का, पर विपक्ष मोदी व भाजपा विरोध सिंड्रोम से बाहर निकल ही नहीं पा रहा है। घूम फिरकर विपक्ष एक ही राग अलापता रहता है कि लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। रामलीला मैदान से 'इंडिया' गठबंधन ने पांच सूत्री मांगें रखी हैं। ये हैं- केजरीवाल व हेमंत सोरेन की रिहाई, लोकसभा चुनाव में समान अवसर, जांच एजेंसियों की कार्रवाई रोकने, विपक्षी दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने और चुनावी चंदे व मनी लांड्रिंग की जांच के लिए एसआईटी का गठन। इन मांगों में कहीं से भी राष्ट्रीय राजनीतिक दृष्टिकोण नहीं है। क्या कांग्रेस, सपा, राजद, एनसी, एनसीपी (पवार), शिवसेना (उद्धव), डीएमके, झामुमो आदि दल परिवारवाद, वंशवाद से मुंह मोड़ सकते हैं? क्या कांग्रेस के समय कोल, टूजी, आदर्श, राष्ट्रमंडल खेल आदि घोटाले नहीं हुए, क्या एनसीपी-कांग्रेस सरकार के समय महाराष्ट्र में सिंचाई घोटाला नहीं हुआ, क्या चारा घोटाला नहीं हुआ? क्या झारखंड में जमीन घोटाला नहीं हुआ? क्या दिल्ली में शराब नीति घोटाला नहीं हुआ? तो क्या सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्शन नहीं लेगी? विपक्ष के मंच पर जितने भी नेता जुटे, उन्हें खुद के कृत्यों पर आत्मचिंतन करना चाहिए। इंडी गठबंधन के दल या तो परिवारवादी-वंशवादी है या व्यक्तिवादी। विपक्षी दल, नेता और विपक्षी गठबंधन किसी भी रूप में कोई राजनीतिक उम्मीद नहीं जगाते हैं, लगता है सब केवल और केवल सत्ता पाने के लिए इकट्ठे हुए हैं और इसलिए वे केवल पीएम मोदी व भाजपा पर आरोप लगाते हैं। बेहतर होगा कि विपक्षी गठबंधन जनता का विश्वास जीतने के लिए राष्ट्र निर्माण का एजेंडा प्रस्तुत करें। एक ही दिन राजग व इंडिया की रैली से राजनीतिक सरगर्मियां जरूर तेज हो गई हैं।



**विवेचना**
प्रो. नीलम महाजन सिंह

अरविंद केजरीवाल को सन्नी मारवाह के बयान पर ईडी के 9 सम्मन भेजे जाने के बाद, उन्हें गिरफ़्त में लिया है। पहले कांग्रेस, आम आदमी पार्टी पर 'भ्रष्टाचारी' होने के आरोप लगा रही थी, अब दिल्ली के चुनावों में, 'आप' की सहयोगी दल है। जिन राज्यों में शराब निषेध का कानून लगाया है, वहां राजस्व नुकसान तथा निजी हाथों में काला धन जमा होने के प्रमाण है। सच तो यह है कि किसी भी राज्य में सरकारी नीतियों में पारदर्शिता नहीं है। फ़िर 2024 के आम चुनावों में, अरविंद केजरीवाल, इंडी गठबंधन के प्रबल प्रवक्ताओं में हैं, तथा उनकी ज़मानत कब होगी, यह देखना होगा। यह राजनीतिक पसोपेश हैं, जो जनता के मूल मुद्दों से सम्बंधित नहीं हैं।

# दिल्ली शराब नीति घोटाले का 'सच'

हर राजनीतिक दल को पार्टी चलाने के लिए धन की आवश्यकता होती है। यही औद्योगिक भ्रष्टाचार का मुख्य कारण है। 21 मार्च 2024, को अरविंद केजरीवाल, दिल्ली के मुख्यमंत्री को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया। संजय सिंह को 4 अक्टूबर 2023 व मनीष सिसौदिया को 26 फरवरी 2023 को पहले ही गिरफ्तार किया गया है। 'दिल्ली शराब घोटाला' दिल्ली सरकार से संबंधित एक राजनीतिक घोटाला है, जिसने 2021 से 2022 तक दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति की शुरूआत के माध्यम से अपना मार्ग प्रशस्त किया। यह नीति निजी फर्मों व उद्यमशील कंपनियों को खुदरा शराब क्षेत्रों में ले आई। आरोपों में निजी क्षेत्रों के मालिकों व शेयरधारकों को लाभ पहुंचाने, लाइसेंस शुल्क में छूट, कटौती के साथ नए उद्यमियों को कई लाइसेंस देना शामिल हैं।

दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी द्वारा बनाई गई उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 ने इसे उत्पाद शुल्क व खुदरा शराब क्षेत्र में सुधार के रूप में पेश किया, जिससे राजस्व में 9,500 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। इस नीति को कैबिनेट के मंत्रियों के एक समूह द्वारा तैयार किया गया था। जब अंतिम ड्राफ्ट मंजूरी के लिए, दिल्ली के उपराज्यपाल के सामने लाया गया तो उन्होंने इस शर्त के साथ बिल को मंजूरी दे दी कि गैर-पुष्टि क्षेत्रों में नई शराब की दुकानें केवल दिल्ली नगर निगम की अनुमति से ही खोली जा सकेंगी। नवंबर 2021 में, दिल्ली के एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि 'पहली बार सभी सरकारी स्वामित्व वाली शराब की दुकानें बंद होने जा रही हैं व इसे पूरी तरह से निजी व्यावसायिक खिलाड़ियों को स्थानांतरित कर दिया गया है।' बाद में नई नीति वापस ले ली गई। आखिर क्या है दिल्ली शराब घोटाले की पृष्ठभूमि? दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जिनके पास उत्पाद शुल्क विभाग भी था, दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति (2021-22) लेकर विधानसभा में आए। नीति के अनुसार इस में दिल्ली सरकार के बाहर निकलने व खुदरा एमआरपी शराब क्षेत्रों पर उसकी पकड़ कर ली। विधेयक ने निजी क्षेत्रों और उद्यमों को शराब व्यवसाय के क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए आमंत्रित किया, जिसका उद्देश्य उत्पाद शुल्क विभाग के राजस्व को बड़े प्रतिशत से अधिक बढ़ाना है। इससे नए विक्रेताओं व दुकानों को 'लीवरेज्ड लाइसेंसिंग और अधिकार प्रमाणपत्र' प्रदान किए गए। दिल्ली को 32 क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया, जिसमें 8-10 वार्ड शामिल थे, जिनमें से प्रत्येक में लगभग 27 आउटलेट, वितरण ठेके होंगे। इसका मतलब था कि प्रत्येक नगरपालिका वार्ड में 2-3 शराब विक्रेता कार्यरत हैं। केजरीवाल सरकार ने यह भी कहा कि वे 'शराब माफिया को खत्म कर देगी' व नई दुकानों पर जाने वाले उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाएगी। आउटलेट्स की उपस्थिति के लिए भी दिशा निर्देश जारी किए गए थे। निजी शराब की दुकानों को ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए एमआरपी पर छूट देने की अनुमति दी गई व सुबह 3 बजे तक शराब की डिलीवरी करने का प्रावधान दिया गया। इस बिल को आगे उपराज्यपाल के हस्ताक्षर व अनुमोदन के लिए



भेजा गया, जिसे उप-राज्यपाल ने अनधिकृत क्षेत्रों पर कुछ शर्तों के साथ हस्ताक्षरित कर पारित कर दिया। सच तो यह है कि इससे आम जन अधिक शराब खरीदने लगा। आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। ईडी ने दावा किया है कि के कविता ने शराब घोटाले में लाभ पाने के लिए अरविंद केजरीवाल व मनीष सिसौदिया समेत अन्य शीर्ष नेताओं के साथ मिलकर साजिश रची थी। कविता और कुछ अन्य लोगों पर 'आप' को 100 करोड़ रुपये देने के आरोप हैं।

अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी शिकायतों के एक समूह पर आधारित है, जिनमें से 1 जून 2022, में दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, चौधरी अनिल कुमार द्वारा दिल्ली पुलिस में दायर की गई आपराधिक शिकायत है। सरकार को विपक्षी भाजपा व कांग्रेस से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा, जिसमें कहा गया कि, सरकार ने पैसे के बदले सभी लाइसेंस बेच दिए हैं। ये आरोप लगाये गए कि सरकार ने उत्पाद शुल्क विभाग को पूरी तरह से निजी एजेंसियों को सौंप दिया है। कथित तौर पर शराब लाइसेंस धारकों को उनकी मर्ज़ी के मुताबिक एक्सटेंशन दिया गया। यह आरोप भी लगाया कि नई नीतियां उत्पाद शुल्क नीतियों के विपरीत हैं। विपक्ष ने इसकी जांच के लिए केंद्रीय एजेंसियों से हस्तक्षेप की मांग की। मनीष सिसौदिया ने कहा, 'नई नीति के तहत अनाधिकृत क्षेत्रों सहित 849 नए आउटलेट खोले जाने हैं, जिसे राज्यपाल ने भी मंजूरी दे दी है।' राज्य की विपक्षी भाजपा ने एक स्टिंग ऑपरेशन वीडियो भी जारी किया, जहां एक व्यापारी, एफआईआर में आरोपी सन्नी मारवाह के पिता ने नई नीति के तहत इसे उत्पाद शुल्क बताते हुए धन इकट्ठा किया जाने का धांधली मामला बताया। भाजपा आईटी सेल ने वीडियो जारी किया व अधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी की आवाज़ उठाई कि दिल्ली सरकार में बिचौलियों व माफियाओं का नियंत्रण है। जब यह बात इतनी आगे तक बढ़ गई तो उपराज्यपाल विनय कुमार की एंट्री स्वाभाविक थी। मनीष सिसौदिया ने राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर आरोप लगाया कि उन्होंने 2016 में एक सरकारी खादी निकाय के अध्यक्ष रहते हुए 1,400 करोड़ रुपये के विमुद्रीकृत नोटों का आदान-प्रदान किया था। सक्सेना ने इसे निराधार बताते हुए आपत्ति व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार को इन तुच्छ व्यवहारों व बयानों से दूर रहने की सलाह दी। अब सीबीआई व ईडी की छापेमारी आरंभ हो गई। 20 अगस्त 2022 को सीबीआई ने आरोप निर्धारित करने के लिए डिप्टी सीएम सिसौदिया के आवासों व इस मामले से जुड़े नौकरशाहों पर छापेमारी की। 6 सितंबर 2022 को ईडी ने देशभर में 40 जगहों पर छापेमारी की। इस मामले में अब तक कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

यह सत्य है कि सन्नी मारवाह के बयान पर अरविंद केजरीवाल को ईडी के 9 सम्मन भेजे जाने के बाद, उन्हें गिरफ़्त में लिया है। पहले कांग्रेस, जो आम आदमी पार्टी पर 'भ्रष्टाचारी' होने के आरोप लगा रही थी, अब दिल्ली के चुनावों में, 'आप' की सहयोगी दल है। जिन राज्यों में शराब निषेध का कानून लगाया है वहां राजस्व नुकसान हो कर, निजी हाथों में काला धन जमा होने के प्रमाण है। सच तो यह है कि किसी भी राज्य में सरकारी नीतियों में पारदर्शिता नहीं है। फ़िर 2024 के आम चुनावों में, अरविंद केजरीवाल, इंडी गठबंधन के प्रबल प्रवक्ताओं में हैं, तथा उनकी ज़मानत कब होगी, यह देखना होगा। क्या ऐसा हो सकता है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी उनके लिए जनता में राजनीतिक सहानुभूति उत्पन करे? इसकी उम्मीद कम है। शीघ्र ही दिल्ली में राष्ट्रपति शासन भी लागू किया जा सकता है। यह सब राजनीतिक पसोपेश हैं। देखने वाली बात है कि अरविंद की गिरफतारी का चुनाव पर क्या असर पड़ता है?

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**लोकसभा चुनाव**
चेतनादित्य आलोक




# ठाकरे बनाम ठाकरे की तैयारी

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद महाराष्ट्र के दोनों प्रमुख गठबंधनों राजग और महाविकास आघाड़ी(एमवीए) के बीच राजनीतिक संग्राम दिनोंदिन तेज होता जा रहा है। भाजपा की ओर से चली गई महज एक चाल में ही समस्त विपक्षी पार्टियों के हौसले पस्त प्रतीत होते हैं। दरअसल, भाजपा ने राज ठाकरे नीत महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) से चुनावी तालमेल कर तमाम राजनीतिक समीकरणों को धराशायी कर दिया है। राज ठाकरे के राजग में आ जाने के बाद शिवसेना (यूबीटी) पर महाविकास आघाड़ी की नीतियों और एजेंडे को छोड़ने तथा अपने राजनीतिक एजेंडे में 'हिंदुत्व' एवं' मराठी मानुस' को शामिल करने का दबाव काफी बढ़ गया है, क्योंकि ऐसा नहीं करने पर हिंदुत्व एवं मराठी मानुस के प्रभाव वाली सीटों पर मनसे, शिंदे गुट और राजग के मैदान मार ले जाने की पूरी संभावना है। वास्तव में ये ही वे मुद्दे हैं, जिनको आधार बनाकर शिवसेना दो-फाड़ हुई थी। बहरहाल इसी दबाव के कारण ही महाविकास आघाड़ी के सभी दल 2024 के दंगल में एकला चलो की नीति अपनाने पर मजबूर हुए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले शिवसेना (यूबीटी) का महाविकास आघाड़ी से अलग होना निश्चित ही था, क्योंकि राज ठाकरे के भाजपा के साथ आ जाने से उसकी 'हिंदुत्व' एवं 'मराठी मानुस' वाली राजनीति के समाप्त होने का खतरा मंडराने लगा था। वहीं, दूसरी ओर महाविकास आघाड़ी के इस आंतरिक बिखराव को रोकने के लिए शरद राव पवार की बेटी और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने राज को महाविकास आघाड़ी में आने का न्योता देकर ठाकरे बंधुओं की लड़ाई का लाभ भाजपा को लेने से रोकने की भरपूर कोशिश की, किंतु बात नहीं बन सकी। हालांकि राज को सुप्रिया के बुलावे पर संजय राउत ने तंज कसते हुए सुप्रिया से अवश्य पूछ लिया कि क्या पवार साहब इस बात पर सहमत हैं। तात्पर्य यह कि महाराष्ट्र में अब यह सुनिश्चित हो चुका है कि 2024 के दंगल में 'ठाकरे बनाम ठाकरे' होकर ही रहेगा। शिवसेना के पुराने समर्थकों के एक बड़े समूह का झुकाव तो पहले ही शिंदे के आने से राजग की तरफ हो चुका है, अब राज ठाकरे के आ जाने से भाजपा उद्धव ठाकरे को मिलने वाली सहानभूति वोटों को भी अपनी ओर करने में सफल हो सकती है। ऐसी स्थिति में उद्धव ठाकरे की शिवसेना से शिफ्ट होने वाले मराठी वोटरों के लिए दो ही विकल्प दिखाई देते हैं- या तो वे राज ठाकरे का नेतृत्व स्वीकार कर मनसे के प्रत्याशी को वोट करें अथवा शिवसेना के शिंदे गुट के पाले में शिफ्ट हो जाएं। दोनों ही स्थितियों में राजग को फायदा होगा। राज ठाकरे की आक्रमक छवि का चुनावी लाभ भी भाजपा को मिलने की संभावना है। वहीं, राज ठाकरे को अपने पाले में करके शिवसेना शिंदे गुट की ज्यादा लोकसभा सीटों की मांग वाली 'प्रेशर पॉलिटिक्स' की काट भी भाजपा ने ढूंढ निकाली है। तात्पर्य यह कि एकनाथ शिंदे ने यदि अधिक मोल-भाव किया और भाजपा ने उन्हें गठबंधन से बाहर का रास्ता दिखा दिया तो वे कहीं के नहीं रहेंगे, यह उन्हें भी पता है। राज ठाकरे ने राजग में शामिल होने के बाद लोकसभा की दो सीटें मांगी हैं-दक्षिण मुंबई और शिरडी की। मराठी वोट की प्रखर राजनीति करने के कारण राज ठाकरे को उम्मीद है कि उनकी पार्टी मराठी बहुल दक्षिण मुंबई क्षेत्र में जीत दर्ज कर सकती है और कमोबेश ऐसी ही स्थिति शिरडी लोकसभा क्षेत्र की भी है। फिलहाल दक्षिण मुंबई क्षेत्र से निर्वाचित सांसद अरविंद सावंत हैं, जो शिवसेना (यूबीटी) से आते हैं। पार्टी ने एक बार फिर उन्हें ही इस सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि दक्षिण मुंबई क्षेत्र में चुनाव लड़ाने के लिए भाजपा को भी एक ऐसे नेता की तलाश थी, जो मराठी वोटरों की राजनीति करने के लिए जाना जाता हो, ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) से छीन कर भाजपा वह सीट अपने पाले में कर सके। राज ठाकरे के लिए भी दक्षिण मुंबई और शिरडी की सीटों पर जीत सुनिश्चित करना अब पहले की अपेक्षा आसान हो जाएगा, क्योंकि राजग में आ जाने के बाद राज ठाकरे के सामने केवल शिवसेना (यूबीटी) ही होगी, जबकि भाजपा के साथ तालमेल नहीं होने की स्थिति में उन्हें तिहरा प्रहार झेलना पड़ता-भाजपा और शिवसेना शिंदे गुट वाले राजग गठबंधन का, शिवसेना (यूबीटी) एवं एनसीपी का। संभवतः इस त्रिकोणीय मुकाबले में राज ठाकरे का चुनाव जीत पाना बेहद मुश्किल हो जाता, क्योंकि भाजपा के सहयोगी शिवसेना शिंदे गुट तथा शिवसेना (यूबीटी) के नेता भी हिंदुत्व एवं मराठी वोटरों की राजनीति करने के लिए ही जाने जाते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## योग के सूत्र मानव जीवन का आधार



संकलित
**चिंतन**

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणोता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं।

## कभी पद और धन का घमंड न करें



संकलित
**प्रेरणा**

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है।

## रिमझिम...



**शिमला।** रविवार को शिमला में ओलावृष्टि के दौरान छाते के नीचे लोग टहलते नजर आए।

## आज की पाती

### अभद्र भाषा का प्रयोग क्यों

देश में आम चुनाव का मौसम है। राजनीतिक दल मतदाताओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन कुछ राजनेता अभद्र, बेतुकी बयानबाजी भी इस दौरान करते हैं। हाल ही में कंगना रनौत और ममता बनर्जी के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग हुआ, वो मामला सुर्खियों में है। सुप्रिया श्रीनेतद्वारा कंगना रनौत पर जो भद्दी टिप्पणी का मामला सामने आया है, उसके लिए सुप्रिया श्रीनेत ने स्पष्ट किया है कि यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं कि गई है। उन्होंने कहा कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट को बहुत से लोग प्रयोग करते हैं।

*- शेखर रावत, धमतरी*

## ट्रेंड

### कांग्रेस की गलतियां महंगी पड़ी



कांग्रेस पार्टी की रणनीतिक गलतियां और भूलों की कीमत भारत और भारतीयों को महंगी पड़ी है। कच्चातिवू भारत की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति कांग्रेस के बचकाने दृष्टिकोण का एक और कठोर सत्य है। ऐसी पार्टी को कभी भी भारत के हितों की रक्षा करने का काम नहीं सौंपा जा सकता।

**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

### संसार परिवर्तनशील



यह संसार नश्वर और नित्य परिवर्तनशील है। यहां कुछ भी स्थायी नही है। इस मरणधर्मा संसार की भांति यहाँ के वस्तु पदार्थ भी नाशवान है। इंद्रियां और मन जिन विषयों में आसक्त हैं, वे सभी विषय और उनके रस एक जैसे नहीं है।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### देश को बचाने का चुनाव



मोदी 'मैच फिक्सिंग' से चुनाव जीत कर संविधान बदलना चाहते हैं। वीएम के दम पर 400 पार का नारा लगा रहे हैं। जबकि हकीकत में सब मिला कर भी वह 180 पार करने की हालत में नहीं हैं। यह चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### चरित्र निर्माण पर ध्यान दें




आपका चरित्र वही है जो आप हैं। आपकी प्रतिष्ठा वह है जो दूसरे आपके बारे में सोचते हैं। आप यह नियंत्रित नहीं कर सकते कि दूसरे क्या सोचते हैं। इसलिए अपने चरित्र निर्माण पर ध्यान दें। प्रतिष्ठा मिलेगी।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान के पीएम के रेड कारपेट इस्तेमाल पर रोक


पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में आर्थिक संकट के चलते फिजूलखर्ची को कम करने के प्रयासों के तहत सरकारी कार्यक्रमों में 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है और केवल राजनयिकों के स्वागत कार्यक्रम में ही इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के दौरे के दौरान 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर नाराजगी व्यक्त की। मंत्रिमंडल मामलों के प्रभाग के मुताबिक प्रधानमंत्री के निर्देश पर 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रभाग की अधिसूचना के अनुसार प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि भविष्य में सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और अधिकारियों के लिए 'रेड कारपेट' का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार हालांकि, इसका इस्तेमाल केवल विदेशी राजनयिकों के लिए एक प्रोटोकॉल के रूप में किया जा सकेगा। फिजूलखर्ची को कम करने के प्रयासों के तहत पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री शरीफ और मंत्रिमंडल के सदस्यों ने अपनी इच्छा से वेतन तथा भत्ते नहीं लेने का फैसला किया था।



## ऑफ बीट

# बचा खाना सेवन के लिए सुरक्षित कैसे तय करें

बचे हुए खाने को खाना पैसे बचाने, व्यंजनों में विविधता लाने और भोजन की बर्बादी को कम करने का एक शानदार तरीका हो सकता है। मगर बचा हुआ भोजन खाना जोखिम भरा भी हो सकता है, क्योंकि यह जीवाणु के संपर्क में भी आ जाता है। अगर आपने बचे हुए खाने को सही तरीके से नहीं रखा और सही तरीके से गर्म नहीं किया तो आप विषाक्त भोजन की चपेट में आ सकते हैं, जो जानलेवा भी हो सकता है। इसका मतलब यह नहीं है कि आप बचे हुए भोजन को खाना छोड़ दें। खाने को ठीक रखने के लिए सही तरीकों का पालन कर आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जब आप बचा हुआ भोजन करें तो आप सुरक्षित रहें। बचे हुए भोजन को कितनी जल्दी फ्रिज में रखा जाए? हमारी दुनिया में जीवाणु हर जगह मौजूद हैं, जिनमें रसोई और उनके भीतर रखे खाद्य पदार्थ भी शामिल हैं। भोजन को खराब करने वाले जीवाणु पोषक तत्वों, नमी और तापमान के साथ तेजी से बढ़ सकते हैं। कुछ की संख्या 20 मिनट में दोगुनी हो जाती है। यह अहम है कि बचे हुए खाने को यथाशीघ्र और अधिकतम दो घंटे के अंदर फ्रिज या फ्रीजर में रख देना चाहिए। समय को लेकर दी गई यह सलाह इस बात पर आधारित है कि फ्रिज के बाहर के तापमान पर भोजन में जीवाणु कितनी तेजी से बढ़ सकते हैं।



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।






# रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन की महारैली: 'आप' ने सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी तो कांग्रेस ने खाते फ्रीज करने को बताया 'अलोकतांत्रिक'

रामलीला मैदान में विपक्ष की लोकतंत्र बचाओ रैली आयोजित की गई। रैली को विपक्षी महागठबंधन के कई दिग्गज नेताओं ने संबोधित किया। इस मौके पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सीएम की गिरफ्तारी को अलोकतांत्रिक बताया तो कांग्रेस ने पार्टी के फ्रीज किए गए खातों को लेकर हमला बोला।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज हो चुका है और सभी दल अपने-अपने तरीकों से चुनाव प्रचार के अभियान में लगे हुए हैं। आज रविवार को विपक्षी दलों के आईएनडीआईए अलायंस द्वारा दिल्ली के रामलीला मैदान में एक मेगा रैली का आयोजन किया गया है। इसमें विपक्षी दलों के कई प्रमुख नेता शामिल हुए हैं। विपक्षी गठबंधन ने इस रैली को 'लोकतंत्र बचाओ रैली' नाम दिया है।

इस रैली में अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी शामिल हुई हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। खरगे ने कहा कि राष्ट्रपति भवन में शनिवार को पीएम मोदी से मुलाकात हुई थी। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात हुई और चुनाव पर चर्चा हुई। चुनाव के बारे में पूछने पर मैंने कहा कि यह निष्पक्ष नहीं हो रहा है और हमारी पार्टी के खाते के पैसे पहले ही चोरी हो गए हैं। खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पर 3,567 करोड़ रुपए की पैनेल्टी लगाई गई है। 14 लाख का हिसाब हमने नहीं दिया तो 135 करोड़ पैनेल्टी लगाई। अब वह बढ़कर 3,567 करोड़ रुपए कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई को लोकतंत्र के हित में नहीं कहा जा सकता है। इस मौके पर सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रैली में दिल्ली सीएम का संदेश पढ़ा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को ज्यादा दिन तक जेल में नहीं रखा जा सकता, वह शेर हैं। भाजपा वाले कह रहे हैं केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए,आप बताइए कि क्या केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए? उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने जेल से ही गठबंधन के की तरफ से 6 गारंटी दी है।

- सुनीता केजरीवाल ने सीएम केजरीवाल का पढ़ा संदेश
- कांग्रेस ने इलेक्टोरल बांड की जांच कराने की मांग रखी

## केंद्र की एनडीए सरकार पर जमकर भड़के महागठबंधन के नेता



### अखिलेश ने कहा 4 सौ सीटें एनडीए की जा रहीं है



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि रैली के आयोजन के लिए आप के नेताओं का धन्यवाद। आज हम दिल्ली आए है और दिल्ली वाले बाहर गए हैं। ये समझ लेना हमसब एक साथ आ रहे हैं और दिल्ली वाले हमेशा के लिए बाहर जा रहे हैं। अगर 400 सीट आ रही है तो आप से घबराहट क्यों है, क्यों केजरीवाल और सोरेन को जेल भेजा है। हम अगर आने वाले का स्वागत करते हैं तो धूम-धाम से विदाई भी करते है ,पूरी दुनिया में भारत का नाम खराब किया है।

### प्रियंका गांधी ने रखी ये पांच मांगे

रैली में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सरकार की कई कार्रवाईयों का विरोध करते हुए पांच मांगे रखीं।



प्रियंका ने कहा कि पहली कांग्रेस की पहली मांग चुनाव आयोग को चुनाव के लिए समान अवसर देना सुनिश्चित होना चाहिए। दूसरी मांग करते हुए कहा कि ईडी,सीबीआई और आईटी को विपक्षी नेताओं के खिलाफ दबाव बनाने वाली कार्रवाई पर रोक लगाएं।तीसरी मांग करते हुए प्रियंका ने कहा कि हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को तुरंत छोड़े तथा चौथी मांग ये है कि विपक्षी को आर्थिक रूप से कमजोर करने की कोशिश पर तत्काल रोक लगना चाहिए। उन्होंने पांचवी मांग इलेक्टोरल बांड्स की जांच के लिए एसआईटी गठित मांग की।

### इंसान को इंसान से लड़ाया जा रहा: फारूक अब्दुल्ला



एनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि आज हमारा मकसद सिर्फ एक है कि हम सब संविधान को बचाएं। इंसान को इंसान से लड़ाया जा रहा है। वो सब नेता जिन्हें आज जेल में बंद कर दिया गया है। वे बाहर तभी आ पाएंगे जब आप इस आईन को पकड़ेंगे और चुनाव का समय आएगा आपको वोट देना होगा। आप उस बटन का दबाइएगा जो इस हुकूमत को हराएगा। इंडिया गठबंधन को हम सबको मिलकर मजबूत करना है।

### लोकतंत्र को बचाना हमारी जिम्मेदारी: शरद पवार



एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा, 'इस सरकार (केंद्र सरकार) ने दिल्ली के सीएम, झारखंड के सीएम को गिरफ्तार किया है और विभिन्न राज्यों के कई अन्य नेताओं को भी जेल में डाल दिया है।

### हुकूमत वो करते हैं जिनका दिलों पर राज होता: भगवंत मान



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा, 'देश का लोकतंत्र खतरे में है। ये देश किसी के बाप की जागीर नहीं है। ये 140 करोड़ लोगों का देश है। ये (भाजपा) क्या समझते हैं, इसको भी अंदर खत्म कर दो, उसको भी अंदर कर दो, ये नेता फ्रीज कर दो, क्या आप ऐसे जीत जाएंगे? हुकूमत वो करते हैं जिनका दिलों पर राज होता है, यूं कहने पर तो मुर्गों के सिर पर ताज होता है।

### ये ऊर्जा लोकतंत्र को जीत दिलाएगी: सीताराम येचुरी



माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा, 'भारत की राजनीति में एक नई ऊर्जा आज पैदा हुई है जो यहां मौजूद है। ये ऊर्जा भारत के संविधान और लोकतंत्र को जीत दिलाएगी और तानाशाही की ताकतों को हरवाएगा।' सीपीआई के महासचिव डी. राजा ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आप सभी के साथ मिलकर भारत, संविधान और लोकतंत्र को बचाने और भाजपा को हराने के लिए हमारे साझा संकल्प की घोषणा करती है।

### देश में मिली-जुली सरकार की जरूरत: उद्धव ठाकरे



दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई विपक्षी गठबंधन की रैली में शिवसेना यूबीटी के चीफ उद्धव ठाकरे गठबंधन सरकार पर जोर दिया है। उन्होंने कहा है कि एक व्यक्ति और पार्टी की सरकार नहीं चल सकती है। मिली जुली सरकार हमें बनानी ही पड़ेगी। उन्होंने कहा कि पूरा देश कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल के साथ है। भाजपा को लग रहा होगा कि अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने से लोग डर जाएंगे लेकिन उन्होंने अपने देशवासियों को कभी पहचाना नहीं।

### भगवान राम के आदर्शों से सीख लेनी चाहिए: कल्पना



हम आदिवासियों की कहानी लंबी लड़ाई की कहानी है। लोकतंत्र को खत्म करने के लिए कोशिश की गई है, उसको समाप्त करने के आप लोग आए है। आज संविधान की गारंटी को खत्म किया जा रहा है। इनकी गारंटी की गारंटी कौन लेगा। देश मे कोई नेता बड़ा नहीं हो सकता। देश की जनता सबसे बड़ी होती है। अपना देश बचाना है तो इंडिया गठबंधन का साथ देना होगा। कल्पना ने कहा कि आज से ठीक 2 महीने पहले हेमंत जी को गिरफ्तार किया गया था और केजरीवाल जी को 10 दिन पहले बिना सबूत के। आज हम सबको भगवान राम के आदर्शों से सीख लेनी चाहिए। झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया झुकेगा नहीं।

### देश बहुत मुश्किल हालात से गुजर रहा: महबूबा



पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि देश बहुत मुश्किल हालात से गुजर रहा है। ऐसा हाल है, ना कोई वकील, ना कोई दलील, ना कोई कार्रवाई, सीधा जेल। शायद कलयुग का अमृतकाल इसी को कहते हैं कि आप बिना कुछ पूछे लोगों को जेल में डाल देते हैं... मैं आपके चुने हुए नुमाइंदों की बात कर रही हूं जिन्हें आप वोट देकर विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, मंत्री बनाते हैं। कैसे उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर बिना कोई वकालत और कार्रवाई के जेल में डाला जाता है।

### मनोज तिवारी बोले
## कांग्रेस नेता अंदर ही अंदर हंस रहे होंगे



महागठबंधन की रैली को लेकर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों का एक बड़ा गिरोह रामलीला मैदान में खड़ा होकर अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रो रहा होगा। ये नजारा उसी जगह पर हुआ जहां कभी अरविंद केजरीवाल ने खड़े होकर इन सभी लोगों को भ्रष्टाचारी कहा था और इनकी गिरफ्तारी की मांग की थी। कांग्रेस और अन्य पार्टियों के वरिष्ठ नेता अंदर ही अंदर मुस्कुरा रहे होंगे। वहां खड़ा गैंग यही सोच रहा होगा अरविंद केजरीवाल के साथ जो कुछ भी हो रहा है वह बिल्कुल सही है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि रैली करने पर कोई रोक नहीं है। लेकिन सभा कौन कर रहा है? जो लोग भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं, जो जनता का पैसा लूटने के आरोप में जेल में हैं। ईमानदारी का चोला पहनकर नई तरह की राजनीति करने की बात कहने वाले अब जेल से सरकार चलाने की बात कर रहे हैं। सुना है कि लालू यादव के नक्शे कदम पर चलते हुए केजरीवाल अपनी पत्नी को सीएम बनाना चाहते हैं। ऐसे लोग पीएम मोदी की ईमानदार सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

### ये नेता शामिल हुए

रामलीला मैदान की रैली में सोनिया गांधी (कांग्रेस), एम खड़गे (कांग्रेस), राहुल गांधी (कांग्रेस), शरद पवार (एनसीपी), उद्धव ठाकरे (यूबीटी), आदित्य ठाकरे (यूबीटी), अखिलेश यादव (सपा)तेजस्वी यादव (राजद), डेरेक ओ ब्रायन (टीएमसी), टी शिवा (डीएमके), फारूक अब्दुल्ला (नेकां), चंपई सोरेन (झामुमो), कल्पना सोरेन (झामुमो), सीताराम येचुरी (सीपीएम), डी राजा (सीपीआई), दीपंकर भट्टाचार्य (सीपीआई-एमएल), जी देवराजन (फॉरवर्ड ब्लॉक) शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर यौन उत्पीड़न का आरोप



**कोलकाता।** विश्वभारती यूनिवर्सिटी की तीन छात्राओं ने एक गेस्ट प्रोफेसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इनका आरोप है कि इस प्रोफेसर ने सेमेस्टर परीक्षा में पास कराने के बदले में शारीरिक संबंध बनाने की मांग की। यूनिवर्सिटी के फारसी, उर्दू और इस्लामिक स्टडी डिपार्टमेंट में पढ़ने वाली तीनों स्टूडेंट्स ने आरोप लगाया कि उन्हें वॉट्सएप पर अश्लील मैसेज भी भेजे।

### अब 5 अप्रैल तक कर सकते है पंजीकरण



**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने अंडरग्रेजुएट कोर्सेज सीयूईटी यूजी के लिए, पंजीकरण करने की तारीख आगे बढ़ा दी है। अब आवेदन करने की अंतिम तिथि 05 अप्रैल निर्धारित है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सके है। सीयूईटी आवेदन पत्र भरते समय, उम्मीदवारों को अपना व्यक्तिगत और शैक्षिक विवरण भरना होगा।

### दो तस्करों के दो मंजिला मकान किए गए कुर्क



**जम्मू।** पुलिस ने नशा के खिलाफ जारी लड़ाई में कड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तरी कश्मीर के बारामुला व दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में दो नशा तस्करों को दो मंजिला मकान कुर्क कर लिए। आरोप है कि यह संपत्तियां नशे के कारोबार से कमाए गए धन से जुटाई गई थीं। बारामुला के उड़ी सेक्टर में पुलिस ने कुख्यात नशा तस्कर आजाद अहमद मीर के दो मंजिला मकान पर कार्रवाई की है।

### यूसीसी पर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने दी सलाह

## बदरुद्दीन अजमल को चुनाव से पहले शादी कर लेनी चाहिए

बदरुद्दीन असम के धुबरी 3 बार के सांसद है चौथी बार लड़ रहे हैं

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे राजनीतिक माहौल में गर्मी बढ़ती जा रही है। एआईयूडीएफ के धुबरी सांसद बदरुद्दीन अजमल पर हिमंत बिस्वा सरमा तीखा कटाक्ष किया है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत ने कहा कि अगर वह दोबारा शादी करना चाहते हैं, तो उन्हें लोकसभा चुनाव से पहले ऐसा करना चाहिए. क्योंकि असम सरकार बाद में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लाएगी।उदलगुरी में एक चुनावी बैठक के मौके पर, असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी कानून बहुविवाह को गैरकानूनी घोषित कर देगा और अगर बदरुद्दीन 'फिर से शादी करते हैं' तो उन्हें जेल होगी। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा 'चुनाव के बाद, यूसीसी लागू हो जाएगा और अगर वह दोबारा शादी करेंगे तो उन्हें जेल हो जाएगी, क्योंकि सभी के लिए एक से अधिक शादियां अवैध घोषित कर दी जाएंगी।

### असम यूसीसी लागू करने वाला तीसरा राज्य होगा

#### सरमा ने भरोसा दिलाया कि शादी में बुलाएंगे तो जरूरी जाऊंगा




मालूम हो कि हिमंत बिस्वा सरमा असम में समान नागरिक कानून का वादा कर रहे हैं, जो विवाह, तलाक, रखरखाव, विरासत, गोद लेने और संपत्ति के उत्तराधिकार को नियंत्रित करने वाले धार्मिक व्यक्तिगत कानूनों की जगह लेगा। भाजपा नेता ने कहा कि अगर अजमल उन्हें अपनी शादी में बुलाएंगे तो मैं भी इसमें शामिल होऊंगा लेकिन चुनाव के बाद वह ऐसा नहीं कर सकते, क्योंकि कानून सभी के लिए समान होगा। गौरतलब है कि असम सरकार ने पिछले महीने असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को निरस्त करने की मंजूरी दे दी। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा था कि उत्तराखंड और गुजरात के बाद असम यूसीसी लागू करने वाला तीसरा राज्य होगा। बदरुद्दीन असम के धुबरी निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार सांसद हैं ।

### एआईएमआईएम के साथ यूपी में चुनाव लड़ेंगी पल्लवी पटेल



सपा के साथ सीटों पर हुई असहमति के बाद अपना दल कमेरावादी आने वाले लोकसभा चुनाव में एआईएमआईएम के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। खबरें भी आईं थी कि पल्लवी पटेल की मायावती के साथ बातचीत चल रही है और वह बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी। पर ऐसा नहीं हुआ। इस गठबंधन की औपचारिक घोषणा जल्द होगी। इस गठबंधन के द्वारा यूपी की दो दर्जन से अधिक सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी की जा रही है। तीन दिन पहले पल्लवी पटेल ने हैदराबाद में ओवैसी से मुलाकात की थी।

### बिहार में कांग्रेस को बड़ा झटका, नाराज अनिल शर्मा ने दिया इस्तीफा



बिहार में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। लोकसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में हुई सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। लोकसभा चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष अपने-अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर रहे हैं। बिहार में महागठबंधन ने भी अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया है, जिसे लेकर राजद और कांग्रेस में खींचतान सामने आ रही है। एक तरफ जहां पूर्णिया सीट को लेकर राजद और कांग्रेस में मनमुटाव सामने आ रही हैं।

### गठबंधन से अलग हुए स्वामी प्रसाद मौर्य अकेले लड़ेंगे चुनाव



सपा से बगावत करने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य की बात इंडी गठबंधन से भी नहीं बनी। अंततः स्वामी ने अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इतना ही नहीं उन्होंने दो सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है।स्वामी प्रसाद मौर्य ने जिन दो सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की हैं उनमें उत्तर प्रदेश की कुशीनगर और देवरिया लोकसभा सीट शामिल हैं। कुशीनगर सीट से खुद स्वामी प्रसाद चुनाव मैदान में उतरेंगे।वहीं देवरिया लोकसभा सीट से एसएन चौहान को उम्मीदवार बनाया है।राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य से साफ कर दिया है कि इंडिया गठबंधन से राह अलग हो चुकी है। खबर है कि मौर्यसूबे की पांच सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और जल्द ही उम्मीदवारों के नाम का ऐलान भी करेंगे।अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने लिखा है कि राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के गठन दिनांक 22 फ़रवरी से लेकर आज तक निरंतर इंडिया गठबंधन को जिताने और मजबूत बनाने का प्रयास करता चला आ रहा हूं। इसी क्रम में देशवासियों से हमने अपील भी किया कि संविधान बचाओ-भाजपा हटाओ, लोकतंत्र बचाओ-भाजपा हटाओ, देश बचाओ-भाजपा हटाओ.' स्वामी प्रसाद कुशीनगर जिले की पडरौना विधानसभा सीट से लगातार तीन बार विधायक रहे हैं।

### टीएमसी के पूर्व सांसद पर बड़ा एक्शन

## विमान-फ्लैट समेत 3 राज्यों से कई संपत्तियां की जब्त

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

लोकसभा चुनाव से पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का धड़ाधड़ एक्शन जारी है।

केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद के.डी. सिंह की चिटफंड कंपनी अल्केमिस्ट समूह के खिलाफ एक्शन लिया है। कंपनी के एक विमान और हिमाचल प्रदेश, हरियाणा एवं मध्य प्रदेश में 29 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति तथा फ्लैट जब्त किए हैं। एजेंसी ने शनिवार (30 मार्च) को यह जानकारी दी।

### कंपनी पर यह लगा भ्रष्टाचार का आरोप

यह जांच सीबीआई, उत्तर प्रदेश पुलिस और पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज की गई कई प्राथमिकियों से संबंधित है। इसमें आरोप है कि चिटफंड समूह ने अलकेमिस्ट होल्डिंग्स लिमिटेड और अलकेमिस्ट टाउनशिप इंडिया लिमिटेड जैसी अपनी कंपनियों के जरिये आम लोगों से 1,800 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जुटाई। आरोप है कि निवेशकों को उनके निवेश पर अत्यधिक रकम वापस देने के अलावा फ्लैट और भूखंड आदि देने का 'झूठा वादा' किया गया था। ईडी ने एक बयान में कहा कि संपत्तियों को पीएमएलए के तहत कुर्क किया गया है और इनमें एक विमान भी शामिल है।

### आज से कई बदलाव, जेब पर पड़ेगा सीधा असर

## नए वित्त वर्ष में पैन को आधार से लिंक कराना होगा जरूरी, एनपीएस लॉगिन का बदल जाएगा सिस्टम!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत 1 अप्रैल से हो गई। नए फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत के साथ ही कई ऐसे पैसों से जुड़े नियम हैं, जो बदल जाएंगे। पहली अप्रैल से एसबीआई बैंक के डेबिट कार्ड का चार्ज बढ़ जाएगा। एलपीजी सिलेंडर गैस की कीमतें तय होंगी और एनपीएस में लॉगिन का तरीका बदल जाएगा। सरकार ने पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करना अनिवार्य कर दिया गया है। पैन को आधार से लिंक करने की डेडलाइन 31 मार्च 2024 है। अगर आपने इस डेडलाइन तक पैन को आधार कार्ड से लिंक नहीं किया गया तो आपका पैन नंबर डीएक्टिवेट हो जाएगा। आप जुर्माना देकर इसे लिंक कर सकते हैं।



### टैक्स का नया सिस्टम

नए वित्त वर्ष से न्यू टैक्स रिजीम डिफॉल्ट टैक्स रिजीम बन जाएगी। अगर कोई व्यक्ति किसी भी टैक्स रिजीम का चुनाव नहीं करता है तो उसका आईटीआर नए टैक्स रिजीम के तहत ही भरा जाएगा।

### बिना केवाईसी फास्टैग निष्क्रिय

नए वित्तीय वर्ष से बिना केवाईसी किए गए फास्टैग को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। 1 अप्रैल से पहले फास्टैग में केवाईसी अपडेट करना अनिवार्य हो गया है।

### एनपीएस के लिए यह जरूरी

एनपीएस खाते के लॉगिन के नियमों में बदलाव होने जा रहा है। एनपीएस खाते में आधार-बेस्ड ऑथेंटिकेशन को अनिवार्य कर दिया है। ऐसे में अब एनपीएस खाते में लॉग इन करने के लिए आईडी पासवर्ड के साथ ही आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी को भी दर्ज करना होगा।

### डेबिट कार्ड की फीस बढ़ी

एसबीआई ने डेबिट कार्ड की सालाना मेंटेनेंस फीस बढ़ा दी है। नए नियम कल से लागू हो जाएंगे। एसबीआई क्रेडिट कार्ड से रेंट पेमेंट पर मिलने वाले रिवार्ड प्वाइंट को भी बंद किया जा रहा है।

### नौकरी बदलते ही ट्रांसफर हो जाएगा पीएफ खाता

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में 1 अप्रैल से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। नए वित्त वर्ष में अगर कोई कर्मचारी नौकरी बदलता है तो ऐसे में उसका पीएफ खाता अब खुद ब खुद नए नियोक्ता के पास ट्रांसफर हो जाएगा। पहले सब्सक्राइबर्स की रिक्वेस्ट पर ही इसे ट्रांसफर किया जाता था।

## महिला खिलाड़ियों को थप्पड़ मारने वाले को जमानत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को गोवा पुलिस ने दो महिला खिलाड़ियों के कथित शारीरिक उत्पीड़न के मामले में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

खाड़ एफसी की टीम में शामिल पलक वर्मा और रितिका ठाकुर ने एआईएफएफ में आधिकारिक शिकायत दर्ज की है। दीपक शर्मा हिमाचल प्रदेश फुटबॉल संघ के महासचिव भी हैं। हालांकि उनको इस मामले में कोर्ट से जमानत मिल गई है। जानकारी के मुताबिक दोनों खिलाड़ियों ने उस रात का पूरा वाकया बताया। शिकायत में लिखा, 'हमें खाना नहीं मिला था तो हम अंडे उबाल रहे थे।

**थर-थर कांपेंगे दुश्मन**

# सेना की पश्चिमी कमान ने किया आकाश मिसाइल का सफल परीक्षण, उड़ेगी चीन और पाकिस्तान की नींद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना की पश्चिमी कमान ने रविवार 31 मार्च को सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। यह भारत के रक्षा बलों के ताकत को बढ़ाने और परिचालन का आकलन करने के लिए नियमित अभ्यास के हिस्से के रूप में किया गया, जो सुरक्षा की दृष्टि से मील का पत्थर साबित हुआ है। सेना ने मिसाइल परीक्षण का एक वीडियो भी जारी किया है। इस परीक्षण के बाद जाहिर तौर पर चीन और पाकिस्तान की नींद उड़ने वाली है। आकाश मिसाइल प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है।

*भारतीय सेना ने कम दूरी की जमीन से हवा में मारने में सक्षम आकाश मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। पूर्णतः स्वदेशी रूप से विकसित आकाश मिसाइल प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने बनाया है। आकाश को कई तरह के मोबाइल प्लेटफॉर्म से लॉन्च किया जा सकता है।*




- युद्धक टैंक और ट्रकों से भी लॉन्च होगा
- 90 प्रतिशत तक सटीक मारक क्षमता
- ऑटोमेटिक मोड में काम करने में सक्षम
- आईजीएमडीपी के तहत विकसित

### आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ा कदम

*आत्मनिर्भर भारत पहल को बढ़ावा देने के लिए आकाश मिसाइल प्रणाली को डीआरडीओ द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया था। गौरतलब है कि आकाश मिसाइल को इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम (आईजीएमडीपी) के तहत विकसित किया गया था, जिसमें नाग, अग्नि और त्रिशूल मिसाइल और पृथ्वी बैलिस्टिक मिसाइल का विकास भी शामिल था। आकाश मिसाइल प्रणाली को भारत की ताकत से जोड़कर देखा जा रहा है।*

### जमीन से हवा में मार करने में सक्षम

*आकाश कम दूरी वाली जमीन से हवा में मारने वाली मिसाइल है। आकाश मिसाइल भारत की आत्मनिर्भरता की अहम कड़ी है। ये ताकतवर कम दूरी वाली मिसाइल है जो करीब 25 किमी तक जमीन से हवा में मार करने में सक्षम है। आकाश 90 प्रतिशत एक्यूरेसी के साथ लक्ष्य को मारता है। आकाश को कई तरह के मोबाइल प्लेटफॉर्म से लॉन्च किया जा सकता है। इसे युद्धक टैंक और ट्रकों से भी लॉन्च किया जा सकता है।*

### कई हवाई लक्ष्यों को साधने में सक्षम

आकाश मिसाइल सतह से हवा में मार करने वाली प्रणाली पूरी तरह से स्वायत्त मोड में काम करते हुए कई हवाई लक्ष्यों को साध सकती है। प्रणाली में एक लॉन्चर, एक मिसाइल, एक नियंत्रण केंद्र, एक बहुक्रियाशील अग्नि नियंत्रण रडार, एक प्रणाली हथियार और विस्फोट तंत्र, एक डिजिटल ऑटोपायलट, सी4आई (कमांड, नियंत्रण संचार और खुफिया) केंद्र और सहायक जमीनी उपकरण शामिल हैं।

---

## खबर संक्षेप

### पीएम ने ईस्टर पर शुभकामनाएं दीं



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि नवीनीकरण एवं आशावाद का संदेश हर जगह गूंजेगा। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि यह दिन हम सभी को एकजुट होने, एकता और शांति को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करे। सभी को ईस्टर की शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि ईस्टर पर हम आशा करते हैं कि नवीनीकरण और आशावाद का संदेश हर जगह गूंजेगा।

### पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश, 7 की मौत



**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बीते 24 घंटे के दौरान मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि के कारण कुछ घर गिरने से पांच बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के बड़े हिस्से में भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई। कबायली जिले बजौर में बारिश के कारण एक घर ढह जाने से तीन बच्चों समेत पांच लोग मलबे में दफन हो गए।

### सीरिया में बम विस्फोट दो बच्चों समेत 3 की मौत



**बेरूत।** उत्तरी सीरिया में तुर्किये स्थित सीरियाई विरोधी लड़ाकों के कब्जे वाले एक शहर के भीड़भाड़ वाले बाजार में शनिवार देर रात हुए कार बम विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। बचावकर्मियों और युद्ध निगरानी संस्था ने यह जानकारी दी। अलेप्पो प्रांत के अजीज शहर में बम विस्फोट हुआ। सीरियन सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने बताया कि मध्यरात्रि के बाद हुए विस्फोट में दो बच्चों और एक महिला की मौत हो गई।

---

### कंबोडिया में साइबर फ्रॉड बनाए गए 250 भारतीय देश लौटे

# फेक फेसबुक प्रोफाइल बनाकर इनसे भारत में कराई थी 500 करोड़ की ठगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*नौकरी की तलाश में कंबोडिया गए करीब 5000 भारतीयों को वहां साइबर गुलाम बना कर रखा गया है। इन लोगों को भारत के ही नागरिकों के साथ साइबर फ्रॉड करने के लिए मजबूर किया जाता था। इनमें से करीब 250 लोगों को बचाकर वापस भारत लाया गया।*

कंबोडिया में फंसे 250 भारतीयों को देश वापस लाया गया है। इनमें से 75 लोगों को पिछले 3 महीनों में बचाया गया। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जैसवाल ने दी। रणधीर जैसवाल ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि इन भारतीयों को नौकरी का लालच देकर कंबोडिया ले जाया गया था। इसके बाद वहां इनसे साइबर फ्रॉड से जुड़े काम करवाए गए।

करीब 5 हजार भारतीय अब भी कंबोडिया में फंसे हुए हैं। इन्हें वापस लाने की कोशिशें जारी है। भारतीयों को जबरदस्ती कंबोडिया में रखा गया है। इन लोगों को भारत के ही नागरिकों के साथ साइबर फ्रॉड करने के लिए मजबूर किया जाता था। सरकार का अनुमान है कि धोखेबाजों ने पिछले छह महीनों में भारत में लोगों से कथित तौर पर 500 करोड़ रुपए की ठगी की है।

**खास बातें**

- कंबोडिया के अधिकारी और भारतीय राजदूत भारतीयों की कर रहे मदद
- जिम्मेदार लोगों पर होगी कड़ी कार्रवाई



नौकरी की लालच में 5 हजार भारतीय कंबोडिया में फंसे

### कंबोडिया सरकार मदद कर रही

*जैसवाल ने कहा कि कंबोडिया में भारतीय दूतावास सक्रिय रूप से भारतीयों की मदद कर रहा है। कंबोडिया के अधिकारियों के साथ मिलकर दूतावास ने 250 भारतीय नागरिकों को बचाया और वापस भारत भेजा। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को ऐसी धोखाधड़ी वाली योजनाओं से बचने के लिए चेतावनी जारी की है। जैसवाल ने कहा कि हम कंबोडिया में उन सभी भारतीयों की मदद करने के लिए तैयार हैं जो हमारा साथ चाहते हैं। हम इन फर्जी योजनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने के लिए कंबोडिया के अधिकारियों और भारत में सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।*

### वापस आए भारतीय एफआईआर दर्ज नहीं करवा रहे

कंबोडिया में भारतीय दूतावास के सचिव अवारन अब्राहम ने कहा कि उन्हें कंबोडिया के अलग-अलग हिस्सों से हर रोज भारतीयों की तरफ से की गई चार से पांच शिकायतें मिलती हैं। ये वापस भारत भेजे जाने और जबरदस्ती फ्रॉड से जुड़ी गतिविधियां करवाए जाने की शिकायत करते हैं। जैसे ही शिकायत मिलती है पुलिस को सूचित किया जाता है। अब्राहम ने कहा कि हालांकि, इस पूरे मामले में एक परेशानी है। जब फंसे हुए भारतीयों को बचाकर भारत वापस लाया जाता है, तो वे एफआईआर दर्ज नहीं कराते। जब एफआईआर नहीं होगी, तब तक पुलिस उस गैंग को पकड़ने में कामयाब नहीं होगी जो नौकरी के झूठे वादे भारतीयों को कंबोडिया भेज रहे हैं।

### भारतीयों से कराई जा रही साइबर गुलामी

जानकारी के मुताबिक कंबोडिया में साइबर ठग बनाए गए भारतीय ईडी और दूसरे कस्टम अधिकारी बनकर भारत में फोन करते थे। ये लोगों को कहते थे कि उनके भेजे गए पार्सल में संदिग्ध सामान मिला है। अगर वो पुलिस कार्रवाई से बचना चाहते हैं तो पैसे भेज दें। विदेश मंत्रालय के मुताबिक इस तरह ठगी कराकर कंबोडिया में भारतीयों से साइबर गुलामी कराई जा रही है।

### नौकरी दिलाने के बहाने टूरिस्ट वीजा पर ले जाते हैं

*कंबोडिया से बचाकर लाए गए एक शख्स ने बताया कि मंगलुरु के एक एजेंट ने उसे कंबोडिया में डेटा एंट्री की नौकरी ऑफर की। उसके बाद दो और लोगों को कंबोडिया ले जाया गया। उसने बताया कि उन्हें टूरिस्ट वीजा पर ले जाया गया। कंबोडिया पहुंचने पर उन्हें एक ऑफिस में ले जाया गया। यहां उनकी टाइप करने की स्पीड का टेस्ट हुआ और इंटरव्यू लिया गया। हालांकि, इस वक्त तक भी उन्हें नहीं मालूम था कि उनसे क्या कराया जाएगा। ऑफिस जॉइन करने के बाद उन्हें पता चला कि उनका काम फेसबुक पर उन लोगों के बारे में पता करना है जिनके साथ आसानी से ठगी हो सके। लोगों को फंसाने के लिए उनसे महिलाओं के नाम पर फेसबुक आईडी बनवाई जाती थी। उनसे ये सारा काम चीन की एक टीम कराती थी। एक मलेशिया का व्यक्ति उनके निर्देशों को इंग्लिश में ट्रांसलेट करता था।*

---

### दक्षिणी कमान के लेफ्टिनेंट जनरल बोले

# सेना का ध्यान स्वदेशीकरण और तकनीक अपनाने पर



एजेंसी ▶▶ पुणे

दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह ने कहा कि सेना की दक्षिण कमान स्वदेशीकरण, तकनीक को अपनाने और परिचालन क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। अजय सिंह ने 2024 के दौरान परिवर्तनकारी बदलाव के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए कमान की प्रतिबद्धता के बारे में बात की। सेना 2024 को 'प्रौद्योगिकी अवशोषण के वर्ष' के रूप में मना रही है।

सिंह ने कहा कि यह थीम परिवर्तनकारी बदलाव के साथ ही हमारी परिचालन और साजोसामन संबंधी आवश्यकताओं के नवोन्मेषी समाधान के लिए घरेलू विशेषज्ञता का इस्तेमाल करने के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। बता दें, एक अप्रैल को अपना 130वां स्थापना दिवस मना रही दक्षिणी कमान भारतीय सेना की सबसे पुरानी और बड़ी कमान है।

### हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन स्थापित हुआ

*सिंह ने बताया कि दक्षिण कमान क्षेत्र में इस साल 15 मार्च को पहली मध्यम लिफ्ट अटैक हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन की स्थापना की गई। यह स्क्वाड्रन बोइंग के आधुनिक अपाचे एएच 64ई हेलीकॉप्टर से लैस होगी। उन्होंने कहा कि देश में आने वाले महीनों में दो चरणों में छह अनुबंधित हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना 100 से अधिक देशों के साथ संयुक्त प्रशिक्षण दे रही है और इसमें 25 से अधिक देशों में द्विपक्षीय संयुक्त अभ्यास, 70 देशों के 3,000 से अधिक सैन्य कर्मियों का प्रशिक्षण और दुनियाभर में 16 प्रशिक्षण दलों का प्रबंधन शामिल है।*

### आत्मनिर्भर होने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान

सिंह ने कहा कि दक्षिणी कमान ने रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भर होने के भारत के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भौगोलिक रूप से देश के उद्योग केंद्रों के साथ स्थित होने और बड़ी संख्या में फील्ड फायरिंग रेंज (एफएफआर) होने के कारण, दक्षिणी कमान विभिन्न हथियार, महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों और परिष्कृत गोला-बारूद के परीक्षणों के लिए परीक्षण केंद्र के रूप में कार्य करती है। दक्षिण कमान ने हाल ही में दो प्रमुख संयुक्त अभ्यास 'अभ्यास भारत शक्ति' और 'अभ्यास त्रिशक्ति प्रहार' किया। अभ्यास भारत शक्ति को पीएम नरेंद्र मोदी ने भी देखा।

---

### आर्थिक संकट में फंसा पाकिस्तान

## पीएम ने सरकारी कार्यक्रमों में 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में आर्थिक संकट के चलते फिजूलखर्ची को कम करने के प्रयासों के तहत सरकारी कार्यक्रमों में 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है और केवल राजनयिकों के स्वागत कार्यक्रम में ही इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के दौरे के दौरान 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर नाराजगी व्यक्त की। पीएम के निर्देश पर 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। पीएम ने निर्देश दिया है कि भविष्य में सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और अधिकारियों के लिए 'रेड कारपेट' का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। इसका इस्तेमाल केवल विदेशी राजनयिकों के लिए एक प्रोटोकॉल के रूप में किया जा सकेगा।

### मध्य गाजा में इजराइली एयरस्ट्राइक

## 2 फिलिस्तीनी पत्रकारों की मौत हॉस्पिटल के पास टेंट पर हमला

एजेंसी ▶▶ यरुशलेम

इजराइली सेना ने मध्य गाजा में बड़ी एयरस्ट्राइक की है। इससे लोगों के बीच अफरातफरी मच गई। सूचना के अनुसार ये हमला मध्य गाजा में दीर अल-बलाह स्थि अल-अक्शा हॉस्पिटल के पास एक टेंट पर हुआ।

इसमें 2 फिलिस्तीनी पत्रकार मारे गए। कई अन्य घायल भी हुए हैं। मरने वालों का आंकड़ा अभी बढ़ सकता है। सोशल मीडिया पर यह घटना तेजी से वायरल हुई। बता दें कि इजराइली सेना हमास आतंकियों की ओर से 7 अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के बाद लगातार गाजा पर पलटवार कर रही है।



### गाजा में अब तक 32 हजार से ज्यादा मौतें


*हमास के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार गाजा की एयरस्ट्राइक और जमीनी ऑपरेशन में अब तक 32 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इजराइली सेना लगातार गाजा के विभिन्न भागों पर हमले कर रही है।*

### आयकर सीबीआई की जांच में बड़ा खुलासा

## गोवा में 'आप' ने 'रिश्वत' में मिली राशि का किया इस्तेमाल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई और आयकर विभाग ने भी अलग-अलग जांच में ईडी के दावे की 'पुष्टि' की है कि दिल्ली आबकारी मामले में 45 करोड़ रुपए की कथित रिश्वत का इस्तेमाल आम आदमी पार्टी ने 2022 के गोवा चुनाव प्रचार के लिए किया। अदालत में दाखिल दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। इस मामले में ईडी हवाला ऑपरेटर और अंगड़िया के एक विस्तृत नेटवर्क की भी जांच कर रही है। ईडी ने सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।




### अब तक 16 गिरफ्तार

ईडी द्वारा इस मामले में गिरफ्तार किए गए 16 प्रमुख लोगों में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और विधान पार्षद के. कविता, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह शामिल हैं।

### ईडी का ऐसा दावा

ईडी ने दावा किया है कि 45 करोड़ रुपए की राशि धन शोधन रोधी कानून के तहत 'अपराध से अर्जित आय' है। यह नेताओं और शराब कारोबारियों के 'साउथ ग्रुप' द्वारा आप को दी गई 100 करोड़ रुपए की रिश्वत राशि का हिस्सा है। दिल्ली शराब बाजार में प्रमुख स्थान हासिल करने के लिए यह रकम दी गई।

### 'आप' का आरोपों से इंकार

आप ने किसी भी गड़बड़ी के आरोपों से बार-बार इंकार किया है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा अपने पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास कर रही है। तेदेपा के मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी, बेटे राघव मगुंटा और अरबिंदो फार्मा के शरत रेड्डी के बयान केजरीवाल को फंसाने तथा चुनावों में उनको रोकने के लिए बदल दिए गए।

---

### समंदर के किनारे पति संग घूम रही थी तभी मिला 'खजाना'


# दंपती को खुदाई में मिले पुराने जीवाश्म के दांत

**18 लाख साल पहले धरती पर रहा करते थे 'मैमथ'**

एजेंसी ▶▶ लंदन

दुनिया में कई लाख साल पहले विशालकाय जानवर रहा करते थे। इसमें डायनासोर के बारे में सभी को मालूम है, लेकिन बेहद ही कम लोग इस बात को भी जानते हैं कि पहले धरती पर विशालकाय हाथियों का भी बसेरा था। इन्हें मैमथ कहा जाता था। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में आज भी इनके अवशेष मिल जाते हैं। ऐसा ही कुछ इंग्लैंड में भी खोजा गया है। एक महिला ने समुद्र तट पर घूमते हुए अजीब सी चीज दिखने पर खुदाई की तो उसे मैमथ मिला। इंग्लैंड के एक्सेक्स में रहने वाली 56 साल की क्रिस बीन समुद्र तट पर घूम रही थीं, तभी उन्हें रेत और बजरी के बीच एक चीज नजर आई। जब उन्होंने थोड़ी खुदाई की तो उन्हें लाखों साल पहले रहने वाले मैमथ के अवशेष मिले।





### खोज के बाद नहीं हो रहा था भरोसा

महिला ने कहा कि मैं इतने उत्साह में थी कि मुझे विश्वास ही नहीं हो रहा था। उन्होंने कहा कि जब हम इसे खोद रहे थे तो मुझे उम्मीद थी कि यह एक विशाल दांत होगा लेकिन मैं अपने पति से बार-बार यही कह रही थी कि यह नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि जब उसके पति ने उस चीज को हाथ में पकड़ा तो खुशी के मारे जोर-जोर से हंसने लगे। पति-पत्नी ने कहा इसे खोजना किसी खजाने को पाने से कम नहीं था।

### एक दांत का वजन 2 किलोग्राम

रिपोर्ट के मुताबिक, मैमथ के जिस दांत की खोज की गई है, वो 6.5 से 7 इंच लंबा और चौड़ा है। इसका वजन लगभग 2 किलोग्राम है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि जब एक दांत इतना भारी है, तो ये जानवर कितना विशालकाय रहा होगा। मैमथ धरती पर 18 लाख साल पहले रहा करते थे। उनकी बनावट बिल्कुल हाथियों की तरह होती थी, मगर शरीर के ऊपर ठंड से बचाने के लिए मोटी खाली मौजूद थी।

### समुद्र से बाहर आया मैमथ का दांत


क्रिस बीन ने कहा कि वह अपने पति के साथ समुद्र तट पर घूमने गई थी। जब मैंने और मेरे पति ने मिलकर खुदाई की तो हमें पता चला कि ये जीवाश्म दांत है। क्रिस ने बताया कि उत्तरी एक्सेक्स के समुद्र तट इस तरह की चीजों की खोज के लिए प्रसिद्ध हैं। मगर मैं फिर भी खुद पर विश्वास नहीं कर पा रही थी और खुदाई के वक्त उम्मीद कर रही थी कि ये मैमथ का ही दांत हो।

### राष्ट्रपति पुतिन का दावा

## आतंकी हमले के बाद से अब तक 134 की मौत, 551 लोग हुए घायल

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

22 मार्च को मॉस्को शहर के क्रोकस सिटी कॉन्सर्ट हॉल में घुसे आतंकियों ने गोलीबारी और विस्फोट किया। इस आतंकी हमले में 144 लोग मारे गए थे। इनमें से 134 लोगों की पहचान कर ली गई है, बाकी बचे शवों का आनुवांशिक परीक्षण जारी है। इस हमले में 551 लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी मामले में जांच कर रही समिति के प्रेस कार्यालय टीएएसएस द्वारा दी गई है। टीएएसएस की रिपोर्ट के अनुसार रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बताया कि क्रोकस सिटी हॉल पर घातक



आतंकवादी हमले के बाद से पुतिन बेहद परेशान हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी त्रासदियों को देखकर राष्ट्रपति का दिल दुखता है।

**शवों का परीक्षण जारी:** जांच समिति का कहना है कि सभी लोग दिन रात एक कर काम कर रहे हैं। इस जघन्य अपराध से जुड़ी परिस्थितियों के बारे में जानकारी इकट्ठा की जा रही है।




हरिभूमि
भोपाल, सोमवार
1 अप्रैल 2024
haribhoomi.com

# बोपन्ना सबसे उम्रदराज एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन, मियामी ओपन जीत बने वर्ल्ड नंबर-1

एजेंसी ▶▶| मियामी

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने सबसे उम्रदराज एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने के अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए आस्ट्रेलिया के जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन के साथ यहां मियामी ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता।

इस साल अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 44 साल बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने शुरुआती सेट में पिछड़ने के बाद शनिवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी पर 6-7(3), 6-3, 10-6 से रोमांचक जीत हासिल की। इस जीत के साथ बोपन्ना ने पिछले साल बनाए अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने बीते साल 43 बरस की उम्र में इंडियन वेल्स खिताब जीता था। उन्होंने इसके साथ ही युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान भी हासिल किया।

- इबडेन के साथ जीता पुरुष युगल का खिताब
- डोडिग-ऑस्टिन को 6-7(3), 6-3, 10-6 से हराया

### 26वां युगल खिताब

यह बोपन्ना का 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था। इस अनुभवी भारतीय खिलाड़ी का यह 63वां एटीपी टूर स्तर का फाइनल और 26वां युगल खिताब था। बोपन्ना ने इस दौरान एक और उपलब्धि हासिल की। वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए।



*'यह आश्चर्यजनक है। हम इन बड़े आयोजनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, हम इसी के लिए खेलते हैं। मैं मास्टर्स 1000 और ग्रैंड स्लैम में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। उस रिकॉर्ड को बरकरार रखना और बाकी सभी को कड़ी टक्कर देना अच्छा है।'*

*- रोहन बोपन्ना*

### 26वां युगल खिताब

*यह बोपन्ना का 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था। इस अनुभवी भारतीय खिलाड़ी का यह 63वां एटीपी टूर स्तर का फाइनल और 26वां युगल खिताब था। बोपन्ना ने इस दौरान एक और उपलब्धि हासिल की। वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए।*

## छठी बार जीता एटीपी मास्टर्स

बोपन्ना ने छठी बार एटीपी मास्टर्स जीता है। बोपन्ना ने साल 2011 में पहली बार पाकिस्तान के एसम-उ-हक- कुरेशी के साथ जीता था। इसके बाद से बोपन्ना ने साल 2012 पेरिस, 2015 मैड्रिड, 2017 मोन्टे कार्लो और साल 2023 में इंडियन वेल्स मास्टर्स जीता था। एटीपी मास्टर्स नौ टेनिस टूर्नामिंट्स की एक सीरीज है। ग्रैंड स्लैम जीतने पर 2000 पॉइंट मिलते है, वहीं, मास्टर्स जीतने पर 1000 पॉइंट्स एड होते हैं।



### दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन

रोहन बोपन्ना ने इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन का टाइटल जीता था। 43 साल के बोपन्ना अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू इबडेन के साथ साल के पहले ग्रैंड स्लैम की मेंस डबल में चैंपियन बने। इसी के साथ बोपन्ना ने पहला मेंस डबल्स ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता और ओपन एरा में ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने थे। इससे पहले उन्होंने 2017 में कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ फ्रेंच ओपन में मिक्स्ड डबल्स खिताब जीता था।

---

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| चेन्नई | 2 | 2 | 0 | 4 |
| कोलकाता | 2 | 2 | 0 | 4 |
| राजस्थान | 2 | 2 | 0 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 3 | 1 | 2 | 2 |
| दिल्ली | 2 | 0 | 2 | 0 |
| मुंबई | 2 | 0 | 2 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
181 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
06 विकेट
चेन्नई

### बाउंड्री मीटर

342 चौके
228 छक्के

### तीन मैचों में दो जीत से चौथे स्थान पर टाइटंस

# गुजरात ने हैदराबाद को 7 विकेट से रौंदा, मोहित बने मैच के हीरो

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद


गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से शिकस्त दी। मोहित शर्मा ने डैथ ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि अफगानिस्तान के स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जिसके दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। टाइटंस ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 168 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

डेविड मिलर ने मांसपेशियों में खिंचाव के बावजूद 44 रन की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने बी साई सुदर्शन (45 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी और फिर विजय शंकर (नाबाद 14 रन) के साथ 18 गेंद में 30 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य के पार पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (13 गेंद में 25 रन) और शुभमन गिल (28 गेंद में 36 रन) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया।



### एक भी फिफ्टी नहीं बनने से मिली हार

गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली हार के बाद कप्तान पैट कमिंस ने कहा, /"अच्छा क्रिकेट मैच रहा। अंत में काफी टाइट मुकाबला रहा। शायद हमको 10 से 15 रन और बनाने चाहिए थे। मुझे लगता है कि गुजरात के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की। हमारी ओर से कोई भी बल्लेबाज फिफ्टी नहीं लगा सका। हमको आज लगा कि पिच थोड़ा स्लो खेलेगी और ऑफ कटर्स असरदार रहेगी। हमारे पास 8 बॉलिंग ऑप्शन भी मौजूद थे। हालांकि, मेरे हिसाब से पिच दोनों ही पारियों में एक जैसा खेली। पिछले कुछ मैचों में बल्लेबाजों का प्रदर्शन दमदार रहा था, लेकिन आज वह उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके।



### राशिद गुजरात के बेस्ट गेंदबाज

राशिद खान गुजरात टाइटंस के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। राशिद के खाते में 49 विकेट हो गए हैं। उन्होंने मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने गुजरात के लिए 48 विकेट चटकाए थे। अहमदाबाद के मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ राशिद ने चार ओवर में 33 रन देकर एक विकेट हासिल किया। राशिद ने 14वें ओवर में हेनरिक क्लासेन को बोल्ड किया। राशिद खान ने मैच में शानदार फील्डिंग भी की। उमेश यादव की गेंद पर एडन मार्करम का राशिद खान ने शानदार डाइव लगाकर कैच लपका।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मयंक का दर्शन बो अजमतुल्लाह | 16 | 14 | 3 | 0 |
| ट्रेविस हेड बो नूर अहमद | 19 | 17 | 2 | 0 |
| अभिषेक का गिल बो मोहित | 29 | 20 | 2 | 2 |
| मार्कराम का राशिद बो उमेश | 17 | 19 | 0 | 0 |
| हेनरिच क्लासेन बो राशिद | 24 | 13 | 1 | 2 |
| अहमद का तेवतिया बो मोहित | 22 | 20 | 1 | 1 |
| अब्दुल समद रन आउट | 29 | 14 | 3 | 1 |
| सुंदर का राशिद बो मोहित | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 162/8
गेंदबाजी : उमरजई 3-0-24-1, उमेश यादव 3-0-28-1, राशिद 4-0-33-1, अहमद 4-0-32-1, मोहित 4-0-25-3, दर्शन 2-0-18-0.

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहा का कमिंस बो शाहबाज | 25 | 13 | 1 | 2 |
| गिल का समद बो मार्कंडेय | 36 | 28 | 2 | 1 |
| सुदर्शन का अभिषेक बो कमिंस | 45 | 36 | 4 | 1 |
| डेविड मिलर नाबाद | 44 | 27 | 4 | 2 |
| विजय शंकर नाबाद | 14 | 11 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 19.1 ओवर में 168/3
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-27-0, शाहबाज 2-0-20-1, उनादकट 3.1-0-33-0, वाशिंगटन 3-0-27-0, मार्कंडेय 3-0-33-1, कमिंस 4-0-28-1.


खास खबर

## दिल्ली की पहली जीत, चेन्नई की पहली हार



**विशाखापट्टनम।** कप्तान ऋषभ पंत (51 रन) ने अर्धशतक जड़कर लय हासिल की। पिछले दो मैच गंवाने वाली दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को 20 रन से हराकर इस सत्र में अपना खाता खोल लिया। दिल्ली के लिए डेविड वार्नर (52 रन) और पृथ्वी शॉ (43 रन) ने पहले विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। कैपिटल्स ने पांच विकेट पर 191 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके छह विकेट पर 171 रन ही बना सकी। यह सीएसके की इस सत्र में तीन मैच में पहली हार है। वॉर्नर ने आईपीएल करियर का 62वां अर्धशतक लगाया। वहीं, वॉर्नर टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 50+ का स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने क्रिस गेल की बराबरी की। वॉर्नर और गेल दोनों ने टी20 में 110-110 बार 50+ का स्कोर किया है। वहीं, विराट कोहली 101 50+ के स्कोर के साथ दूसरे नंबर पर हैं। पृथ्वी का कैच धोनी के टी20 कॅरियर का बतौर विकेटकीपर 300वां शिकार रहा। वह इस मुकाम को हासिल करने

## ब्रेंटफोर्ड ने यूनाइटेड को बराबरी पर रोका



**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में शनिवार को यहां ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ बढ़त लेने के बाद जीत दर्ज करने में नाकाम रही। दोनों टीमों ने मैच के स्टॉपेज समय में गोल किया। मैसन माउंट (90+6 मिनट) के गोल से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बढ़त बनाई। टीम जीत की ओवर बढ़ रही थी लेकिन इसके तीन मिनट बाद ही क्रिस्टोफर अजेर के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर हो गया। मैनचेस्टर यूनाइटेड 29 मैचों में 48 अंक के साथ तालिका में छठे पायदान पर है जबकि ब्रेंटफोर्ड 30 मैच में 27 अंक के साथ 15वें स्थान पर है।

### खबर संक्षेप



### पीसीबी ने बाबर को बनाया टी20 और वनडे का कप्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को टी20 विश्व कप से दो महीने पहले रविवार को फिर से सफेद गेंद प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया गया। बाबर टी20 कप्तान के रूप में तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की जगह लेंगे, जिन्होंने जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में 1-4 की हार में पाकिस्तान का नेतृत्व किया था। यह निर्णय पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की चयन समिति की सर्वसम्मत सिफारिश के बाद लिया गया। पीसीबी ने कहा, 'पीसीबी की चयन समिति की सर्वसम्मत सिफारिश के बाद बोर्ड अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बाबर आजम को पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के सफेद गेंद प्रारूप (वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय) कप्तान नियुक्त किया है।' पीसीबी प्रमुख नकवी के साथ लाहौर में हाल ही में एक बैठक के दौरान, बाबर ने कथित तौर पर अपने कार्यकाल को लेकर आश्वासन के साथ टेस्ट टीम का कप्तान भी नियुक्त करने की मांग की थी।

### भारत में मुझे अभी तक नहीं हुई कोई समस्या

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन की पूर्व सहयोगी यानेक शॉपमैन ने भले ही हॉकी इंडिया पर भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया हो लेकिन उन्हें इस तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा है और उन्हें हर तरफ से पूरा सहयोग मिल रहा है।



शॉपमैन भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच थीं जबकि फुल्टोन पुरुष टीम के मुख्य कोच हैं। शॉपमैन ने फरवरी में इस पद से इस्तीफा दे दिया था। फुल्टोन ने कहा, 'मुझे अब तक कोई समस्या नहीं हुई है। मुझे अच्छा समर्थन मिला है। मेरे चयन में स्पष्टता है। मुझे सीनियर खिलाड़ियों का पूरा समर्थन मिला है।

## हार्दिक-सलीमा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी अशोक को पिता के नाम का ध्यानचंद अवार्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह और डिफेंडर सलीमा टेटे को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया जबकि मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

पिछले साल एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीतने वाले हार्दिक ने पुरस्कार की दौड़ में पी आर श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पछाड़ा। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे 25 वर्ष के हार्दिक सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। झारखंड के सिमडेगा जिले की टेटे टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम का हिस्सा थी। उन्होंने पुरस्कार की दौड़ में अपनी कप्तान और एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर का पुरस्कार जीतने वाली सविता पूनिया को पछाड़ा। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कार के तौर पर 25 लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र दिया गया।





### अवार्ड विजेता खिलाड़ी

| खिलाड़ी | अवार्ड |
|---|---|
| हार्दिक सिंह | सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी |
| हार्दिक सिंह | सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर |
| सलीमा टेटे | सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी |
| पी आर श्रीजेश | सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर |
| हरमनप्रीत सिंह | सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर |
| अभिषेक | सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड |
| अशोक कुमार | लाइफटाइम अचीवमेंट |

### अलग-अलग विदेशी कोच नियुक्त करेगा पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने लाल गेंद और सफेद गेंद प्रारूपों के लिए अलग-अलग विदेशी कोच नियुक्त करने का फैसला किया है और सूत्रों के अनुसार इसमें ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी और पूर्व दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को संभावित उम्मीदवारों के रूप में शामिल किया गया है। पीसीबी ने शनिवार को आधिकारिक तौर पर लाल गेंद और सफेद गेंद कोच के पदों के लिए विज्ञापन जारी किया। इच्छुक उम्मीदवार (विदेशी और स्थानीय) 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं और उनके पास न्यूनतम लेवल दो कोचिंग की पात्रता होने के अलावा घरेलू, अंतरराष्ट्रीय या फ्रेंचाइजी टीम को कोचिंग देने का कम से कम पांच साल का अनुभव होना चाहिए। इसमें कहा गया है कि उच्च स्तर की कोचिंग पात्रता वाले उम्मीदवारों को नियुक्तियों में प्राथमिकता दी जाएगी।

## श्रीलंका ने बिना शतक के बनाया टेस्ट क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर

### 531 रन बनाकर भारत का 48 साल पुराना 524/9 का रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी ▶▶| चट्टोग्राम

बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट मैच चट्टोग्राम के मैदान पर खेला जा रहा है। रविवार को श्रीलंका ने पहली पारी में सभी विकेट खोकर 531 रन बनाए। श्रीलंकाई टीम की तरफ से पहली पारी में किसी भी प्लेयर ने शतक नहीं जड़ा। श्रीलंकाई टीम ने इस मैच में टेस्ट का हाईएस्ट स्कोर बनाया और भारत का 48 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त किया।

भारत ने 1976 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 524/9 का स्कोर बनाया था, जिसे अब श्रीलंका ने तोड़ दिया। ऐसे में श्रीलंकाई टीम के किसी बैटर ने पहली पारी में शतक नहीं जमाया और बिना सेंचुरी के श्रीलंका ने टेस्ट का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। दरअसल, बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंकाई टीम ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 531 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से सबसे ज्यादा रन विकेटकीपर बल्लेबाज कुशल मेंडिस ने बनाए। उन्होंने 150 गेंदों में 11 चौके और 1 छक्के की मदद से 93 रन बनाए। कामिंदु मेंडिस 92 रन की नाबाद पारी खेलकर लौटे। उन्होंने 167 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्के लगाए। दिमुथ करुणारत्ने के बल्ले से 86 और कप्तान धनजंय ने 70 रन बनाए। दिनेश ने 59 और निशान ने 57 रन का योगदान दिया।



### पंड्या की अगुवाई में शुरुआती दो मैचों में मिली हार

# मुंबई को राजस्थान के खिलाफ वापसी का भरोसा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हार्दिक पंड्या की अगुवाई में शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम लय में चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी तो हार के सिलसिले को खत्म करना चाहेगी। मुंबई को आईपीएल में अपनी धीमी शुरुआत के लिए जाना जाता है और पंड्या के कप्तान बनने के बाद भी इस में कोई बदलाव नहीं आया है।

मुंबई इंडियंस को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तान बनाए जाने का फैसला प्रशंसकों को नागवार गुजरा और इस हरफनमौला खिलाड़ी को शुरुआती मैचों में दर्शकों की हूटिंग का भी सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस को पंड्या की पूर्व टीम गुजरात टाइटंस ने सत्र के पहले मैच में छह रन से हराया जबकि हैदराबाद में बड़े स्कोर के रिकॉर्ड वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 32 रन से शिकस्त दी।



इन दो हार के बाद टीम अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें पायदान पर है। यह हालांकि आईपीएल के 17 वें सत्र का शुरुआती चरण है लेकिन मुंबई की टीम हार के सिलसिले को खत्म करने के साथ अपने नेट रन रेट (-0.925) को भी सुधारना चाहेगी। मुंबई को अपने अनुभवी खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव की कमी खल रही है जो चोट से उबर रहे है।

### रॉयल्स का शानदार प्रदर्शन

*दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मैचों में मुंबई की टीम चार जीत दर्ज करने में सफल रही है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स ने इस सत्र में अब तक कमाल का प्रदर्शन किया है। टीम ने अपने दोनों मैच जीते है और इस दौरान उसके ज्यादातर खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। सैमसन आईपीएल के शुरुआती चरण में बेहतरीन लय में है बेहद प्रतिभाशाली यशस्वी जायसवाल इस सत्र अपना पहला बड़ा स्कोर बनाने के लिए उत्सुक होंगे।*


## विश्व कप में वापसी करेंगी चानू ओलंपिक कोटा होगा पक्का

एजेंसी ▶▶| फुकेट



टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू छह महीने चोट के कारण ब्रेक के बाद आईडब्लूएफ विश्व कप के जरिए वापसी करेंगी ताकि पेरिस ओलंपिक का टिकट कटा सके। विश्व कप आखिरी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट ही नहीं है बल्कि पेरिस खेलों के लिए अनिवार्य भी है।

विश्व कप में उनकी भागीदारी ही पेरिस का टिकट कटाने के लिए काफी होगी क्योंकि पूर्व विश्व चैंपियन महिलाओं की 49 किलो ओलंपिक क्वालीफिकेशन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। ओलंपिक 2024 क्वालीफिकेशन नियमों के तहत विश्व चैंपियनशिप 2023 और विश्व कप 2024 में भाग लेना अनिवार्य है। इन दोनों टूर्नामेंटों के अलावा भारोत्तोलक को 2022 विश्व चैंपियनशिप, 2023 उपमहाद्वीपीय चैंपियनशिप, 2023 ग्रां प्री वन, 2023 ग्रां प्री टू और 2024 उपमहाद्वीपीय चैंपियनशिप में से कम से कम तीन में भाग लेना जरूरी है।



# मंकी मैन की रिलीज डेट पर लटकी तलवार

**मुंबई।** देव पटेल की मच अवेटेट फिल्म 'मंकी मैन' रिलीज को पूरी तरह से तैयार है। अमेरिका और अन्य प्रमुख देशों में यह फिल्म 5 अप्रैल को रिलीज होगी, जबकि भारत में इसे 19 अप्रैल को रिलीज होना था। लेकिन अब भारतीय ऑडियंस को फिल्म देखने के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ेगा। यूनिवर्सल पिक्चर्स इंडिया के लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट में 'मंकी मैन' की रिलीज डेट को बदल दिया गया है और लिखा है कि फिल्म जल्द ही रिलीज होगी, लिखा हुआ है। इसके बाद से अटकलें लगाई जा रही हैं कि फिल्म का 19 अप्रैल को भारत में रिलीज नहीं हो पाएगी।

लाइफ Style



# कृति

## विद्या संग काम करने की चाह

अभिनेत्री कृति सेनन लगभग दो महीने के अंतराल में बैक-टू-बैक रिलीज़ के साथ आगे बढ़ रही हैं। क्रू में करीना कपूर और तब्बू के साथ काम करने के बाद, कृति ने अब बहुमुखी विद्या बालन के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है। मीडिया से बातचीत के दौरान कृति ने कहा, मुझे विद्या बालन के साथ काम करना अच्छा लगेगा। मुझे लगता है कि वह ऐसी शख्स हैं, जिनकी मैं वास्तव में प्रशंसा करती हूं, उनके व्यक्तित्व और अभिनेता के लिए। इसलिए उम्मीद है कि कोई तो स्क्रिप्ट लिखेगा।

मुंबई। कृति ने काजोल संग स्क्रीन शेयर पर कहा, दिलवाले में हमारे बहुत कम दृश्य थे। इसलिए मैंने सोचा कि यह एक उचित फिल्म थी, जिसमें मैंने उनके साथ काम किया। दो पत्ती में हमारे बहुत इंटेंस सीन हैं। मुझे उनके साथ काम करके बहुत मजा आया और मुझे लगता है कि वह हमारे अब तक के सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक है। मुझे उनके साथ काम करना और भी ज्यादा पसंद है क्योंकि वह हमेशा सीन के लिए कुछ न कुछ लेकर आती हैं। वह मुझसे यह भी कहती थी मुझे लगता है कि तुम्हें यहीं ऐसा करना चाहिए और शायद अगर आप इस तरह व्यवहार करते हैं, तो यह बेहतर हो सकता है। वहीं कृति ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अभिनेत्री 'क्रू' पर दर्शकों का रिएक्शन जानने थिएटर पहुंचती है और उनसे खूब सारी बातें भी करती नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं इस दौरान कृति को दर्शकों के बीच एक पायलेट भी मिलते हैं, जिससे अभिनेत्री मस्ती-मजाक में मांफी भी मांगती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के कैप्शन में लिखा- वे हंसे, मैं मुस्कुराया! यह प्यार मेरे पूरे क्रू के लिए है!! देवियों!! उड़ान भरी हुई है और यह प्यार और हंसी से भरी है।

हॉलीवुड मसाला



# अब ओटीटी पर धूम मचाएगी मैडम वेब

मुंबई। मार्वल की फिल्म मैडम वेब ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी स्पेस में भी कदम रख दिया है। प्राइम वीडियो ने जानकारी दी कि फिल्म प्लेटफॉर्म पर आ गई है, लेकिन ग्राहकों के लिए अभी फ्री नहीं है। मैडम वेब को प्राइम स्टोर में जोड़ा गया है, जिसका मतलब है कि ग्राहकों को इसे देखने के लिए पैसे खर्च करने होंगे। फिल्म में फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे फेम डकोटा जॉनसन मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म प्राइम वीडियो स्टोर पर 13 भाषाओं में उपलब्ध है, जबकि इसे 14 भाषाओं में सबटाइटल के साथ देखा जा सकता है।



# मैदान का वीडियो जारी अजय का अनोखा अंदाज

मुंबई। अजय देवगन की अगली मूवी 'मैदान' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है, जो कुछ ही दिनों में रिलीज होने के लिए तैयार है। मैदान एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें अभिनेता सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अब हाल ही में अजय ने फिल्म की रिलीज से पहले अपनी भूमिका की एक झलक दिखाते हुए एक वीडियो शेयर किया है। अभिनेता अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उनकी एंट्री दिखाई गई है। साथ ही वह अपने खिलाड़ियों से बात करते भी नजर आ रहे हैं। अभिनेता कहते हुए सुनाई देते हैं कि सोच एक, समझ एक, दिल एक, दिमाग एक, इसलिए आज मैदान में उतरना 11, लेकिन दिखना सिर्फ एक। मैदान 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# ब्रेकअप के बाद सुसाइड करना चाहती थीं रवीना?

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन अक्सर बहुत ही बेबाकी से अपने राय रखने के लिए जानी जाती हैं। वो अक्सर अपने पर्सनल लाइफ से जुड़े मुद्दों पर खुलकर बात करती नजर आती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार से ब्रेकअप के बाद सुसाइड की खबरों को लेकर जवाब देती नजर आई हैं। रवीना से जब इंटरव्यू में सुसाइड करने के रूमर्स से जुड़ा सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि एक मैगजीन ने स्टोरी कर दी थी, जिसमें कहा गया था कि सगाई टूटने के बाद उन्होंने सुसाइड करने की कोशिश की थी। रवीना ने इस स्टोरी को क्लियर करते हुए बताया कि ऐसा कुछ नहीं था, वो अस्पताल में थीं, क्योंकि वो बीमार थीं। असलियत में वो मेनिनजाइटिस से पीड़ित थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि इस बात को साबित करने के लिए उनके पास अस्पताल के सभी रिपोर्ट्स हैं। वो इतनी कमजोर नहीं कि जीवन की एक सिचुएशन से परेशान होकर आत्महत्या करने की सोचें।



# विजय ने किया फ्यूचर प्लांस का खुलासा

**मुंबई।** पॉपुलर साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना अक्सर अपने डेटिंग रूमर्स को लेकर चर्चा में रहते हैं। ऐसे में अक्सर उनसे सवाल किया जाता है कि आखिर दोनों कब शादी कर रहे हैं। आखिरकार एक्टर ने अपने फ्यूचर प्लांस का खुलासा किया है। विजय देवरकोंडा इन दिनों मृणाल ठाकुर के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म फैमिली स्टार के प्रमोशन को लेकर व्यस्त हैं। फिल्म प्रमोशन के इवेंट में जब एक्टर से उनके शादी करने के प्लान्स के बारे में पूछा तो एक्टर ने कहा कि वो जल्द शादी कर के पिता बनना चाहते हैं। विजय ने सिर्फ अपनी ख्वाहिश के बारे में ही नहीं बताया, उन्होंने ये भी कहा कि वो लव मैरिज ही करेंगे। ये कहकर देवरकोंडा ने अपने और रश्मिका के रिलेशनशिप रूमर्स पर मोहर लगाई है। एक्टर ने इतना तक कह दिया कि वो अपनी गर्लफ्रेंड से तभी शादी करेंगे, जब उनके माता-पिता इस रिश्ते के लिए तैयार हो जाएंगे।

# आलिया ने वंचित बच्चों के लिए जुटाया फंड



**मुंबई** । एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने लंदन में चल रहे चैरिटी इवेंट होप गाला को होस्ट किया। उन्होंने इस इवेंट में भारत में वंचित बच्चों के लिए काम करने वाले सलाम बॉम्बे फाउंडेशन की मदद करने के लिए फंड जुटाया। आलिया ने कहा, मुझे इन बच्चों की कहानियों को नया आकार देने में मदद करने में एक छोटी सी भूमिका निभाकर खुशी हुई है। आज हमारे प्रयासों की शुरुआत है और लोगों के समर्थन से मुझे विश्वास है कि हम आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति करेंगे। आलिया ने कहा, सलाम बॉम्बे फाउंडेशन और मंदारिन ओरिएंटल होटल ग्रुप के सहयोग से चैरिटी इवेंट को होस्ट करना मेरे लिए खास एक्सपीरियंस रहा है। मैं लंबे समय से भारत की मलिन बस्तियों में युवाओं के उत्थान, आशा और अवसर प्रदान करने के लिए पद्मिनी सेखसरिया के अटूट समर्पण की प्रशंसा करती रही हूं।



# पांच भाषाओं में प्रदर्शित होगी रामचरण की गेम चेंजर

**मुंबई।** आरआरआर के बाद रामचरण की अगली फिल्म गेम चेंजर है, जिसे निर्देशक शंकर ने निर्देशित किया है। रामचरण की 'गेम चेंजर' बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की शूटिंग पिछले तीन साल से हो रही है और प्रशंसक तंग आ चुके हैं, क्योंकि उन्हें अभी तक रिलीज डेट का पता नहीं चल पाया है। फिल्म के प्रोड्यूसर दिल राजू का कहना है कि फिल्म की रिलीज डेट लगभग लॉक हो चुकी है। हाल ही में एक प्रेस मीट में बात करते हुए दिल राजू ने पुष्टि की कि गेम चेंजर पांच भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन एस. शंकर कर रहे हैं।



# प्रियंका और परिणीति के रिश्ते में आई खटास?

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती और पति निक जोनस के साथ इंडिया आई थीं। भले अब एक्ट्रेस वापस अपने ससुराल चली गई हैं, लेकिन उनके इस दौरे के बाद से परिणीति चोपड़ा संग उनके रिश्ते में खटास की खबरों को हवा मिल गई है। ना तो प्रियंका अपनी बहन परिणीति की शादी में शामिल हुई थीं, ना ही वो अब शादी के बाद उनसे मिलीं। जब एक्ट्रेस ने इस बार अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त अपने परिवार के साथ बिताया। मगर फिर भी दोनों बहनों ने भारत में होने बावजूद एक-दूसरे से मिलने की कोशिश नहीं की। ऐसे में नेटिजन्स के मन में यह सवाल खड़े हो रहे हैं।



# आदुजीविथम-द गोट लाइफ का कलेक्शन 50 करोड़ के पार

**मुंबई।** साउथ स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कहर बरपा रही है। देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मलयालम भाषा में बनी इस फिल्म का डंका बज रहा है। तीन दिनों में 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' ने देशभर में 20 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है। पृथ्वीराज सुकुमारन ने 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की जानकारी दी है, जिसके मुताबिक, फिल्म ने तीन दिनों में दुनियाभर में 50 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। रिपोर्ट के मुताबिक आदुजीविथम-द गोट लाइफ ने तीन दिन में हिंदी सहित सभी भाषाओं में 7.75 करोड़ की कमाई की है।

## बच्चे की मौत का रहा गम, अमिताभ ने जिसे माना गॉडफादर

# ऐसा था जलवा, हीरो से ज्यादा फीस लेते थे महमूद

मुंबई। कॉमेडियन का नाम आता है तो जेहन में महमूद का नाम सबसे पहले आता है। उनकी एक्टिंग का कोई जवाब नहीं था, हर कोई उनकी बेमिसाल अदाकारी का दीवाना था। एक कॉमेडियन का किरदार निभाने वाले एक्टर के नाम से ही फिल्में हिट हो जाया करती थीं। यही वो वजह थी, जिसकी वजह से वो हीरो से भी ज्यादा फीस वसूलते थे। कहा जाता है कि सदी के महानायक अमिताभ बच्चन उन्हें अपना गॉडफादर मानते थे, क्योंकि उन्होंने अभिनेता की उनके करियर में काफी मदद की थी।



### पोलियो ग्रस्त बेटे का था गम

कम ही लोगों को पता होगा कि महमूद के 8 बच्चों में से एक को पोलियो था। फिल्म कुंवारा बाप में अभिनेता ने एक गरीब रिक्शेवाले का किरदार अदा किया था, जिसके बेटे को पोलियो होता है। इसमें उनके बेटे का किरदार उनके असली बेटे ने निभाया था। अपने बेटे के इलाज के लिए एक पिता सब कुछ करता है लेकिन अंत में हार ही हाथ लगती है और वो अपना बेटा खो देता है। ये फिल्म देखने वालों की आंखों में आंसू आ गए थे, और मूवी ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई, जिसने कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।



### कॉमेडियन, जो देता था सुपरस्टार्स को टक्कर

महमूद मूवी में है या नहीं। उनके नाम से ही मूवी हिट हो जाती थी। फिल्मों के पोस्टर में अभिनेता के होने से उसकी वैल्यू और भी ज्यादा बढ़ जाती थी। अभिनेता हीरो से ज्यादा फीस वसूलते थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म 'किस्मत' के बाद महमूद ने एक्टिंग छोड़ दी थी। अपने परिवार की आर्थिक तंगी को देखते हुए एक्टर ने कई छोटे-मोटे काम करने शुरू कर दिए। दो वक्त की रोटी खाने के लिए उन्होंने निर्देशक राजकुमार संतोषी के पिता पीएल संतोषी की गाड़ी चलाई और एक ड्राइवर बन गए। यही नहीं घर चलाने के लिए उन्होंने अंडे भी बेचे और टैक्सी भी चलाई।

### 40 साल के करियर में की 300 से अधिक फिल्में

महमूद का पूरा नाम महमूद अली था, जिनका जन्म सितंबर 1932 में हुआ था। एक्टर ने मीना कुमारी की छोटी बहन से शादी की थी, हालांकि उन्होंने दो शादी की थी, दूसरी बीवी का नाम ट्रेसी अली था। अभिनेता के टोटल 8 बच्चे थे। अपने 40 साल के फिल्मी करियर में उन्होंने 300 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया। अपने फिल्मी करियर की शुरुआत उन्होंने साल 1943 में आई फिल्म बॉम्बे टॉकीज़ से की थी, जिसमें वो बच्चे ही थे। भारत के राष्ट्रीय हास्य अभिनेता के रूप में इस महान अभिनेता को जाना जाता था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930